✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात




बिहार संग्रहालय बिएनाले-2025 के प्रतीक चिन्ह का अनावरण करते नीतीश कुमार


✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 73 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


# पांच दशक तक विश्वसनीय सेवा देने के बाद विदा ले रही निबंधित डाक सेवा

## अलविदा 'रजिस्टर्ड पोस्ट'-एक युग की खामोश विदाई | 1 सितंबर 2025 से भारतीय डाक में बड़ा बदलाव

डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** 50 वर्षों से भी ज़्यादा समय तक एक ख़ामोश मगर भरोसेमंद साथी के रूप में काम करने के बाद रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा एक सितंबर 2025 से भारतीय डाक सेवा से सेवानिवृत हो रहा है। रजिस्टर्ड डाक सेवा का नाम जेहन में आते ही वो लिफाफा स्मरण में अपने आप आ जाता है जो हल्की सी थाप के साथ दरवाज़े पर दस्तक देता था। वो पोस्टमैन जिसकी साइकिल की घंटी सुनकर सबका दिल धड़कता था, कि शायद आज कोई चिट्ठी, कोई पोस्टकार्ड, या शायद मनी ऑर्डर आया हो। अब वही रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा, 1 सितंबर 2025 से बंद होने जा रही है। भारतीय डाक ने अब इसे स्पीड पोस्ट में समाहित करने का फैसला किया है। देखा जाए तो एक युगांतरकारी घटना है यह जहां एक युग ख़त्म होगा और एक नया दौर शुरू होगा। भारतीय डाक सेवा के स्वर्णिम अतीत को याद करते हुए हुलासगंज प्रखंड के बैंगनी गांव के डॉ. के. के. नारायण बताते हैं कि कभी वक़्त था जब हम स्याही से चिट्ठियां लिखते थे। रंगीन डाक टिकट चिपकाकर लिफाफा चूमते थे और अंततः डाकघर के लाल बक्से में उस लिफ़ाफ़े को इस उम्मीद से डाल देते थे कि यह ठीक समय पर अपने गंतव्य तक सकुशल पहुंच जाएगा। इसी में एक दौर आया रजिस्टर्ड पोस्ट का। रजिस्टर्ड पोस्ट का जब दौर आया तो उन दिनों रजिस्टर्ड पोस्ट सेवा उस भरोसे का नाम था कि चिट्ठी न खोएगी, न भटकेगी। क्योंकि इसके लिए एक रिसीविंग मिलती थी जिससे मन में एक बड़ा संतोष रहता था। चिट्ठी तो अब निश्चित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच जायेगी। देखा जाए तो अब ज़माना बदल गया। रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र का स्थान मोबाइल, ईमेल और व्हाट्सएप और दूसरे सोशल मीडिया ने ले लिया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो कागज़ की खुशबू ही इन्होंने छीन ली। पत्र के लिए जो बेसब्री रहती थी, वह भी अब समाप्त हो गया। सूचना क्रांति और इंटरनेट के दौर में लोग अब सतत निगरानी प्रणाली (ट्रैकिंग) तथा त्वरित अद्यतन या नवीनतम जानकारी चाहते हैं। तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश और जन आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग भी चाहता है तेज़ी, सटीकता और आर्थिक संतुलन। इन्हीं सब कारणों से अब रजिस्टर्ड पोस्ट की विदाई हो रही है। रजिस्टर्ड पोस्ट का स्थान अब स्पीड पोस्ट लेने वाला है। थोड़ा तेज़, थोड़ा महंगा, मगर आधुनिक और ट्रैक करने योग्य।




### जाने वालों की यहीं ठहर जाती है यादें

कभी मामा जी के भेजे हुए पांच रुपये के मनी ऑर्डर, कभी छोटे भाई की पहली नौकरी की चिट्ठी तो कभी किसी दोस्त का दूर गांव से आया पोस्टकार्ड और इन सब में भी सबसे ज्यादा भरोसेमंद साथी रजिस्टर्ड पोस्ट था। डाक विभाग और इन पत्रों से एक भावनात्मक लगाव कई दशकों तक हमारा रहा है। अब शायद वो एहसास कम हो जाए। वो इंतज़ार, वो झांक-झांक कर देखना कि 'पोस्टमैन आया क्या?' वो लिफाफा खोलने से पहले उसका गाढ़ा रंग देखना और फिर आंखों से चूमकर पढ़ना, यह एहसास सब कुछ एक इतिहास बन जाएगा।

### एक सादगी भरे दौर को प्रणाम

रजिस्टर्ड पोस्ट-तुमने हमें जोड़ा, शहर से गांव, मां से बेटे, दोस्त से दोस्त। तुमने रिश्तों को दूरी से आज़ाद किया। अब तुम नहीं रहोगी लेकिन हमारी यादों में हमेशा रहोगी। आगे तुम्हारा स्थान लेने के लिए तुमसे ज्यादा विश्वसनीय और भरोसेमंद अब स्पीड पोस्ट हमारे साथ होगा। तेज़, ट्रैक करने योग्य, और आधुनिक। लेकिन वो गर्मजोशी, वो अपनापन जो तुममें था (पुराने डाक में) वो शायद फिर कभी वापस न आए। अलविदा रजिस्ट्री, तुम हमारे दिल में, धड़कनों में सदा रहोगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंचाई के दौरान किसान की मौत

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** चौसा प्रखंड के रसूलपुर गांव से एक दुखद घटना सामने आई है। गुरुवार को खेत में सिंचाई करने के दौरान करंट लगने से जनार्दन यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जनार्दन यादव सुबह अपने खेत में पानी देने के लिए मोटर चालू करने गया था। इसी दौरान मोटर के स्टार्टर में अचानक करंट फैल गया। स्टार्टर का बटन दबाते करंट की चपेट में आने से तत्काल मौत हो गई।

### स्कूल परिसर में मिला छात्र का शव

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** बनगांव थाना क्षेत्र के चैनपुर स्थित शशिकला मध्य विद्यालय के कैम्पस से 8वीं के छात्र का शव मिला है। इसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही आस पास के लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। मृत छात्र की पहचान बिट्टू कुमार के रूप में की गई है, जो उसी विद्यालय में ही 8वीं कक्षा में पढ़ता था।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर भोजपुर में ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। वह ट्रेन से अपने ननिहाल पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर घूमने जा रहा था। मृतक की पहचान यूपी के मैनपुरी निवासी विक्की द्विवेदी(20) के तौर हुई है। मृतक की जेब से एक डायरी मिला है। जीआरपी ने फोन करके परिजनों को हादसे की जानकारी दी है।

### पुनपुन नदी में नहाने गए दो युवक लापता

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** फतुहा थाना क्षेत्र में गुरुवार को पुनपुन नदी में नहाने गए आठ दोस्तों में से दो युवक तेज धारा में बह गए। सैदपुर गांव के गौरैया स्थान निवासी सभी युवक नदी के बढ़ते जलस्तर को देखने पहुंचे थे लेकिन देखते ही देखते मस्ती जानलेवा साबित हो गई। अजय, कल्लू, सन्नी, चंदू, गोपा और नीरज को लोगों ने किसी तरह बचा लिया लेकिन धर्मेंद्र कुमार और बिट्टू कुमार लापता हो गए।

### नदी पार करते समय डूबा युवक, मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मोहनपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में गंगा नदी की सहायक नदी में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जलालपुर वार्ड-9 निवासी किशन पासवान के रूप में हुई है।

### जमुई के थाने में तैनात महिला सिपाही लापता

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** चकाई थाना में कार्यरत महिला सिपाही प्रियंका कुमारी के लापता होने से हड़कंप मच गया है। भागलपुर के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के कमरगंज गांव निवासी रुदल यादव ने गुरुवार को जमुई एसपी कार्यालय पहुंचकर अपनी बेटी के अपहरण की आशंका जताई है। रुदल यादव ने एसपी विश्वजीत दयाल को दी गई शिकायत में बताया कि 6 अगस्त 2025 से प्रियंका का मोबाइल फोन बंद है।

# बिहार में छह आइपीएस व 26 डीएसपी का तबादला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बिहार में ट्रांसफर-पोस्टिंग का दौर जारी है। गुरुवार को गृह विभाग ने छह आइपीएस का ट्रांसफर कर उनकी नई जगह पर पोस्टिंग की है। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 2021 बैच के मो. मोहिबुल्लाह अंसारी को पटना में एसडीपीओ लॉ एंड ऑर्डर-2, 2022 बैच की शैलजा को नालंदा के हिलसा का एसडीपीओ-1, इसी बैच के संकेत कुमार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज का एसडीपीओ, गरिमा को मुजफ्फरपुर जिले के सरैया का एसडीपीओ, 2022 बैच की ही साक्षी कुमारी को बेगूसराय में बलिया का एसडीपीओ एवं 2023 बैच की कोमल मीणा को पटना में मसौढ़ी का एसडीपीओ-1 बनाया गया है। वहीं सरकार ने बिहार पुलिस सेवा के 26 अधिकारियों का भी ट्रांसफर किया है। अधिसूचना के अनुसार सहरियार अख्तर को राजगीर स्थित बिहार पुलिस अकादमी में एएसपी बनाया है। वहीं सुनीता कुमारी को सीतामढ़ी में पुपरी का एसडीपीओख पोलस्त कुमार को डुमरांव एवं प्रेमचंद सिंह को पटना स्थित बीएसएपी-16 का एएसपी बनाया है। इसी प्रकार बिहार पुलिस अकादमी में सुमित कुमार को सीनियर डीएसपी के पद पर भेजा गया है। वहीं राजेश कुमार को झाझा का एसडीपीओ, ज्योति शंकर को पूर्णिया सदर का एसडीपीओ-1, कुमार ऋषि राज को नालंदा में हिलसा का एसडीपीओ-2, राजेश कुमार को मुजफ्फरपुर का रेल डीएसपी, बिपिन कुमार को गया के मुख्यालय डीएसपी-2, नव वैभव को पटना में ट्रैफिक डीएसपी एवं रामकृष्णा को कटिहार का साइबर क्राइम डीएसपी बनाया गया है। इसी प्रकार गोपाल कृष्ण को जहानाबाद डीएसपी साइबर क्राइम, पटना में साइबर क्राइम की जिम्मेदारी डीएसपी नवल किशोर को, डीएसपी कुमार संजय को पुलिस मुख्यालय में लॉ एंड ऑर्डर ब्रांच, अतनु दत्ता को बेतिया का ट्रैफिक डीएसपी, शैलेश प्रीतम को बनमनखी का एसडीपीओ, सुशील कुमार को अररिया का एसडीपीओ, राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी को नालंदा में डीएसपी साइबर क्राइम एवं डीएसपी रेणु कुमारी को पटना में बीएसएपी-16 भेजा गया है। वहीं मो. वसिम फिरोज को पटना में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो का डीएसपी, अलय वत्स को मुजफ्फरपुर पूर्वी का डीएसपी-1, राजेश रंजन को पटना का एसडीपीओ टाउन-1, अमरेन्द्र कुमार झा को दानापुर एसडीपीओ-2, नरेन्द्र कुमार को पटना में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो का डीएसपी एवं सुनिल कुमार सिंह को शिवहर में मुख्यालय डीएसपी बनाया गया है।




# पुनौरा धाम में मां जानकी मंदिर का शिलान्यास आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। वह सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में मां जानकी मंदिर की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे। 50 एकड़ में बनने वाले भव्य जानकी मंदिर का स्वरूप अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर ही होगा। जनक नंदिनी का यह मंदिर बिहार को सांस्कृतिक रूप से एक नई पहचान देगा। बिहार सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कुल 882.87 करोड़ रुपये का बजट तय किया है। इसमें से 137 करोड़ रुपये पुराने मंदिर के नवीनीकरण पर खर्च किए जाएंगे जबकि शेष राशि पर्यटन और आधारभूत संरचना के विकास पर लगाई जाएगी। मंदिर का निर्माण कुल 67 एकड़ भूमि में होगा जिसमें मौजूदा 17 एकड़ के अलावे लगभग 50 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। भूमि पूजन के लिए देश के 11 पवित्र नदियों के जल से आचमन किया जाएगा। 11 पवित्र नदियों गंगा, यमुना, सरस्वती, भागीरथी, अलकनंदा, मंदाकिनी, पिंडर, धौलीगंगा, लक्ष्मणा, कमला और सरयू के जल से मंदिर की नींव रखी जाएगी। इन नदियों से जल कलश में भरकर लाया जा रहा है। अयोध्या के राम मंदिर के शिलान्यास के विधि विधान के अनुसार ही माता जानकी के मंदिर के शिलान्यास की तैयारी है। मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, पर्यटन मंत्री राजू कुमार, मंत्री विजय कुमार चौधरी, सीतामढ़ी सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, शिवहर की सांसद लवली आनंद, शिवहर विधायक चेतन आनंद, राज्यसभा सांसद संजय झा समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहेंगे।

# छह घंटे के ऑपरेशन के बाद अपहृत युवक की रिहाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में आठ लाख रुपये की फिरौती के लिए अगवा किए गए एक युवक की सकुशल रिहाई के लिए पुलिस द्वारा चलाया गया 6 घंटे का ऑपरेशन सफल रहा। ऑपरेशन में चार थानों की पुलिस और कई अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस कार्रवाई के बाद 9 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना की जानकारी गुरुवार को गया के सीनियर एसपी ने दी। गया के कोठी थाना क्षेत्र स्थित बदिया मोड़ के पास बुधवार देर शाम 35 वर्षीय मुन्नार खान उर्फ तब्बू खान का अपहरण कर लिया गया था। अपहरणकर्ताओं ने परिजनों से आठ लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। घटना की जानकारी मिलते ही इमामगंज डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर छानबीन शुरू की गई। मोबाइल ट्रैकिंग के जरिए पता चला कि अपहृत युवक को छकरबंधा और सेवरा के जंगलों में रखा गया है। इसके बाद पुलिस ने इलाके में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। लगातार 6 घंटे तक चले इस अभियान के दौरान पुलिस ने युवक तब्बू खान को सकुशल बरामद कर लिया। इस दौरान अपहृत युवक ने पुलिस को बताया कि अपहरणकर्ताओं ने उसके साथ मारपीट भी की थी। सीनियर एसपी ने बताया कि इस मामले में 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से कुछ की पहचान हो चुकी है जबकि बाकी की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दस देशों की प्रदर्शनी के साथ बिहार संग्रहालय बिनाले शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दस देशों की प्रदर्शनी के साथ गुरूवार को बिहार संग्रहालय बिनाले शुरू हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार संग्रहालय बिनाले-2025 के प्रतीक चिह्न का अनावरण किया। साथ ही विभिन्न देशों द्वारा लगायी गयी अस्थाई प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। इसके बाद त्योहार और प्रदर्शन, प्रतीकवाद और उत्सव, दीक्षा समारोह, खुदाई मेंचिरांद, सौंदर्य और सौंदर्यशास्त्र, स्वास्थ्य और कल्याण आदि विषयों पर आधारित थाईलैंड, इंडोनेशिया, जाम्बिया, मैक्सि को, कोरिया, श्रीलंका सहित अन्य देशों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। दरअसल, भारत समेत दस देशों के संग्रहालय तथा विद्वान इसमें शिरकत कर रहे हैं। भागीदार देशों में इंडोनेशिया, श्रीलंका, कजाखिस्तान, इथियोपिया, मैक्सिको, अर्जेंटीना, इक्वाडोर, पेरू और वेनेजुएला के साथ ही भारत के चार प्रमुख संस्थान नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्नआर्ट, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और मेहरानगढ़ म्यूजियम, आईसीएआर शामिल हैं। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के बहुद्देशीय सभागार में इंडोनेशिया, इथोपिया आदि देशों की संस्कृति, इतिहास और प्राकृतिक सुंदरता पर आधारित लगायी गयी प्रदर्शनी को देखा। इस दौरान इथोपिया, इंडोनेशिया, श्रीलंका, मैक्सिको, अर्जेंटिना और पेरू से आये एम्बेसडर्स के साथ मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की और सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। बिहार संग्रहालय परिसर स्थित मुक्ताकाश प्रेक्षास्थल में होनेवाले सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। वहां उपस्थित लोगों ने हाथ हिलाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने बिनाले में भाग ले रहे कलाकारों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इसके पहले कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विधान परिषद के उप सभापति प्रो. रामवचन राय, विधान पार्षद संजय गांधी, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव प्रणव कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, सीएम के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा उपस्थित थे।



# सासाराम के धरमपुरा-बरांव पथ का होगा निर्माण : सम्राट चौधरी

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सासाराम-1 द्वारा 19 करोड़ की लागत से सासाराम के धरमपुरा बरांव पथ का निर्माण कराया जायेगा। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि धरमपुरा-बरांव पथ से एनएच-30 तक 10.5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। श्री चौधरी ने कहा कि इस सड़क के निर्माण में 19 करोड़ 16 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी और बेहतर बनाने के लिए यह फैसला लिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि साल 2025-26 के बजट में ग्रामीण कार्य विभाग ने सड़क निर्माण कार्य के लिए कुल 175 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस सड़क के लिए जरूरी प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृतियां पहले ही मिल चुकी है। सरकार की ओर से यह भी देखा गया है कि इस सड़क से जुड़ी लागत और अन्य दायित्व तय सीमा के भीतर रहें। उन्होंने कहा कि गांवों के लोगों को इस सड़क के बनने से आवागमन में बड़ी सुविधा होगी। साथ ही इलाके का आर्थिक और सामाजिक विकास भी तेजी से होगा।

# पूरे भारतीय रेल में डीडीयू मंडल ने पहली बार चलाया 4.5 किलोमीटर लंबा 'रूद्रास्त्र'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** माल ढुलाई की क्षमता और काम की कुशलता बढ़ाने की दिशा में पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। गुरूवार को डीडीयू मंडल के गंजख्वाजा स्टेशन से पूरे भारतीय रेल में पहली बार छह खाली बॉक्सन रेक को जोड़कर बनाई गई 'रूद्रास्त्र' नाम की लंबी मालगाड़ी को सफलतापूर्वक चलाया गया। यह मालगाड़ी करीब 4.5 किलोमीटर लंबी रही, जो अब तक भारतीय रेल की सबसे लंबी मालगाड़ी है। आज 'रूद्रास्त्र' द्वारा 05.00 घंटे में 40 किलोमीटर की औसत स्पीड से गंजख्वाजा स्टेशन से गढ़वा रोड स्टेशन तक की 200 किलोमीटर की दूरी तय की गयी। 'रूद्रास्त्र' को छह खाली बॉक्सन रेक को जोड़कर तैयार किया गया, जिसमें कुल 354 वैगन शामिल हैं। इस मालगाड़ी को चलाने के लिए 07 इंजन लगाए गए। गंजख्वाजा स्टेशन से सभी छह रेक को जोड़कर बनी 'रूद्रास्त्र' मालगाड़ी को दोपहर 2:20 बजे गढ़वा रोड के लिए रवाना किया गया। यह मालगाड़ी डीडीयू मंडल के गंजख्वाजा से सोननगर तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर और उसके बाद गढ़वा रोड की ओर भारतीय रेल के सामान्य ट्रैक पर चली। पूर्व मध्य रेल का पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल भारतीय रेल के सबसे अहम मंडलों में से एक है, जो धनबाद मंडल को कोयला और अन्य सामान लादने के लिये लगातार समय से खाली मालगाड़ी पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। यहां मालगाड़ियों के डिब्बों की जांच और मरम्मत बड़े पैमाने पर की जाती है। जांच के बाद पूरी तरह ठीक डिब्बों को जोड़कर मालगाड़ी तैयार की जाती है, जिसे आगे धनबाद मंडल को भेजा जाता है ताकि वहां सामान लादा जा सके। 'रूद्रास्त्र' का सफल संचालन डीडीयू मंडल की बेहतर काम करने की क्षमता, विभागों के बीच तालमेल और अच्छे प्रबंधन का उदाहरण है। इससे माल ढुलाई की रफ्तार और क्षमता दोनों बढ़ेंगी। अगर इन मालगाड़ियों को अलग-अलग चलाया जाता तो इन सभी के लिए छह बार अलग-अलग मार्ग और चालक दल की व्यवस्था करनी पड़ती। रुद्रास्त्र के रूप में एक साथ चलने से उल्लेखनीय रूप से समय की बचत होगी तथा और ज्यादा ट्रेन चलाने के लिए मार्ग भी उपलब्ध होगा। 4.5 किलोमीटर लंबी 'रूद्रास्त्र' मालगाड़ी का सफल संचालन डीडीयू मंडल की नई सोच और नवाचार की शानदार मिसाल है।




**औरंगाबाद में क्या आप अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहते हैं? इस प्रीमियम व्यावसायिक स्थान को किराया पर लें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।**

- संपत्ति का प्रकार : पूर्ण व्यावसायिक भवन
- स्थान : रावल बिगहा, कुंडा-सिमरा रोड पर, औरंगाबाद (बिहार)
- कुल मंजिलें : 2
- निर्मित क्षेत्रफल : 13000 वर्गफीट



**उपयुक्त**

- शोरूम
- कार्यालय
- कोचिंग संस्थान
- क्लिनिक/अस्पताल
- रेस्टोरेंट/कैफे
- सुपरमार्केट/खुदरा श्रृंखलाएं

सुविधाएं : पार्किंग स्थान उपलब्ध, प्रत्येक मंजिल पर अलग शौचालय, 24 X 7 पानी और बिजली

संपर्क करें : प्रमोद कुमार सिंह, मो.-9931820911


C M Y K

# राजस्व महा अभियान के अंतर्गत तिलौथू में कर्मियों को दिया परिमार्जन प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी/ तिलौथू।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को 'राजस्व महा अभियान' को लेकर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड स्तर के सभी अधिकारियों के साथ-साथ पंचायत स्तर के कर्मियों को भी शामिल किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य भूमि अभिलेखों में सुधार एवं नागरिकों को राजस्व संबंधी सुविधाएं त्वरित गति से प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान अंचलाधिकारी हर्ष हरि ने बताया कि राज्य सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 'राजस्व महा अभियान' की शुरुआत की गई है जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों के जमीन से संबंधित दस्तावेजों में व्याप्त त्रुटियों को सुधारना है। अभियान के अंतर्गत जमाबंदी त्रुटि सुधार, परिमार्जन, उत्तराधिकार, नामांतरण, बंटवारा जैसे मुद्दों का समाधान किया जाएगा। सीओ ने बताया कि यह अभियान धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दो चरणों में संचालित होगा। पहले चरण में 16 अगस्त से 15 सितंबर तक विभाग द्वारा गठित टीम घर-घर जाकर जमाबंदी पंजी की प्रति वितरित करेगी। नागरिक चाहें तो बिहार भूमि पोर्टल पर उपलब्ध राजस्व महा अभियान लिंक से भी इसे डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बाद दूसरे चरण में 19 अगस्त से 20 सितंबर तक प्रत्येक पंचायत के पंचायत सरकार भवन में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में लोग अपने आवेदन-पत्र, आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर त्रुटि सुधार हेतु आवेदन जमा कर सकेंगे। वहीं से उनका ऑनलाइन प्रोसेसिंग भी किया जाएगा जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और तेज हो सके। इस अवसर पर बीडीओ अंकिता जैन, मास्टर ट्रेनर अमित कुमार सहित प्रखंड एवं पंचायत स्तर के सभी पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को पोर्टल संचालन, दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया, ऑन-स्पॉट अपलोडिंग और फॉलो-अप प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। राजस्व महा अभियान से आम नागरिकों को उनके भूमि अभिलेखों के सही और अद्यतन रिकॉर्ड प्राप्त करने में मदद मिलेगी जिससे भविष्य में कानूनी विवादों एवं सरकारी योजनाओं में लाभ लेने में किसी प्रकार की अड़चन न हो।

## लावारिस 12.6 लीटर देशी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन के सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ राम साथ आरक्षी आर के सिंह, आरक्षी अभिमन्यु सिंह डिहरी स्टेशन एवं प्लेटफॉर्म पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 02 के पूरब साइड में लावारिस हालत में एक सफेद रंग का थैला में कुछ सामान रखा हुआ दिखाई दिया जिसके बारे में पूछताछ करने पर किसी भी यात्री ने उक्त थैला को अपना होना नहीं बताया। बाद में उक्त थैला को चेक करने पर 42 अदद टानाका देसी मसाला शराब कुल 12.6 लीटर बरामद हुआ। मौके पर सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जब्त किए एवं सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ राम के द्वारा एक लिखित शिकायत पत्र देकर अग्रिम कार्रवाई वास्ते राजकीय रेल थाना डिहरी को सुपुर्द किया गया।

## रक्षाबंधन पर लगने वाले मेला में शांति व्यवस्था को लेकर डीएम ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मां ताराचण्डी धाम पर रक्षाबंधन में लगने वाले मेले के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण एवं इस अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मेला आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में गुरुवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि रक्षाबंधन के दिन यहां दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति होगा। संभावित भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा।

## डॉ बी आर अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का डीडीसी ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को सासाराम के मोकर में स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान डीडीसी द्वारा वर्ग संचालन, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, जीविका दीदी की रसोई द्वारा संचालित मेस एवं विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। उप विकास आयुक्त एवं अन्य सभी पदाधिकारियों द्वारा छात्राओं के साथ बैठकर दोपहर का भोजन ग्रहण किया। मौके पर वरीय उप समाहर्ता रोहतास एवं जिला कल्याण पदाधिकारी रोहतास मौजूद रहे।

## जनता दरबार में पहुंचे फरियादों का एसपी ने किया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** गुरुवार को एसपी के जनता दरबार में जिले के विभिन्न थानों से पहुंचे फरियादी। एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के समक्ष जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपना-अपना दुखड़ा सुनाया। जनता दरबार में काराकाट थाना क्षेत्र के किरही ग्राम निवासी रीना कुंवर ने जमीनी विवाद को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहा है कि इस विवाद को लेकर प्रतिपक्षी पुनर्विवाद खड़ा कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं बघेला थाना क्षेत्र के माझियांव ग्राम के राकेश कुमार ने गुहार लगाते हुए कहा कि बदमाशों ने उनके घर जाते समय उनसे 30000 व मोटरसाइकिल, मोबाइल छीन लिया। प्राथमिकी दर्ज करने के बावजूद कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है। सासाराम थाना क्षेत्र की मोहल्ला तकिया निवासी अंजली कुमारी ने आवेदन देकर कहा है कि उसके पति व ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। मुझसे मारपीट करते हैं। ससुराल वाले गहना कपड़ा छीन लिए। मैं अपने भाई के साथ मायके आ गई। महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज करने गई परंतु प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। वहीं रोहतास थाना क्षेत्र के बंजारी निवासी संतोषी देवी ने दहेज उत्पीड़न के मामले में गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने फरियादीयों की बातों को ध्यान से सुन कर संबंधित थाना के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आज जनता दरबार में तीन दर्जन से अधिक मामले का निष्पादन किया गया जिसमें ज्यादातर मामले जमीन विवाद से जुड़े थे।

## महिला के साथ मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला।** छोटी-छोटी बातों को लेकर एक महिला को दरवाजा से खींचकर मंगलवार की रात पिटाई की जिससे महिला अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ी। महिला को जमीन पर गिरते देख परिजन दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर जख्मी की इलाज के लिए सीएचसी भेजा और जख्मी के आवेदन पर पति पत्नी पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बाजार स्थित मधुरामपुर रोड बांक निवासी मुन्ना पासवान की पत्नी आरती देवी मंगलवार की देर शाम अपनी दरवाजा पर बैठी थी। उसी दौरान उसके भैसूर उपेन्द्र पासवान व पत्नी सीता देवी लाठी डंडा से लैश होकर आरती देवी के दरवाजे पर पहुंच कर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा से वार कर दिया जिसे आरती देवी व उनका दस वर्षीय पुत्र शनि कुमार बुरी तरह जख्मी हो गए।


**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू**
**(जिला नजारत शाखा)**

**अल्पकालीन–निविदा**

1.विज्ञापनदाता का पदनाम :–उपायुक्त, पलामू
2. RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :–25.08.2025, 01:00 PM
3.RFP जमा करने का स्थान :–जिला नजारत शाखा, पलामू
4. RFP खोलने का स्थान :–उपायुक्त, पलामू के कार्यालय वेश्म
5. RFP खोलने का तिथि एवं समय :–25.08.2025, 03:00 PM

पलामू समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न कार्यालय एवं शाखाओं द्वारा प्राप्त अधियाचना के आलोक में अधियाचित फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का क्रय कर अधियाचित कार्यालय एवं शाखाओं को आपूर्ति किया जाता है। निम्नांकित स्टेशनरी एवं आवश्यक अन्य सामग्रियों का आपूर्ति करने हेतु इच्छूक संस्थान / प्रतिश्ठान से दिनांक 25.08.2025 को 01:00 PM बजे तक निम्नांकित शर्तो के अधीन अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/प्रतिष्ठान जिला नजारत शाखा, पलामू समाहरणालय परिसर, ब्लॉक–ए में अपनी निविदा जमा कर सकते हैं। Required Items

| SL.No. | Item Name | Qty | Unit |
|---|---|---|---|
| 1 | फोटो कॉपियर पेपर ए 4 साईज | 1 | 1 Packet |
| 2 | फोटो कॉपियर पेपर ए 5 साईज | 1 | 1 Packet |
| 3 | फोटो कॉपियर पेपर ए 35 साईज | 1 | 1 Packet |
| 4 | गार्ड फाईल | 1 | 1 Pcs |
| 5 | फलाईलिफ | 1 | 1 Pcs |
| 6 | फोल्डर फाईल | 1 | 1 Pcs |
| 7 | वाईटनर | 1 | 1 Pcs |
| 8 | प्रिंटर रजिस्टर | 1 | 1 Pcs |
| 9 | पेपर पिन | 1 | 1 Pcs |
| 10 | स्केच पैन | 1 | 1 Pcs |
| 11 | पेन | 1 | 1 Pcs |
| 12 | जेल पेन | 1 | 1 Pcs |
| 13 | मार्कर मोटा | 1 | 1 Pcs |
| 14 | मार्कर पतला | 1 | 1 Pcs |
| 15 | पंचिग मशीन | 1 | 1 Pcs |
| 16 | टेकुआ | 1 | 1 Pcs |
| 17 | स्टेपलर छोटा | 1 | 1 Pcs |
| 18 | स्टेपलर बड़ा | 1 | 1 Pcs |
| 19 | स्टेपलर पिन छोटा | 1 | 1 Pcs |
| 20 | स्टेपलर पिन बड़ा | 1 | 1 Pcs |
| 21 | पेपर वेट | 1 | 1 Pcs |
| 22 | वाटर स्पंच | 1 | 1 Pcs |
| 23 | लिफाफा | 1 | 1 Pcs |
| 24 | हस्ताक्षर पैड (50 पन्ने का) | 1 | 1 Pcs |
| 25 | कैंची | 1 | 1 Pcs |
| 26 | टैग | 1 | 1 Pcs |
| 27 | ताला लिंक (7 लीवर) | 1 | 1 Pcs |
| 28 | ताला गोदरेज (7 लीवर) | 1 | 1 Pcs |
| 29 | रबर स्टाम्प | 1 | 1 Pcs |
| 30 | हाई लाईटर | 1 | 1 Pcs |
| 31 | वाईटनर | 1 | 1 Pcs |
| 32 | आगत पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 33 | निर्गत पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 34 | वेतन नामावली पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 35 | बिल बुल | 1 | 1 Pcs |
| 36 | चपरासी बही | 1 | 1 Pcs |
| 37 | आवंटन पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 38 | आकस्मिक अवकाश पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 39 | उपस्थिति पंजी | 1 | 1 Pcs |
| 40 | कैश बूक | 1 | 1 Pcs |
| 41 | गोंद 75 एम0एल0 | 1 | 1 Pcs |
| 42 | रूम फ्रेंसनर | 1 | 1 Pcs |
| 43 | ऑल आउट लिक्विड | 1 | 1 Pcs |
| 44 | हिट स्प्रे बड़ा | 1 | 1 Pcs |
| 45 | हिट स्प्रे छोटा | 1 | 1 Pcs |
| 46 | हारपिक 500 एम0एल | 1 | 1 Pcs |
| 47 | हारपिक 1000 एम0एल0 | 1 | 1 Pcs |
| 48 | मोमबती | 1 | 1 Pcs |
| 49 | तौलिया वाहन के लिए | 1 | 1 Pcs |
| 50 | तौलिया हाथ पोछने के लिए | 1 | 1 Pcs |
| 51 | सेलो टेप बड़ा | 1 | 1 Pcs |
| 52 | सेलो टेप छोटा | 1 | 1 Pcs |
| 53 | फुल छाझू | 1 | 1 Pcs |
| 54 | नारियल झाडू | 1 | 1 Pcs |
| 55 | एकरंगा कपड़ा | 1 | 1 Mit |
| 56 | सुतरी | 1 | 1 Pcs |
| 57 | एल0ई0डी0 ब्लब | 1 | 1 Pcs |
| 58 | स्केल | 1 | 1 Pcs |
| 59 | सुतली | 1 | 1 Pcs |
| 60 | कॉलबेल | 1 | 1 Pcs |

1. उपरोक्त सामग्रियों इत्यादी आपूति करने हेतु इच्छुक फर्म/संस्थान निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा शुल्क के रूप में 10000/– (दस हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट (असफल संस्थान को Refundable) समर्पित करना होगा, जो उपायुक्त, पलामू के पदनाम से देय होगा।
2. इच्छुक फर्म/संस्थान को Earnest Money Deposit (EMD) के रूप में 50,000/– रू0 का डिमांड ड्राफ्ट (उपायुक्त, पलामू के पदनाम से देय) संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो असफल संस्थान को वापस कर दिया जाएगा।
3. इच्छुक फर्म/संस्थान के पास झारखण्ड राज्य में निबंधित G.S.T. No. एवं पैन कार्ड का होना अनिवार्य है।
4. फर्म/प्रतिष्ठान के काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी शपथ पत्र (issued by Executive Magistrate) सलग्न करना होगा।
5. निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन G.S.T. Return (GSTR 3B) एवं अद्यतन आयकर रिटर्न (विर्गत तीन वर्षो का) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. सफल निविदादाता को सामग्री का आपूर्ति इस कार्यालय को उपलब्ध कराये गये कार्यालयों की सूची के अनुरूप उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का परिवहन भत्ता इस कार्यालय द्वारा देय नहीं होगा।
7. सफल फर्म/संस्थान को निर्गत कार्यादेश की तिथि से 07 दिनों के अंदर सामग्रियों का आपूर्ति पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
8. इच्छुक फर्म /संस्थान को Technical Proposal एवं Financial Proposal अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में समर्पित करना होगा।
9. तकनीकी प्रस्ताव में सफल संस्थान का ही वित्तीय प्रस्ताव खोला जायेगा, न्यूनतम निर्वाचन दर पर।
10. RFP की स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने एवं किसी भी शर्त को शिथिल करने का अधिकार उपायुक्त, पलामू को सुरक्षित होगा।
11. उपरोक्त सामग्रियों हेतु दर का निर्धारण GST सहित होगा।
12. भविष्य में आवश्यकता के अनुसार इस दर के अनुरूप सामान का क्रय/भुगतान किया जाएगा।

नजारत उप समाहर्त्ता पलामू | अपर समाहर्ता पलामू | उपायुक्त पलामू

PR 359073 (Palamu)25-26*D


## नप में नए सभागार का उद्घाटन व बोर्ड की बैठक

# मकराइन में 5 करोड़ की लागत से पार्क बनाने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद डिहरी डालमियानगर में नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन मुख्य पार्षद शशि कुमारी तथा उप मुख्य पार्षद रानी कुमारी, नप ईओ विमल कुमार ने फीता काट कर किया। मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चन्द्रवंशी सहित कई पार्षद उपस्थित रहे। वहीं नगर परिषद बोर्ड की बैठक को नगर परिषद के सभागार में मुख्य पार्षद शशि कुमारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक में पहले स्थाई समिति की बैठक में पारित प्रस्ताव की संपुष्टि हुई। योजनाओं पर चर्चा व विचार किया। 15 अगस्त के मौके पर झंडोत्तोलन और इसकी तैयारी पर विचार किया गया। बैठक में ही मुख्यमंत्री नगर जन संवाद में चयनित योजनाओं पर चर्चा करते हुए योजनाओं को अपनी मंजूरी दी। मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने बताया कि शहर के लोगों की प्राथमिकता को देखते हुए पार्कों के निर्माण पर पहले से ही जोर है। इसी संदर्भ में शहर के मकराइन में एक भव्य पार्क निर्माण को मंजूरी दी गई है। इसके निर्माण पर करीब पांच करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर ही पाली रोड स्थित रेलवे पुल के नीचे साफ-सफाई कराते हुए पौधारोपण व दूसरे सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे। इसके लिए पार्षदों ने अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने बताया कि शहर में सड़कों और चौक-चौराहों सहित कई प्रमुख गलियों में रोशनी की समुचित व्यवस्था की गई है। आम लोगों सहित पार्षदों की मांग पर करीब तीन हजार स्ट्रीट लाइट खरीदने के प्रस्ताव को आज मंजूर किया गया। शीघ्र ही लाइटें खरीदने और उन्हें अधिष्ठापित करने के लिए संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। सांसद मद से लगे हुए हाई मास्क लाइट के मरम्मत का निर्णय लिया गया। प्रत्येक वार्ड में छोटा डस्टबिन करेक्ट करने का निर्णय लिया गया।

इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में यात्रियों, बुजुर्गों सहित अन्य लोगों के बैठने को लेकर सीमेंट कुर्सी लगाने का निर्णय लिया गया है। पार्षदों से मिले सुझाव के बाद प्रत्येक वार्ड में बीस-बीस कुर्सियां लगाई जाएंगी। मुख्य पार्षद ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। नागरिकों से मिले सुझाव और मांगों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड के समक्ष रखा गया जिसके बाद योजनाओं को बोर्ड ने अपनी मंजूरी देते हुए पास किया। बैठक में नप ईओ विमल कुमार, उप मुख्य पार्षद रानी कुमारी, पार्षद विशाखा सिंह, बिंदा देवी, कलावती देवी, रितू हजारिका, रोशनी देवी, उषा देवी, प्रिया देवी, प्रेमा देवी, मीना देवी, सुनिता देवी, सरिता देवी, मंजू देवी, रीना देवी, आरती देवी, मीरा गुप्ता, मुजिबुल हक, आनंद चौधरी, सोनू चौधरी, श्याम बिहारी, सरोज उपाध्याय, रितेश कुमार, रवि शेखर, राजेश गुप्ता, रंगलाल सिंह, शत्रुघ्न कुमार, योगेन्द्र प्रसाद समेत कई उपस्थित थे।

## विशेष शिविरों में मतदाता सूची में दावा आपत्ति एक सितंबर तक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कलेक्ट्रेट सभागार में नजमुल होदा, आईपीएस, विशेष निर्वाचन सूची प्रेक्षक, भारत निर्वाचन आयोग, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन शाखा के तत्वावधान में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि प्रारूप निर्वाचक नामावली से किन व्यक्तियों के नाम किन कारणों से हटाए गए हैं और किन योग्य व्यक्तियों के नाम अभी भी मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके हैं, इस पर सभी राजनीतिक दलों को स्पष्ट जानकारी दी जाए। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को बताया गया कि जिन योग्य व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो सके हैं, उनके नाम शामिल करने के लिए सभी प्रखंड कार्यालयों, नगर निकाय कार्यालयों एवं जिला स्तरीय विशेष शिविरों में 2 अगस्त से 01सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक दावा-आपत्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## देशभक्ति व राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** भारतीय जनता पार्टी की जिला युवा मोर्चा की बैठक गुरुवार को कुदरा के वीएस ग्रैंड परिसर में हुई जिसमें क्षेत्र में देशभक्ति व राष्ट्रीय एकता का संदेश देने का निर्णय लिया गया। हर घर तिरंगा यात्रा के लिए आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया जाएगा। युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की पार्टी की सबसे मजबूत स्तंभ है। कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा ने ठाना है कि युवाओं को देश के विकास में योगदान देने और उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रिषभ प्रताप सिंह रिशु ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, जिला प्रभारी अशोक साह, जिला प्रभारी युवा मोर्चा निक्कू तिवारी, मोहनियां विधानसभा प्रभारी दुर्गेश चौबे, भभुआ विधानसभा प्रभारी दीनानाथ सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष कन्हैया राम, कुदरा प्रखंड दक्षिणी मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, उत्तरी मंडल अध्यक्ष बालेश्वर यादव, नगर अध्यक्ष अंशु गुप्ता, प्रभारीगण एवं सभी कार्यकर्ता शामिल थे।

## शराब के नशे में पांच धराए, गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र में शराबियों के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान चलाया। अभियान में पांच शराबी धराये। शराबियों का कुदरा पीएचसी में मेडिकल जांच के बाद गुरुवार को भभुआ न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि धराये शराबियों में कुदरा थाना के सकरी गांव के अजय खरवार पिता सुकर खरवार, भभुआ थाना के बेतरी गांव के विनोद ठाकुर पिता स्व. रविन्द्र ठाकुर व कुदरा थाना के नसेज गांव के सोनू कुमार पिता रामचंद्र ठाकुर बबलू कुमार पिता गणेश प्रसाद चंदन प्रसाद पिता सूरज गुप्ता नसेज शामिल हैं।

### शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**दुर्गावती।** जीटी रोड के मनोहरपुर मोड़ से पुलिस ने बोलेरो से 397.920 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने उक्त कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की ।

## प्रकृति के प्रबल प्रहरी हैं पेड़ : शैलेन्द्र ओझा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मनौरा स्थित जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर वृहद जीवन रक्षक कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' को अगर धरातल पर सही रूप कोई जीवटता के साथ उतारने में लगे। भाजपा जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी ने महाविद्यालय के प्राचार्य सह भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक शैलेन्द्र ओझा को फलदार पौधा भेंट किया। शैलेन्द्र ओझा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के माध्यम से एक प्रकृति संरक्षण हेतु नेक कार्य जैसे मकसद मिल गया है। वे कहते हैं कि हर पेड़ है प्रकृति का प्रबल प्रहरी। उन्होंने कहा हरे भरे पेड़ जीवन दायनी होते हैं इसे हर कोई को लगाना चाहिये और इसे संरक्षित भी करना चाहिये जिससे वर्तमान के साथ-साथ भावी पीढ़ी भी एक स्वच्छ वातावरण में श्वांस ले सके और उसका तन प्रबल तथा मन निर्मल व सबल बन सके। मौके पर प्रो. कमलनयन सिंह, बर्सर प्रो. फरीद आलम, प्रो. अंजनी कुमार सिंह, मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष प्रो. कन्हैया सिंह, एनसीसी ए न वो प्रो. सचितानंद कुमार, प्रो. गोपाल शंकर, प्रो. मधु सिंह, डॉ. मनोज मिश्रा, हेड अकाउंटेंट राधारमण सिंह, प्रो रश्मि सिंह, सारिक अली, दिवाकर पाठक सहित कई उपस्थित थे।



## हत्यारोपित अभियुक्त आठ महीने बाद गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** थाना क्षेत्र के जतन बिगहा में एक जनवरी 2025 को एक महिला की हत्या के आरोपित एक अभियुक्त को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 02/25 के फरार अभियुक्त छोटेलाल सिंह उर्फ बिरेंद्र सिंह को शंकरपुर महाविद्यालय के समीप से गिरफ्तार किया गया। विदित हो कि एक जनवरी 2025 को कमलेश सिंह की पत्नी आशा देवी को नाली विवाद में आरोपितों ने लाठी डंडे व लोहे के रंड से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी जिसमें सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया था।

# बिहार बदलाव यात्रा के तहत कैमूर पहुंचे प्रशांत किशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपनी 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत लगातार अलग-अलग जिलों और प्रखंडों में लोगों से संवाद कर रहे हैं और स्थानीय पत्रकारों से भी बात कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने कैमूर जिले के भभुआ में एसवीपी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित बिहार बदलाव सभा को संबोधित किया। प्रशांत किशोर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के लोगों ने मोदी का चेहरा देख कर वोट दिया तो चायवाला प्रधानमंत्री बन गया। लालू का चेहरा देखकर वोट दिया तो भैंस चराने वाला 30 साल से राजा बना हुआ है। नीतीश का चेहरा देखकर वोट दिया तो वैद्य का लड़का 20 साल से शासन कर रहा है, लेकिन आपने अभी तक अपने बच्चों का चेहरा देखकर वोट नहीं दिया।

प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं पिछले 3 सालों से बिहार के गांव-गांव घूम रहा हूं। लोग कह रहे हैं कि 56 इंच सीना के लिए मोदी के लिए वोट दिए, लेकिन उनके अपने बच्चों का सीना 15 इंच का हो गया है। शरीर पर सूती कपड़ा या पैरों में चप्पल नहीं है। इसीलिए आपको अपने बच्चों की चिंता करनी है, कोई नेता आपके बच्चों की चिंता नहीं करेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि बिहार के लोगों को लालू जी से सीखना चाहिए कि बच्चों की चिंता क्या होती है। उन्होंने कहा कि लालू जी का बेटा 9वीं पास भी नहीं किया है, फिर भी वह चाहते हैं कि उनका बेटा राजा बने और दूसरी तरफ बिहार के लोग जिनके बच्चे मैट्रिक, बी.ए., एम.ए. कर चुके हैं, फिर भी उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है। प्रशांत किशोर ने कैमूर की जनता से किया बड़ा वादा, कहा- छठ के बाद 50 लाख युवाओं को बिहार में ही मिलेगा 12 हजार रुपये तक का रोजगार, सभी बुजुर्गों को 2000 रुपये मासिक पेंशन, बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में मुफ्त शिक्षा मिलेगी। प्रशांत किशोर ने जनता से अपील की कि इस बार उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें। चाहे लालू हों, नीतीश हों या मोदी हों, इस बार नेताओं का चेहरा देखकर वोट न करें। इस बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें। इस बार अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करें।


**शपथ पत्र**

मैं अरुण कुमार गुप्ता उर्फ अरुण कुमार पिता-स्व. लखन प्रसाद गुप्ता उर्फ लखन प्रसाद उम्र- 43 वर्ष, निवासी ग्राम/मुहल्ला-ढेलाबाद पोस्ट-अमझोर, थाना-रोहतास जिला-रोहतास (बिहार) शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मैं अरुण कुमार गुप्ता उर्फ अरुण कुमार पिता-स्व. लखन प्रसाद गुप्ता उर्फ लखन प्रसाद दोनों एक ही व्यक्ति का दो नाम है जो मैं हूं। मैं अरुण कुमार गुप्ता उर्फ अरुण कुमार दोनों नाम से जाना एवं पहचाना जाता हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-14080- दिनांक-31/07/25 है।

शपथकर्ता
अरुण कुमार गुप्ता

# युवाओं को बदलनी होगी सोच तभी बदलेगा बिहार : ऋतुराज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** 'बेहतर बिहार संवाद' कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर के ललित नारायण तिरहुत महाविद्यालय और चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में बुधवार को युवाओं और उद्यमियों के साथ विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं से सीधे संवाद करते हुए बिहार के विकास में उनकी भागीदारी को आवश्यक बताया। अपने प्रेरक उद्बोधन में श्री सिन्हा ने कहा 'बिहार को बदलना है तो सबसे पहले युवाओं को अपना एटीट्यूड यानी सोच बदलनी होगी।' उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है और इसमें बिहार की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। बिहार की विशाल युवा जनसंख्या यदि ठान ले तो बदलाव को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि बिहार को लेकर बनी नकारात्मक सोच को खत्म करना जरूरी है। कोई भी व्यक्ति अपने परिवार को दोष देकर आगे नहीं बढ़ सकता, उसी तरह राज्य की कमियों को कोसने से बिहार आगे नहीं बढ़ेगा। युवाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी लेनी होगी और स्पष्ट सोच के साथ आगे आना होगा। श्री सिन्हा ने जेपी आंदोलन की याद दिलाते हुए कहा कि 1975 में जिस प्रकार बिहार के युवाओं ने तानाशाही के विरुद्ध बिगुल फूंका था, आज भी वैसे ही जोश और जज्बे की जरूरत है। उन्होंने गरीबी को राज्य की सबसे बड़ी चुनौती बताया और कहा कि जब तक किसानों और श्रमिकों की आय नहीं बढ़ेगी, तब तक बिहार समृद्ध नहीं हो सकता। इसके लिए तकनीक आधारित खेती, बटाईदार किसानों को स्थायी अधिकार और कृषि सुधार अनिवार्य हैं। रोजगार पर बोलते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि केवल सरकारी नौकरी को ही लक्ष्य बनाना व्यवहारिक नहीं है। युवाओं को रोजगार मांगने वाले नहीं, देने वाला बनने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से स्वरोजगार की ओर बढ़ने और उद्यमिता को अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सरकार को चाहिए कि वह युवाओं के लिए ऋण और प्रशिक्षण की सरल व्यवस्था करे। कार्यक्रम में युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और कृषि नवाचार, पर्यटन विकास, न्यूनतम मजदूरी दर में वृद्धि जैसे विषयों पर सुझाव दिए। श्री सिन्हा ने इन सुझावों की सराहना करते हुए कहा यही संवाद भविष्य के बिहार की नींव है। कार्यक्रम की शुरुआत में ऋतुराज सिन्हा ने स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



## बिहार को बंगाल और सीमांचल को पाकिस्तान नहीं बनने देंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुजफ्फरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने आज मुजफ्फरपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान विपक्ष पर करारा हमला बोला। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिहार को बंगाल नहीं बनने देंगे और सीमांचल को पाकिस्तान बनने की इजाजत किसी भी हाल में नहीं दी जाएगी। ऋतुराज सिन्हा ने आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस वोट बैंक के लोभ में घुसपैठियों को संरक्षण देने की कोशिश कर रही हैं जो बिहार की सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि बंगाल और असम में घुसपैठ की वजह से स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है, लेकिन राजद और कांग्रेस इससे कोई सबक लेने को तैयार नहीं हैं। भाजपा नेता ने कहा कि विपक्ष चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठा रहा है और भ्रम फैलाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजद के नेता दो-दो जगह से वोटर बनकर चालें चल रहे हैं, लेकिन जनता अब सजग है और जंगलराज को दोबारा नहीं लौटने देगी। ऋतुराज सिन्हा ने राजद और कांग्रेस को 'क्रेडिट चोर' करार देते हुए कहा कि ये दोनों दल पहले ही चुनावी हार मान चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद की राजनीति अब केवल झूठ, भ्रम और भय फैलाने तक सिमट कर रह गई है। अपने मुजफ्फरपुर दौरे के दौरान ऋतुराज सिन्हा ने उद्यमियों, छात्रों और चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों से मुलाकात कर बिहार के विकास में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि अब समय आ गया है जब बिहार को देश का अग्रणी राज्य बनाया जाए और जो लोग राज्य को गुमराह करना चाहते हैं, उन्हें करारा जवाब दिया जाए।

## सीतामढ़ी और दिल्ली के बीच अमृत भारत ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रक्सौल-नरकटियागंज-गोरखपुर-लखनऊ-कानपुर-गाजियाबाद के रास्ते सीतामढ़ी और दिल्ली के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 8 अगस्त 2025 को सीतामढ़ी और दिल्ली के मध्य चलने वाली अमृत भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा।

## राजधानी में 20 वर्षों में 140 पार्कों का विकास

### आगामी 5 वर्षों में लगभग 50 और नए पार्क होंगे विकसित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पिछले 20 वर्षों में राजधानी पटना में 140 पार्कों को नए सिरे से विकसित किया गया है। इससे शहर के हरित आवकरण का तेजी से विकास हुआ है। वर्ष 2005 से 2025 के बीच नगर निगम और संबंधित विभागों के सहयोग से शहर में अलग-अलग स्थानों पर कुल 140 पार्कों का निर्माण या इन्हें फिर से विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य शहरी जीवन को न केवल अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाना है, बल्कि नागरिकों को एक स्वस्थ और स्वच्छ जीवनशैली प्रदान करना भी है। आम लोगों को रोजाना की व्यस्तता वाली जीवनशैली में सुकून देने वाला हरित सार्वजनिक स्थल की सुविधा प्रदान करना है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन पार्कों का विकास सिर्फ हरियाली बढ़ाने तक सीमित नहीं है। बल्कि पर्यावरण संरक्षण, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देने की एक कोशिश है। नई पार्क नीति में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को ध्यान में रखते हुए कई तरह की विशेष सुविधाओं को जोड़ा जा रहा है। पटना के प्रमुख क्षेत्रों जैसे बेली रोड, कंकड़बाग, राजेंद्र नगर, दानापुर और फुलवारी शरीफ में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कई नए पार्क बनाए गए हैं। इन पार्कों में वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम, योगा प्लेटफॉर्म, फव्वारे और बच्चों के खेलने के उपकरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे शहर का सौंदर्य भी बढ़ा है। अगले पांच वर्षों में लगभग 50 और नए पार्कों को विकसित करने की योजना है। इन नए पार्कों में सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटिंग, वर्षा जल संचयन और कचरा प्रबंधन की आधुनिक तकनीकें शामिल की जाएंगी।

## राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस पर खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने किया विशेष सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस के अवसर पर पटना वीमेंस कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग एवं फैशन डिजाइनिंग विभाग के सहयोग से एक विशेष व्याख्यानतथा फैशन शो का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे पटना वीमेंस कॉलेज के बी.जे. सुलिवन हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय हस्तकरघा उद्योग, विशेषकर खादी को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सीनियर प्रोफेशनल (डिजाइन) और एनआईएफटी पटना के पूर्व छात्र सुभाष कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने 'खादी और आधुनिक फैशन उद्योगः स्वतंत्रता के वस्त्र से फैशन स्टेटमेंट तक' विषय पर संबोधित किया।



अपने व्याख्यान में श्री कुमार ने बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की भूमिका पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह बोर्ड न केवल खादी और हस्तकरघा उद्योग को बढ़ावा देने का कार्य करता है, बल्कि स्थानीय कारीगरों को रोजगार के अवसर, प्रशिक्षण और स्टार्टअप्स हेतु सरकारी सहायता भी प्रदान करता है। उन्होंने खादी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह वस्त्र केवल एक पारंपरिक पहचान ही नहीं, बल्कि सतत और पर्यावरण अनुकूल फैशन का प्रतीक भी बन चुका है। श्री कुमार ने खादी और हस्तकरघा के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि कैसे ये दोनों भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हैं। यह कार्यक्रम डॉ. सिस्टर एम. तनिषा ए.सी., विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सभी ने अत्यंत सराहा। यह आयोजन बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की पहल और योगदान को उजागर करते हुए छात्रों को भारत की हस्तकरघा परंपरा से जोड़ने में सफल रहा।

## बिहार लगातार 11वें महीने दवा आपूर्ति में रहा देशभर में नंबर वन : मंगल पाण्डेय

### डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य विभाग में ऐतिहासिक विकास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार के डीवीडीएमएस पोर्टल के अनुसार बिहार लगातार 11 वें महीने दवा आपूर्ति और वितरण के क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर बना हुआ है। यह राज्य सरकार की स्वास्थ्य सुधार के प्रति प्रतिबद्धता और आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। सितंबर 2024 से लगातार अभी तक 11 महीनों में दवा आपूर्ति के क्षेत्र में बिहार का देश में नंबर वन बना रहना सरकार की जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक सुलभ और समय पर पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य में निरंतर स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति की जा रही है एवं नए अस्पतालों का निर्माण कराया जा रहा है। राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की नई उपलब्धियां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में संभव हो पाई है। सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक को बेहतर, सुलभ और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है और इसमें बिहार लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि डीवीडीएमएस पोर्टल के अनुसार बिहार 82.13 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। राजस्थान 78.61 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर और पंजाब 73.28 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2005 से राज्य में स्वास्थ्य सुधार की एक नई दिशा की शुरुआत हुई थी। इसी क्रम में 1 जुलाई 2006 को कैबिनेट की मंजूरी के बाद राज्य में मुफ्त दवा वितरण नीति लागू की गई। 2006 में केवल 47 प्रकार की दवाएं उपलब्ध थीं जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 611 हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 20 अन्य प्रकार की दवाएं एवं 132 प्रकार के मेडिकल डिवाइसेज/कन्ज्यूमेबल भी मुफ्त प्रदान किए जा रहे हैं। अब प्रदेश में अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को आवश्यकता अनुसार मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि जीवन रक्षक दवाओं से लेकर कैंसर, गठिया, अस्थमा, एलर्जी, रक्त थक्के और एंटी-एलर्जिक जैसी जटिल बीमारियों की दवाएं भी निःशुल्क मिलें। श्री पाण्डेय ने कहा कि राज्य में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सराहनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2005 में मातृ - मृत्यु दर 365 थी, जो अब घटकर 91 पर आ गई है। शिशु - मृत्यु दर घटकर अब 27 है जो राष्ट्रीय औसत के बराबर है। वहीं पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर 29 है जो राष्ट्रीय औसत से भी बेहतर है। नवजात शिशु मृत्यु दर (0-28 दिन) अब 19 है, जो राष्ट्रीय औसत के समकक्ष है।

## हम और जाप नेताओं ने की सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के युवा नेता सूरज कुमार राय एवं जन अधिकार पार्टी (जाप) के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश राम के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने दोनों नेताओं और उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से औरंगाबाद जिला में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। कांग्रेस पार्टी में युवाओं, जनप्रतिनिधियों और जमीनी कार्यकर्ताओं की भागीदारी पार्टी को और मजबूत बना रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में बिहार में कांग्रेस की ताकत को कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता।



## मुखिया नहीं मिसाल हैं पूजा, गरारी पंचायत की चमक लाल किले तक पहुंची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इससे बड़ी बात और क्या होगी कि बिहार के गांव की मिट्टी में रचे-बसे संस्कारों से सजी एक युवा महिला जब नेतृत्व की बागडोर संभालती है तो वो सिर्फ पंचायत नहीं, पूरे राज्य का गौरव बन जाती है। बात हो रही है गया जिले के कोंच प्रखंड अंतर्गत गरारी पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी की जो राज्य की सबसे युवा और दो बार निर्वाचित मुखिया हैं। पूजा कुमारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए इस स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को दिल्ली के लाल किले पर होने वाले मुख्य समारोह में शामिल होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का अवसर मिला है। महज 25 वर्ष की उम्र में उन्होंने जिस प्रकार पंचायत में विकास और महिला सशक्तिकरण की अलख जगाई है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्पद है। यह सम्मान केवल पूजा के लिए नहीं, बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने अपने कार्यों से साबित कर दिया है कि उम्र नेतृत्व की कसौटी नहीं होती, बल्कि संकल्प और संवेदनशीलता ही असली नेतृत्व की पहचान है। वे मानती हैं कि आज जो भी है वह अपने पंचायत के लोगों के आशीर्वाद और विश्वास के कारण हैं।



**वूमेन फ्रेंडली पंचायत**

पूजा बताती हैं कि जनसेवा का बीज उन्हें अपने दादा ससुर से विरासत में मिला। आज गरारी मॉडल वूमेन फ्रेंडली पंचायत के रूप में पहचाना जाता है जबकि कुछ वर्ष पहले तक यहां की महिलाएं अपने अधिकारों से तकरीबन अनभिज्ञ थीं। उन्होंने मनरेगा और स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा। इससे पंचायत की महिलाओं में आत्मनिर्भरता आई और घरेलू हिंसा की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगा। पूजा का मानना है कि जब महिलाओं को अधिकार और आजीविका दोनों मिल जाए तो वे समाज का चेहरा बदल सकती हैं।

## रोटरी अद्विका की पहल, सहेली सेंटर-पोस्ट ऑपरेशन वार्ड शुरू




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब पाटलिपुत्र अद्विका की वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी गठित हुई। इसमें बबीता बिदासरिया को अध्यक्ष और नीतू बिरला को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही रोटरी की मंडल अध्यक्ष रोटेरियन नम्रता की क्लब विजिट भी हुई। कार्यक्रम की शुरुआत डे प्रोजेक्ट्स के साथ हुई। इसमें समाजसेवा और महिला सशक्तीकरण की झलक दिखी। रोटरी अद्विका की ओर से फुलवारीशरीफ प्रखंड के उसरी गांव को गोद लिया गया है। यहां एक पुराने तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य शुरू किया गया और उसके चारों ओर पौधरोपण कर हरित वातावरण का संदेश दिया गया। गांव में ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहेली सेंटर की शुरुआत की गई। सेंटर में चार सिलाई मशीनें, एक पीको मशीन और एक इंटरलॉक मशीन लगाई गई है। इसका उद्घाटन मंडल अध्यक्ष नम्रता ने किया। इसके बाद महावीर सीनियर सिटीजन अस्पताल राजीव नगर में रोटरी अद्विका की ओर से बनाए गए पोस्ट ऑपरेशन वार्ड का उद्घाटन भी डीजी नम्रता के हाथों सम्पन्न हुआ।

## कुलपति ने नए कैंपस का किया औचक निरीक्षण

### प्रशासनिक और एकेडमिक भवन का कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का नया कैंपस बख्तियारपुर में बनाया जा रहा है। इसके लिए सरकार की ओर से दो अरब से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। नए कैंपस का निर्माण कार्य भी तेजगति से चल रहा है। विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह गुरुवार को नए कैंपस का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। कुलपति ने चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। वहां कार्य कर रही एजेंसी को कई तरह के निर्देश दिये। बनाए जा रहे भवन में किसी तरह की कोई कमी नहीं रह जाए, इसके लिए विश्वविद्यालय के इंजीनियरों की टीम को नियमित तौर पर मॉनिटीरिंग करने का निर्देश दिया गया। कुलपति ने 15 दिनों के नियमित अंतराल पर विश्वविद्यालय के इंजीनियर सरोज शर्मा और अनिल प्रसाद को नए कैंपस में चल रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देने और वहां कार्य कर रही टीम के साथ समन्वय बनाकर कार्य कराने का निर्देश दिया है। ताकि किसी तरह की कोई समस्या नहीं हो सके। कुलपति ने प्रशासनिक और एकेडमिक भवन का कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पहले पूरा कराने को कहा। 2026 के अगला स्वतंत्रता दिवस समारोह का झंडा नए कैंपस फहराने का लक्ष्य तय किया गया। कुलपति ने सभी ब्लॉक में जाकर भ्रमण किया। मौके पर विश्वविद्यालय के डीन प्रो राजीव रंजन, प्रॉक्टर प्रो मनोज कुमार, कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्राचार्य प्रो इन्द्रजीत राय, डीन एजुकेशन डॉ कमल कुमार बौद्ध, सीनेट सदस्य अजय यादव सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।



## डीएचएल एक्सप्रेस ने राखी एक्सप्रेस की शुरुआत की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स में अग्रणी डीएचएल एक्सप्रेस ने अपनी वार्षिक त्योहार विशेष सेवा 'राखी एक्सप्रेस' की शुरुआत की है जिसका उद्देश्य रक्षाबंधन पर्व के इस विशेष अवसर पर परिवारों को जोड़ना और दूरियों को मिटाना है। इस पहल के तहत ग्राहकों को आकर्षक छूट दी जा रही है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय राखी और गिफ्ट शिपमेंट्स पर शुल्क 3,099 रुपये से शुरू होता है। यह ऑफर देशभर में डीएचएल के 700 से अधिक रिटेल आउटलेट्स और इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर 9 अगस्त 2025 तक मान्य है। जो ग्राहक स्टोर पर जाकर यह सेवा लेना चाहते हैं, वे बुकिंग के समय प्रोमो कोड का उपयोग करके छूट प्राप्त कर सकते हैं। रक्षाबंधन भाई-बहनों के बीच स्नेह और एक-दूसरे की सुरक्षा का वचन निभाने का उत्सव है।

## मौजूदा दौर के महत्वपूर्ण उपन्यासकार हैं दीर्घ नारायण : डॉ शिवनारायण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिंदी उपन्यास के समकालीन परिदृश्य में जो उपन्यासकार बेहतरीन लेखन कर रहे हैं उनमें दीर्घ नारायण एक महत्वपूर्ण उपन्यासकार हैं। उनका नया उपन्यास अधभूतल छियानवे रियल स्टेट के माध्यम से अपने समय की पेचीदगियों को सशक्त ढंग से सामने लाता है। ये बातें 'समकालीन उपन्यास और कथाकार दीर्घ नारायण' विषयक संगोष्ठी में शामिल वक्ताओं ने कहीं। इससे पूर्व श्रीअरविंद महिला कॉलेज सभागार में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन लखनऊ के वरिष्ठ लेखक शैलेन्द्र सागर, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति कृष्ण कुमार सिंह, इंदौर से आए वीणा के संपादक राकेश शर्मा और 'नई धारा' के संपादक शिवनारायण, श्रीअरविंद महिला कॉलेज कालेज की प्राचार्या डा साधना ठाकुर ने समवेत रूप से किया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ शिवनारायण ने की और स्वागत भाषण कालेज की प्राचार्या डा साधना ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार लेखक डा ध्रुव कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डा बलिराजी मौर्या ने किया। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि दीर्घ नारायण रेणु जी के अंचल से आनेवाले अपने समय के संभावनाशील लेखक हैं। इस उपन्यास में गांधीवादी दर्शन और क्रांतिकारिता की पुट है। कथाकार शैलेन्द्र सागर ने कहा कि लेखक ने गहराई से विषय की विवेचना की है। अध्यक्षता करते हुए नई धारा के संपादक शिवनारायण ने कहा कि समकालीन उपन्यासों में हाशिए का जीवन आज के समकालीन उपन्यासों में व्यापक रूप में आ रहा है।




## पूर्व मध्य रेल में स्वतंत्रता दिवस उत्सव के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** स्वतंत्रता दिवस उत्सव-2025 के उपलक्ष्य में आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे भारतीय रेल में 01 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक, समस्तीपुर के द्वारा हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी बूथ की शुरूआत की गई। दानापुर मंडल के राजेन्द्र नगर रेलवे स्टेशन पर लाउड स्पीकर के माध्यम से जन-जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया गया। बख्तियारपुर स्टेशन पर रेलवे ट्रैक की गहन साफ-सफाई की गई साथ ही साथ किऊल स्टेशन पर कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान किया गया। समस्तीपुर एवं सोनपुर मंडल के कॉलोनियों में जागरूकता रैली निकाली गई।



# नवादा में 'आकांक्षा हाट' का भव्य शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** गुरुवार को नगर भवन, नवादा के परिसर में 'आकांक्षा हाट' का भव्य शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन भी किया। प्रभारी जिला पदाधिकारी ने बताया कि 'आकांक्षा हाट' एक ऐसा मंच है जहां नवादा जिले के स्थानीय हस्तशिल्प, हथकरघा तथा विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य जिले की कला, संस्कृति और कलाकारों को पहचान दिलाना तथा उनके उत्पादों को बढ़ावा देना है।

हाट में केवल खरीदारी की सुविधा ही नहीं है, बल्कि विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें आईसीडीएस, बैंकिंग, उद्योग, जीविका, राजस्व आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ आमजन सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकते हैं। यह 'आकांक्षा हाट' दिनांक 7 अगस्त 2025 से 09 अगस्त 2025 तक चलेगा। नवादा वासी इस दौरान स्थानीय कलाकारों एवं स्टार्टअप्स द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर उत्पादों को देख एवं खरीद सकते हैं। यह हाट नवादा की सांस्कृतिक विरासत एवं उद्यमिता को एक नई दिशा देने का सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) निरूपमा शंकर, डीपीएम स्वास्थ्य विभाग अमित कुमार, सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## राजस्व महाअभियान को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन में गुरुवार को राजस्व महाअभियान को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्व पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, अमीन, राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव को प्रशिक्षण दिया गया। जिला बंदोबस्त पदाधिकारी मनोज कुमार ने भूमि सर्वेक्षण से सम्बंधित राजस्व महाअभियान के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कहा गया आगामी 16 अगस्त से राजस्व महाअभियान कार्यक्रम शुरु होगा, जो 20 सितंबर 2025 तक चलेगा। प्रशिक्षण में जमाबंदी, सुधार, बंटवारे, दाखिलखारीज समेत अन्य बिंदुओं पर बारीकी से समझाया गया। इसके लिए शिविर भी आयोजित की जाएगी। रैयतों के घर घर जाकर प्रपत्र का वितरण किया जायेगा। मौके पर राजस्व पदाधिकारी सह कानूनगो अशोक कुमार झा, सीओ रईस आलम, बीपीराओ सानिया परवीन, पीओ नीतीश कुमार, शिविर प्रभारी आकाश राज समेत शामिल रहे।

### स्कूल पूर्ववर्ती छात्रों ने विद्यालय को भेंट किया एसी

**बिहारशरीफ।** आर.डी.एच. उच्च विद्यालय के पूर्ववर्ती मेधावी एवं व्यवहार कुशल छात्र मनोज कुमार एवं आकेश कुमार पिता स्व. रामचन्द्र रोहतगी ने वातानुकूलित यंत्र (एसी) विद्यालय को भेंट किया। स्वर्गीय रामचंद्र रोहतगी अवकाश प्राप्त पी.एच. ई. डी. राजगीर के थे। पैतृपक निवासी वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय पवेलियन जिन्स कम्पनी दिल्ली के प्रोपराइटर के रुप में हैं। दोनों भाईयों ने आत्मीय भाव से ओत -प्रोत होकर आर डी एच प्लस 2 विद्यालय राजगीर को वातानुकुलित यंत्र भेंट किया।

## सरकारी जमीन बनी कब्जे की शिकार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर के हसनपुर से होकर नालंदा विश्वविद्यालय जाने बाली सड़क किनारे जो सरकारी भूमि इन दिनों अतिक्रमण का शिकार हो रही है। सरकारी दस्तावेजों में दर्ज यह जमीन अब निजी इस्तेमाल की ओर बढ़ रही है, कोई दुकान तान रहा है, तो कोई दीवार खड़ी कर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो यह अतिक्रमण कोई नई बात नहीं, लेकिन हाल के दिनों में इसकी रफ्तार तेज हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जहा से बरसात के पानी का निकास होता वहां दीवारें खड़ी हो रही हैं। अगर यही चलता रहा तो आने वाले दिनों में जल निकासी बड़ा समस्या बन जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की जमीन को देखकर लोग सोचते हैं कि खाली है, तो कब्जा कर लो। ब्रोकर भी सरकारी जमीन बेचकर अपना जेब भर रहे हैं। कोई डर नहीं, कोई रोकने वाला नहीं। सरकारी अधिकारियों की चुप्पी इस समस्या को और गंभीर बना रही है। न तो कोई नोटिस जारी हो रहा है, न ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सरकार की अपनी जमीन सुरक्षित नहीं, तो आम जनता की जमीन कैसे सुरक्षित रहेगी।

## मध्य विद्यालय जहाना में छात्रों की दुर्दशा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** बिंद प्रखंड के मध्य विद्यालय जहाना में छात्रों की स्थिति दयनीय है, जहां एक से तीसरी कक्षा तक के लगभग 31 बच्चे आज भी बेंच की कमी के कारण फर्श पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। यह समस्या न सिर्फ बच्चों की शारीरिक सेहत के लिए खतरा है, बल्कि उनकी शिक्षा पर भी बुरा असर डाल रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिशुरंजन कुमार ने बताया कि इस समस्या की जानकारी उन्होंने कई बार वरीय अधिकारियों को दी है। उन्होंने कहा हमने कई बार इस बारे में पत्र लिखकर और मौखिक रूप से अधिकारियों को सूचित किया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। यह लापरवाही स्कूल प्रशासन के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है, क्योंकि वे चाहते हुए भी बच्चों को बेहतर सुविधाएं नहीं दे पा रहे हैं। यह मुद्दा केवल स्कूल तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय अभिभावकों और ग्रामीणों के बीच भी नाराजगी का कारण बना हुआ है। एक अभिभावक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, ठंड के मौसम में बच्चों को फर्श पर बैठने से सर्दी-जुकाम की शिकायत हो जाती है। एक ओर बेंच खरीदारी के नाम पर नालंदा में करोड़ों रूपए का घोटाला हुआ है। लेकिन कोई अधिकारी इस मामले की जांच करने के बजाय इसे दबाने में जुटे हैं। जिसका परिणाम है कि सरकार के द्वारा सभी विद्यालयों में बेंच आपूर्ति किए जाने के बाद भी बच्चे फर्श पर बैठ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

## अवैध संबंध का विरोध करने कर विवाहिता की गला दबाकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा गांव में अवैध संबंध का विरोध करने पर ससुराल वालों ने विवाहिता की गला दबाकर हत्या करने के बाद उसके शव को फंदे से लटका दिया ताकि घटना आत्महत्या प्रतीत हो। मृतका गोविंद कुमार की 22 वर्षीय पत्नी सुषमा कुमारी है। उसकी शादी 2022 में हुई थी। चंडी थाना क्षेत्र के हसनी गांव निवासी मृतका के भाई का आरोप है कि पति का किसी अन्य महिला से अवैध संबंधों था। इसका जब-जब वह विरोध करती थी तब वह दहेज की मांग करने लगता था। बच्ची के जन्म लेने के बाद ससुराल वाले उसे पर और सितम ढाने लगे। रात दोनों के बीच इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद पति ने बेल्ट और डंडे से सुषमा की बेरहमी से पिटाई की और फिर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलने पर मायके वाले जब उसका ससुराल पहुंचे तो देखा कि कमरे में बेड पर बेल्ट, डंडा और दो धारदार चाकू पड़े हुए थे। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं डेढ़ साल की बेटी तन्नू कुमारी और 9 महीने का बेटा तेजस कुमार। दीपनगर थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया क्या है आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(अज्ञात मृत पुरुष के शव का फोटो, उम्र–करीब 35 वर्ष)**



नगर उंटारी थाना कांड सं0–149/2024, दिनांक–26.06.2024, धारा–279, 304(A) भा0द0वि0 के वादी स0अ0नि0 संजय पासवान वर्तमान पदस्थान–नगरउंटारी थाना, जिला–गढ़वा के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी अभियुक्त अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध तेजी एवं लापरवाही से गाड़ी से धक्का मारकर अज्ञात व्यक्ति (पुरुष) उम्र–करीब–35 वर्ष, पता–नामालुम की मृत्यु हो जाने के आरोप में दर्ज किया गया है। वादी स0अ0नि0 संजय पासवान दिनांक–25.06.2024 की रात्री गष्ती में सशस्त्र बलों के साथ गष्ती कर रहे थे, समय करीब 01:00 बजे सूचना मिली की NH-75 पाल्हे में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त होकर जख्मी हो गये है। तत्पश्चात सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंचे तो देखे कि एक अज्ञात व्यक्ति जख्मी हालत में खुन से लथपथ सड़क पर गिरा पड़ा है तथा सर कुचला हुआ है। आसपास एवं स्थानीय लोगो के द्वारा बताया गया कि अज्ञात व्यक्ति को अज्ञात वाहन चालक के द्वारा तेजी व लापरवाही से धक्का मारकर फरार हो गया है। जख्मी व्यक्ति का नाम, पता के बारे में पुछताछ करने पर कोई पहचान नहीं हो पाई। जिसके त्वरित कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से अनुमंडलीय अस्पताल, नगर उंटारी ईलाज हेतु ले जाया जहाँ चिकित्सक के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव को दिनांक–25.06.2024 को पोस्टमार्टम व अग्रीम कार्रवाई हेतु सदर अस्पताल गढ़वा लाया गया एवं पोस्टमार्टम कराया गया। उक्त अज्ञात मृत व्यक्ति के पहचान हेतु हरसंभव प्रयास किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात मृत पुरुष के शव का पहचान या इनके परिजन के बारे में किसी भी प्रकार कि लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :– उम्र करीब–35 वर्ष, लम्बाई करीब–05 फिट 05 इंच,
रंग– गेहुँवन–सांवला, पहनावा–सफेद, निला रंग का छिटदार शर्ट
पहने हुए।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

**PR 359038 Police(25-26).D**



## 52 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 6 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में आठ एवं अन्य गिरफ्तारी 44 कुल 52 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 47.5 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-48 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-06 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 420 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि एक लाख 71 हजार 500 रूपया वसूला गया है।

अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक स्कूटी एवं तीन अपहृता बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

## भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता और सुधार हेतु तकनीकी रणनीतियों पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा ।** 7 अगस्त 2025 को नवादा जिले के सभी अंचलों में राजस्व महाअभियान के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजस्व महाअभियान के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। द्वराजस्व महाअभियान का मूल उद्देश्य भूमि से संबंधित अभिलेखों में सुधार, अद्यतन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, ताकि आमजन को उनके भूमि अधिकारों के प्रति जागरूक और सशक्त बनाया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान दैनिक गतिविधियों, आवेदन प्रक्रिया, फील्ड वेरीफिकेशन, तकनीकी हस्तक्षेप एवं समाधान की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

नवादा सदर अंचल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह महाअभियान न केवल एक प्रशासनिक कवायद है, बल्कि यह एक जनोन्मुखी पहल है जिसका उद्देश्य हर घर तक राजस्व सेवाओं की पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जमाबंदी की प्रति, पंपलेट एवं आवेदन प्रपत्र घर-घर वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक हल्का स्तर पर दो-दो शिविरों का आयोजन कर जनसामान्य से प्राप्त आवेदनों को साक्ष्य के साथ कंप्यूटरीकृत किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों से अपेक्षा की कि वे जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर अभियान को सफल बनाएं और गांवों में पूछे जाने वाले प्रश्नों का सकारात्मक, तथ्यानुकूल एवं संतोषजनक उत्तर देने हेतु तैयार रहें। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि वे अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर त्वरित, पारदर्शी एवं जनहितकारी समाधान सुनिश्चित करें। यह अभियान न केवल राजस्व व्यवस्था को सशक्त करेगा, बल्कि नागरिकों की भूमि संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान भी प्रदान करेगा। इस अवसर पर भूमि सुधार उप समाहर्ता, नवादा, अंचल अधिकारी नवादा सदर, प्रखंड विकास पदाधिकारी नवादा सदर, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी नवादा सदर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।



### जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू
### पलामू समाहरणालय, मेदिनीनगर– 822101

दूरभाष सं0–06562–222621 ई–मेल :– Palamau.MDM@gmail .com

**–: आवश्यक सूचना :–**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 06–08 के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग हेतु सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 एवं निदेशक (प्रा0शि0) के पत्रांक 1159 दिनांक 04.08.2025 के आलोक में कक्षा 06 से 08 (गणित एवं विज्ञान) संबंधित कुल 142 अनुशंसित अभ्यर्थियों का सूची प्राप्त हुआ है जिनका काउंसिलिंग दिनांक 13.08.2025 को पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक **जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार** में आयोजित की जायेगी।

उक्त विभागीय निदेशानुसार स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 06 से 08 के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की सूची (नाम एवं अनुशंसा) को अधिकारिक वेबसाइट **www.palamu.nic.in** पर दिनांक 07.08. 2025 को अपलोड किया गया है, संबंधित अभ्यर्थियों के संबंध में कॉउसिलिंग का स्थान **जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार** में निर्धारित की जाती है। काउंसिलिंग हेतु सभी जानकारी/शर्ते जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.palamu.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
पलामू

**PR 359066 District(25-26)#D**



## पइन के पानी से स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**नवादा।** जिला मुख्यालय से सटे कादिर गंज के तेली टोला इलाके में पइन में बरसात का पानी ओवरफ्लो होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल जमाव की निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह परेशानी उत्पन्न हुई है। मुख्य मार्ग से घरों तक पहुंचाने के लिए लोगों को नाली के पानी में प्रवेश करके जाना पड़ रहा है । स्थानीय निवासी ने बताया कि इस संबंध में स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ मुखिया को भी सूचित किया परंतु, जल निकासी के संबंध में कोई भी समाधान नहीं हो सका। मजबूरन बरसात के दिनों में लोगों को पानी में चलकर अपना घर पहुंचना पड़ रहा है। रात में सबसे ज्यादा परेशानी होती है, जब बाजार से लोग अपने घर पहुंचते हैं। तब नाली में विभिन्न प्रकार के कीड़े और सांप रेंगते हुए देखे जाते हैं। इस परिस्थिति में लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। तेली टोला निवासी सोनू साव का कहना है कि जिला प्रशासन इस संबंध में समुचित कार्रवाई नहीं करेगी तो हम लोगों का जीना दुश्वार हो जाएगा। जल जमाव की समस्या से लगभग 20 से अधिक घर प्रभावित है। बताया जाता है कि नाले की सफाई नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। वर्तमान मुखिया और इससे पूर्व के मुखिया द्वारा किए जा रहे अनदेखी के परिणाम स्वरुप यह समस्या उत्पन्न हूई है ।

## हस्तकरघा दिवस समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** हस्तकरघा दिवस के अवसर पर कादिरगंज, नवादा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर कुमार, अध्यक्ष, कादिरगंज-पचोहिया बुनकर सहयोग समिति द्वारा की गई। इस आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक हस्तकरघा उद्योग के महत्व को उजागर करना, बुनकर समुदाय को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आधुनिक तकनीकों व योजनाओं की जानकारी देना रहा। मुख्य वक्ताओं ने हस्तकरघा उद्योग की सांस्कृतिक विरासत, उसकी वर्तमान प्रासंगिकता, और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे कि प्रधानमंत्री बुनकर मुद्रा योजना, गक्क्क योजनान्तर्गत कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने से संबंधित आदि की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुनकरों, स्थानीय नागरिकों और संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने हस्तकरघा क्षेत्र को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम में अमित विक्रम भारद्वाज, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, नवादा की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना कांड सं0–12/2020 दिनांक–08.02.2020 धारा–414 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त शशिकांत शर्मा, पिता–स्व0 विनोद मिस्त्री, साकिन–कोरियाडीह, थाना–तरहसी जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003
थाना प्रभारी, तरहसी :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

**PR 359077 (Police)25-26*D**



## पुण्यतिथि पर शहीद विजय कुमार को दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दनियावां(पटना)।** प्रखंड के सरथुआ गांव में शहीद विजय कुमार को 21वीं पुण्यतिथि पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर युवाओं और स्कूली बच्चों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शहीद विजय कुमार ने 6 अगस्त 2004 को जम्मू कश्मीर के आरिगुरिपुरा सेक्टर में आतंकवादियों से वीरता पूर्वक लड़ते हुए अपनी शहादत दी थी। ग्रामीण आज भी उस दिन को याद कर भावुक हो जाते हैं। उनकी प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा 2010 में हुआ था। पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में शहीद के भाई मनोज कुमार, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष रवि कुमार, ज्ञानस्थली विद्यालय के निदेशक रवि रंजन, खरभैया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र चौधरी, शहीद विजय क्लब के अध्यक्ष मुकेश कुमार, अविनाश कुमार, राजीव कुमार, ई0 रंजन कुमार विक्कू, संतोष कुमार एवं दर्जनों लोग मौजूद रहे। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय गीत गाये और भारत माता के वीर सपूत के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पकरीबरावां।** गुरुवार को पकरीबरावां उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में बच्चों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा की देख रेख में बच्चों ने पौधरोपण किया। विद्यालय की छात्रा नौसिन, रिफत, नाजरीन, करीना छात्र आयन, दिलखुश सहित अन्य ने पौधे लगाए। प्रधान शिक्षक ने बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने को कहा। कहा कि विद्यालय परिसर के अलावा बच्चे अपने घर एवं घर के आस पास भी पौधे लगाए। कहा गया कि केवल पौधे लगाए नहीं बल्कि उसकी सुरक्षा भी करें। बच्चों को एक पेड़ मां के नाम का भी संदेश दिया गया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक मो. अख्तर, फरहत जहां, मो. सोहराब कुरैशी, अभिजीत कुमार, अजय कुमार विश्वकर्मा, रेखा कुमारी आदि उपस्थित थे।



### JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED

(CIN – U40108JH2013-SGC001702)

Electric Supply Circle, Garhwa

E-mail: esegarhwa@yahoo.in

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 136/PR/ JBVNL/ 2025-26 | Repair and Maintenance of Water supply system of 33/11 KV P/S/S Garhwa I and staff quarter at Garhwa under Electric Supply Circle, Garhwa | 373000/– | (03) Three Months | 7500.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 28 /08 /2025 upto 03:00 PM | 28/08/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply Circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 359133 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)D

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Garhwa

# मगध विश्वविद्यालय में वित्तीय पारदर्शिता के नए युग की शुरुआत : प्रो. एस.पी. शाही

## प्रो. सुधीर कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कमेटी गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने वित्तीय पारदर्शिता, जवाबदेही और संस्थागत समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के खातों का व्यापक ऑडिट कराने का ऐलान किया है। इस कार्य के लिए विश्वविद्यालय स्तर से विशेष लेखा परीक्षक (ऑडिटर) की नियुक्ति की गई है। कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने कहा कि यह पहल केवल एक वित्तीय सुधार नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की नई कार्यसंस्कृति की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि हम केवल शैक्षणिक गुणवत्ता में ही नहीं,




बल्कि वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता में भी पूरे बिहार में मिसाल कायम करना चाहते हैं। छात्रों से ली गई फीस केवल आंकड़े नहीं, बल्कि महाविद्यालयों के संचालन की जीवनरेखा होती है। हर संस्थान को उसका उचित अधिकार समय पर और पारदर्शी तरीके से मिलना चाहिए। इस प्रक्रिया को निष्पक्ष, त्वरित और तकनीकी रूप से सुसंगत बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता प्रो. सुधीर कुमार मिश्रा, प्राचार्य, एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद करेंगे। उनके साथ प्रो. (डॉ.) सत्येंद्र प्रजापति (प्राचार्य, जगजीवन कॉलेज) एवं प्रो. सतीश सिंह चंद्र (प्राचार्य, गया कॉलेज, गया) को सदस्य बनाया गया है। यह समिति प्रत्येक महाविद्यालय में नामांकन शुल्क सहित समस्त लेन-देन की जांच कर यह सुनिश्चित करेगी कि तय प्रक्रिया के तहत राशि का वितरण हो। कुलपति ने जोर देकर कहा कि यह कदम विश्वास बहाली का माध्यम बनेगा और विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों के बीच सहयोग व उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करेगा। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय की 'नई कार्यसंस्कृति' बताते हुए कहा कि तात्कालिकता, पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता को अब शासन प्रणाली का अनिवार्य हिस्सा बनाया जा रहा है। कुलसचिव ने भी सभा को संबोधित करते हुए महाविद्यालयों को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रशासनिक फाइलों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। कुलसचिव ने सभी उपस्थित प्राचार्यों, लेखापालों और बरसरों को धन्यवाद ज्ञापित कर सभा का समापन किया। आज की बैठक में मगध विश्वविद्यालय के 19 अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्य, लेखापाल एवं बरसर उपस्थित थे जिन्होंने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

# मंत्री डा. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में पितृपक्ष मेला की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में आयोजित होने वाले पितृपक्ष मेला 2025 के सफल आयोजन को लेकर बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में रेड क्रॉस सभागार में डीएम, एसएसपी सहित तमाम जिला स्तरीय पदाधिकारी, पितृपक्ष के विभिन्न कोषांग के पदाधिकारियों एवं समाजसेवीगण के साथ बैठक की गई। डीएम शशांक शुभंकर द्वारा पितृपक्ष मेला के आयोजन को लेकर अब तक किए गए विभिन्न कार्यों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। डीएम ने बताया कि इस वर्ष 6 सितंबर से 21 सितंबर तक पितृपक्ष मेला का आयोजन रहेगा। जून माह से ही पितृपक्ष मेला की तैयारी का कार्य प्रारंभ कर ली गई है। पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के लिए 19 प्रकार के कोषांग का गठन किया गया है। सभी कोषांग को अलग-अलग दायित्व दिए गए हैं और उसका साप्ताहिक प्रगति का समीक्षा भी लगातार की जा रही है। इस वर्ष यात्रियों के लिये 2500 क्षमता वाला टेंट सिटी बनाया जाएगा। सामुदायिक भवन एवं अन्य आवासन के लिए 37 की संख्या में भवन चिन्हित किये गए हैं जिनमें 10430 की आवासन क्षमता है। होटल/ रेस्ट हाउस की 106 संख्या में चिन्हित किये गए हैं जिनकी क्षमता 6735 है। इसके अलावा पंडा के निजी भवन एवं धर्मशाला के लिये 534 की संख्या में चिन्हित किये गए हैं जिनमें 47142 की आवासन क्षमता है। पुलिस आवासन के लिये 26 भवन चिन्हित किये गए हैं जिनमें 7210 की संख्या में पुलिस के लोग रहेंगे। इस प्रकार 751 की संख्या में आवासन स्थलों को चिन्हित किया गया है जिनमें 86947 की संख्या में लोग आवासन करेंगे। देश विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों के सुख सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम रखा गया है। इसके अलावा जलापूर्ति, स्वच्छता, वेदियों एवं तालाबों की सफाई, सड़क मरामाती तेजी से करवाया जा रहा है। स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरी दुरुस्त रखी जा रही है। दवाओं की पूरी उपलब्धता रखी जायेगी। विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था के लिये सभी डार्क स्पॉट को चिन्हित कर रौशनी की व्यवस्था करवायी जा रही है। हाई मास्ट लाइट, स्ट्रीट लाइट एवं रोप लाइट भी बड़े स्तर पर लगाया जा रहा है। वाहनों के पार्किंग के लिये 16 पार्किंग स्थल चिन्हित किये गए है। मेला अवधि में 158 रिंग बस चलाया जाएगा।

## नामांकित महादलित छात्राओं पर विशेष ध्यान देकर पढ़ाई कराने की जरूरत : उप निदेशक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गुरुवार को प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय कल्याण विभाग में उप निर्देशक दिनेश कुमार की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग महादलित विकास मिशन द्वारा संचालित नारी गुंजन विशेष आवासीय विद्यालय बोधगया की बैठक आयोजन किया गया जिसमें पिछली बैठक की अनुपालन की समीक्षा की गई वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा आवंटित कुल राशि करीब 61 लाख की लेखा जोखा का हिसाब रखा गया। उप निदेशक श्री कुमार ने कहा कि आवासीय विद्यालय में नामांकित महादलित छात्राओं पर विशेष ध्यान देकर पढ़ाई कराने की जरूरत है। इस अवसर पर सदस्य डॉ.जितेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय के विकास के लिए हर चीज पर ध्यान देने की जरूरत है। ताकि विधालय का नाम हो। बैठक में नारी गुंजन संस्था के सचिव सुधा वर्गीज ने कहा कि छात्रों पर सारी चीजों पर ध्यान रखा जाता है।

## डीएम ने मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा बीएलए के साथ की जा रही बैठक का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- डीएम शशांक शुभंकर ने गुरुवार को निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में गुरुवार को विभिन्न मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा बीएलए के साथ किये जा रहे बैठक का जायजा लिया। इस दरम्यान बीएलए के साथ 01 अगस्त को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक सूची पर प्राप्त दावा एवं आपत्ति की विवरणी साझा की जा रही है। बीएलए को यह भी सूचित किया जा रहा है कि प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल निर्वाचकों की विवरणी का सत्यापन अपने स्तर से करते हुए निर्धारित अवधि में 1 सितम्बर तक घोषणा-पत्र के साथ उनके द्वारा भी दावा-आपत्ति दाखिल की जा सकती है। इसके साथ ही 21 एवं 22 जुलाई को बीएलए के साथ पूर्व में साझा किए गए सूची एवं प्रारूप प्रकाशन के बाद मतदान केन्द्रवार तैयार अद्यतन सूची जिसमें ऐसे निर्वाचक जिनके द्वारा गणना-प्रपत्र समर्पित नहीं किया गया है एवं जिनका नाम प्रारूप निर्वाचक सूची में नहीं है, उसे भी साझा किया जा रहा है। डीएम द्वारा गया जिलान्तर्गत सभी 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को 7-8 अगस्त को अपने-अपने क्षेत्रान्तार्गत सभी मतदान केन्द्रों पर सभी बीएलओ एवं बीएलए की बैठक सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया है। डीएम द्वारा अनेकों मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी किया है, बीएलओ एवं बीएलए द्वारा किये जा रहे कार्यो के सम्बंध में जानकारी भी लिया है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए पूर्णतः पारदर्शी, सहभागितापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का संचालन किया जा रहा है।

## झोला छाप चिकित्सक ने महिला की ली जान, गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के केनार फतेहपुर पंचायत स्थित सरबहना निवासी संजू देवी की मौत ईलाज के क्रम में हो गई।आक्रोशित ग्रामीणों ने मौत की खबर से आक्रोशित झोला छाप चिकित्सक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक 5 अगस्त की शाम संजू देवी का तबीयत खराब होने पर इलाज के लिए गांव के ही ग्रामीण चिकित्सक शैलेन्द्र कुमार के पास गई थी।

## पोखरा में डूबकर बच्ची की मौत

### बीडीओ ने दी पीड़ित परिवार को 20 हजार की आर्थिक सहायता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखण्ड के श्रीगांव में बीते दिनों पोखरा में डूबकर जीतू वर्मा के 10 वर्षीय बच्ची उजाला कुमारी की दर्दनाक मौत के बाद प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को पारिवारिक लाभ योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने गुरुवार को मृतका के परिवार को 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रखण्ड कार्यालय में सौंपी। इस दौरान प्रखंड नाजिर जयंत कुमार, पंचायत की मुखिया कलावती कुमारी और उप मुखिया लालू यादव भी मौजूद रहे। बीडीओ ने परिवार को ढाढस बधाया और कहा कि प्रशासन इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ है। उन्होंने आगे कहा कि जरूरत पड़ने पर सरकार की अन्य योजनाओं के तहत भी हर संभव मदद की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उजाला कुमारी की मौत कुछ दिनों पहले गांव के पोखरे में डूबने से हो गई थी जिससे पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई थी।

## 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, गयाजी में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन गुरुवार को किया गया जिसमें काफी संख्या में हथकरघा बुनकरों ने भाग लिया। वर्तमान में गया जिलान्तर्गत एनएचडीपी के द्वारा मानपुर तथा बेलागंज टेकारी दो कलस्टर संचालित है जिसमें क्रमशः 67 तथा 92 बुनकरों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। कलस्टर के विकास के लिए कार्यरत क्लस्टर डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव एवं टेक्सटाइल डिजाइनर के द्वारा प्रोडक्ट डेवलपमेंट का कार्य किया जा रहा है जिसमें बुनकरों को उत्पाद बाजार के अनुरूप बन सके और उनके सुलभ बाजार उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, गयाजी ने बताया कि बुनकरों को अपने उत्पाद बाजार के अनुरूप बनाने हेतु प्रोडक्ट डेवलपमेंट पर निरंतर रूप से कार्य कराया जा रहा है और सरकार हर संभव बाजार उपलब्ध कराने के लिए पहल कर रही है ताकि बुनकरों का उत्पाद अधिक से अधिक बिक सके और उनकी आमदनी में इजाफा हो सके। कार्यक्रम में हस्तकरघा एवं उद्योग विभाग के अन्य पदाधिकारी / कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

## विष्णुपद मंदिर, गया जी के प्रांगण में कलाकारों ने दी भजनों की भक्तिमय प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** विष्णुपद मंदिर, गया जी के प्रांगण में इन दिनों झुलनोत्सव कार्यक्रम के दौरान विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति, गयाजी द्वारा आयोजित भजन संध्या की कड़ी में बुधवार की शाम गया जी के स्थानीय कलाकारों द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुति ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया जहां एक ओर गुरु शिष्य परम्परा का निर्वहन देखने-सुनने को मिला वहीं दोनों की प्रस्तुति ने नए आयाम लिखे। सर्वप्रथम भजन संध्या की शुरुआत गया जी की उभरती कलाकार दीप्ति भारद्वाज के सुमधुर आवाज में भगवान श्री हरि को समर्पित झुला गायन से हुआ। साथ ही कुछ भजन की प्रस्तुति भी रही। तबले पर संगत दीप्ति का साथ दे रहे थे उसके गुरु सुप्रसिद्ध तबला वादक प्रशिक्षक दिनेश मउआर। दूसरी कड़ी में सुर सलिला गया जी ट्रस्ट से जुड़े विद्यार्थी आयुष कुमार धोकड़ी, अभिमन्यु गोस्वामी सहित अभि चौधरी की प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा। वहीं उदय कुमार के तबला वादन के साथ गुरुकुल की अर्चना कुमारी की भी प्रस्तुति सराहनीय रही जबकि स्थानीय कलाकर चंद्रशेखर शर्मा के संतूर वादन का साथ जाने माने तबला वादक कुमार रजनीश की प्रस्तुति ने खूब वाह-वाही बटोरी।


प्रपत्र VI 'क'

## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा)

या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या 855 / भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 06.08.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–कुण्डी, थाना नं0–299, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा सदर, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना हुर मोड (गढ़वा–शाहपुर) पथ से डालटनगंज सीमा होते हुए डुमरिया डंडा तक पथ (कुल लम्बाई 19.00 कि0मी0) का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कुण्डी, थाना नं0–299, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा सदर, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.108 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 90 | 569 | रैयती | | 0.108 | सचिदानन्द पाण्डे व राजेन्द्र पाण्डे व विजय व विनोद पाण्डे, पिता–विक्रमा पाण्डे व आनंद पाण्डे व सौरभ पाण्डे व मनोज पाण्डे व राकेश पाण्डे व अविनाश पाण्डे नरेन्द्र कुमार पाण्डेय व प्रदीप कुमार पाण्डेय व कृष्ण कुमार पाण्डेय, पिता–स्व0 हरहर पाण्डेय व सतयेन्द्र पाण्डेय, पिता–स्व0 सरयू पाण्डेय | नीज | रास्ता | नदी | 566 |
| | | | | कुल :– | **0.108** | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ए0 / भू0अ0नि0(अधिनियम)–129 / 2017 / 549 / नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 359041 Land Reforms (25-26)_D


## कोंचेश्वर महादेव महोत्सव के स्वरूप में बदलाव की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित महोत्सव के स्वरूप में बदलाव को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने मुख्यमंत्री, पर्यटन मंत्री एवं जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। कोंच प्रखंड में कोंचेश्वर महादेव महोत्सव मनाया गया, लेकिन इस महोत्सव के पारुप से आम जनता खुश नहीं है। इस महोत्सव के लिए पच्चीस लाख रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन महोत्सव के नाम पर सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। लोक आस्था का महा केंद्र कोंचेश्वर महादेव मंदिर के नाम पर महोत्सव आयोजित किया




गया, लेकिन उस मंदिर की गुंबज पर कई पौधे उग आए हैं। ऐसे ऐतिहासिक महोत्सव के अवसर पर भी मंदिर की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन नहीं किया गया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जिस देवी-देवता के नाम पर महोत्सव का आयोजन किया जाता है, सर्वप्रथम उनके मंदिर की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन किया जाना चाहिए। मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा किया जाना चाहिए एवं समस्त भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया जाना चाहिए। उद्घाटन सत्र के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मंदिर से जुड़े लोगों को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के स्थानीय कलाकारों को भी अवसर प्रदान करना चाहिए। धार्मिक महोत्सव के मंच को राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए। आम जनता इस महोत्सव से ठगा हुआ महसूस कर रहा है। इस महोत्सव में सरकारी धन का दुरूपयोग हुआ है। सरकारी महोत्सव के स्वरूप में बदलाव लाकर महोत्सव के सही उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज गया में नवप्रवेशित छात्रों को देशभक्ति सिनेमा केसरी -2 दिखाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** गया कॉलेज अभियंत्रण महाविद्यालय में नवप्रवेशित बी.टेक और बी.आर्क छात्रों के लिए प्रेरणादायक फिल्म 'केसरी-2' की विशेष स्क्रीनिंग का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉलेज परिसर के विवेकानंद ऑडिटोरियम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फिल्म की कहानी ने छात्रों को वीरता, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया जिससे वातावरण में एक विशेष ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ। छात्रों ने फिल्म को अत्यंत उत्साह के साथ देखा और कई विद्यार्थियों ने इसे 'शिक्षा जीवन की शुरुआत के लिए अत्यंत प्रेरणास्पद अनुभव' बताया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी शिक्षा के आरंभ में एक सकारात्मक, भावनात्मक और प्रेरणादायक अनुभव देना था। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि ऐसे आयोजनों से छात्र न केवल संस्थान, बल्कि देश से भी भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं और उनमें नेतृत्व, आत्मबल और सहयोग की भावना भी विकसित होती है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजन सरकार एवं आयोजन समिति ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी और अनुशासित व्यवहार की सराहना की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, पलामू

(उत्पाद शाखा)

### विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 1 / नीति–05–03 / 2025– 903 दिनांक 21.05.2025 द्वारा अधिसूचित ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' तथा राजस्व पर्षद द्वारा अनुमोदित बिक्री अधिसूचना की शर्त्तों के तहत दिनांक 01.09.2025 से 31.03.2030 तक के लिए झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत 07 (सात) ''देशी शराब की दुकान'' तथा 63 (तिरसठ) ''कम्पोजिट दुकान'' की बंदोबस्ती 28 (अठाईस) समूह में ई–लॉटरी प्रणाली के माध्यम से की जायेगी। ई–लॉटरी में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदकों के द्वारा ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'', बिक्री अधिसूचना की शर्त्तें, जिलावार खुदरा उत्पाद दुकान / दुकानों के समूह की विवरणी तथा आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र इत्यादि का विहित प्रारूप सभी जिला उत्पाद कार्यालय, विभागीय वेबसाइट https://excise.jharkhand.gov.in, जिला के NIC वेबसाईट https://palamu.nic.in एवं https://exciselottery.jharkhand.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई–लॉटरी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है –

I. ''देशी शराब की दुकान'' और ''कम्पोजिट दुकान'' की ई लॉटरी से बन्दोबस्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक–08 / 08 / 2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक–20 / 08 / 2025 की संध्या 7.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन https://exciselottery.jharkhand.gov.in वेबसाईट पर किया जा सकेगा।

ii. ई–लॉटरी में प्रतिभागिता के लिए संबंधित दुकान / दुकान समूह हेतु बिक्री अधिसूचना में निर्धारित धरोहर धनराशि तथा आवेदन शुल्क का भुगतान Credit Card/Debit Card/ NET BANKING/NEFT/ RTGS/IMPS इत्यादि ऑनलाईन विधि से उक्त पोर्टल (वेबसाईट) पर प्राप्त किया जायेगा। उक्त भुगतान की पुष्टि आवेदन पोर्टल / विभाग के खाते में दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक विहित राशि के भुगतान प्राप्ति की पुष्टि आवेदन पोर्टल अथवा विभागीय बैंक से अप्राप्त रहने की स्थिति में आवेदक ई–लॉटरी में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।

iii. कम्प्यूटर से Randomization के द्वारा ई–लॉटरी की प्रक्रिया दिनांक 22 / 08 / 2025 के पूर्वाहन 11:00 बजे से की जायेगी। ई–लॉटरी के ऑनलाईन प्रसारण का लिंक विभागीय वेबसाईट https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट https://palamu.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगा। ई–लॉटरी का ऑनलाईन टेलीकास्ट जिला समाहरणालय में भी किया जायेगा।

iv. ई–लॉटरी की प्रक्रिया राज्य स्तर पर दुकान / दुकानों के समूह के लिये निर्धारित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व (MGR) के आधार पर अवरोही क्रम (descending order) में सम्पन्न होगी।

v. ई–लॉटरी का परिणाम https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट https://palamu.nic.in पर उपलब्ध होगा।

vi. ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को आवेदन तथा उसके साथ संलग्न किये जानेवाले सभी कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संबंधित मूल प्रमाण–पत्र के साथ, संबंधित दुकान / दुकानों के समूह के लिए प्रतिभूति राशि तथा निर्धारित एकमुश्त वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क दिनांक 25.08.2025 तक जिला उत्पाद कार्यालय में जमा करना होगा।

vii. ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक प्रस्तावित दुकान परिसर के लिए आपत्ति रहित स्थल का पूर्ण विवरण जिला उत्पाद कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

viii. ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक अग्रिम उत्पाद परिवहन कर (ETD) की राशि जमा करनी होगी।

ई–लॉटरी हेतु आवेदन समर्पित करने में किसी प्रकार की कठिनाई के निराकरण हेतु जिला स्तर पर Helpdesk का गठन किया गया है, जिसका मोबाईल संख्या–7004403729 एवं 7903837619 (सामान्य कॉल) 7004403729 तथा 7903837619 (Whatsapp मैसेज) है। उक्त मोबाइल संख्या प्रत्येक दिन के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक क्रियाशील रहेगी।

PR 359137 Palamu (25-26)_D

उपायुक्त, पलामू


## मतदान केन्द्रों पर बीएलओ ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों (बीएलए) के साथ गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएलए को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत प्राप्त दावा एवं आपत्ति विवरणी साझा की गई। मतदाता सूची की सभी मतादाताओं की संख्या व अन्य विवरणी साझा की गई। साथ ही साथ विगत दिनों राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई प्रारूप मतदाता सूची के आधार पर तैयार की गई नवीनतम सूची भी बैठक में प्रस्तुत की गई जिसमें उन निर्वाचकों के नाम भी दिया गया जिन्होंने अब तक गणना पत्र जमा नहीं किया या जिनका नाम प्रारूप सूची में नहीं है। वहीं बीएलओ द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि निर्धारित अवधि तक प्रपत्र 06, 07 एवं 08 भरे जाने की बात कही गई। इसके अलावा बीएलओ द्वारा यह भी बताया गया कि एनक्सर डी को भी भरने की अपील की गई। जानकारी हो कि टिकारी प्रखण्ड में 209 मतदान केन्द्र की संख्या 29 बढ़ाकर संख्या 238 कर दिया गया है।

## जलप्रलय से उत्तरकाशी में मृतकों को विष्णुपद प्रांगण में कैंडल जला कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** उत्तरकाशी में दो घंटे के अंदर तीन स्थानों पर बादल फटने से भारी जानमाल के नुकसान होने, 50 से ज्यादा संख्या में लोगों की मौत तथा कई के घायल एवं लापता होने से सम्पूर्ण देशवासी मर्माहत एवं शोकाकुल है। गया के स्थानीय विष्णुपद मंदिर प्रांगण में कांग्रेस, युवा कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता अपने-अपने हाथों में कैंडल ले कर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, गया जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा, विपिन बिहारी सिन्हा, गया जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, नारायण मर्मज्ञ, दीपू लाल भैया, संतोषी पंडा जिला उपाध्यक्ष दामोदर गोस्वामी, शंभू शरण सिंह, मदन सिंह गया जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, प्रद्युम्न दुबे, शिव कुमार चौरसिया, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, मोहम्मद शमीम आलम, मुन्ना मांझी, श्रीकांत शर्मा, टिंकू गिरी, राम प्रवेश सिंह, नंद लाल यादव आदि ने कहा कि इस भयानक त्रासदी से सम्पूर्ण देशवासी मर्माहत एवं शोकाकुल है जिनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। नेताओं ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार दिन-रात सम्पूर्ण मशीनरी को लगाकर राहत कार्य चलाए तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा, घायलों का समुचित इलाज तथा लापता लोगों को ढूंढने का काम करने एवं सभी को पूर्णवास कराने की मांग की।

संपादकीय

# भारत का ट्रंप को सही जवाब

और ज्यादा टैरिफ लगाने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी का भारत ने देर से ही सही सटीक और संयत जवाब दिया है। भारत ने कहा कि हमें रूस से कच्चा तेल खरीदने पर आपत्ति करने वाला अमेरिका पहले खुद अपने गिरेबान में झांके। इसके पूर्व डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'भारत को परवाह नहीं है कि रूस की युद्ध मशीन से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इसलिए, मैं भारत पर टैरिफ़ को बढ़ाने जा रहा हूं।' ट्रंप ने यह भी लिखा कि भारत न सिर्फ़ रूस से बड़ी मात्रा में तेल ख़रीद रहा है, बल्कि ख़रीदे गए इस तेल का एक बड़ा हिस्सा खुले बाज़ार में बेचकर भारी मुनाफ़ा भी कमा रहा है। उन्हें इस बात की परवाह नहीं कि यूक्रेन में रूस की युद्ध मशीन कितने लोगों को मार रही है। इसी कारण, मैं भारत पर टैरिफ़ को बढ़ाने जा रहा हूं। इससे पहले 30 जुलाई को भी ट्रंप ने भारत पर 25 फ़ीसदी टैरिफ़ और रूस से तेल खरीद जारी रखने पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने की घोषणा की थी। अपने जवाब में भारत ने ट्रंप की इस धमकी को 'अनुचित और तर्कहीन' बताया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि 'अमेरिका अब भी रूस से अपनी परमाणु उद्योग के लिए यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्री के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन आयात करता है।' भारत विदेश मंत्रालय ने ट्रंप की आलोचना को ख़ारिज करते हुए कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ खुद रूस के साथ व्यापार जारी रखे हुए हैं। पिछले साल अमेरिका ने कड़े प्रतिबंधों के बावजूद रूस के साथ अनुमानित 3.5 अरब डॉलर का माल व्यापार किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद अमेरिका और यूरोपीय संघ भारत को रूस से तेल ख़रीदने के लिए निशाना बना रहे हैं। दरअसल, भारत ने रूस से तेल आयात तब शुरू किया जब पारंपरिक तेल आपूर्तियां यूरोप की ओर मोड़ दी गई थीं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वास्तव में भारत ने रूस से तेल इसलिए आयात शुरू किया, क्योंकि संघर्ष के बाद पारंपरिक सप्लाई यूरोप की ओर मोड़ दी गई थी। उस समय अमेरिका ने खुद भारत को ऐसे आयात के लिए प्रोत्साहित किया था ताकि दुनिया के तेल बाज़ार की स्थिरता मज़बूत बनी रह सके। भारत अपने उपभोक्ताओं के लिए सस्ती और स्थिर ऊर्जा मुहैया कराने के लिए आयात करता है। यह वैश्विक बाज़ार के हालात की मजबूरी है। भारत ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह भारत अपने राष्ट्रीय हित और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी ज़रूरी क़दम उठाएगा। यह सही है कि भारत फिलहाल रूसी तेल के सबसे बड़े ख़रीदारों में शामिल है। 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद कई यूरोपीय देशों ने व्यापार घटाया, जिसके बाद भारत रूस के लिए एक अहम बाज़ार बन गया। इसी संदर्भ में रक्षा विशेषज्ञ ब्रह्म चेलानी के अनुसार ध्यान देने वाली बात यह है कि पश्चिमी देश भारत की रूस से तेल ख़रीदने के लिए आलोचना करते हैं, जबकि वे खुद अपने व्यापार के ज़रिए रूस को कहीं ज़्यादा पैसा भेजते हैं। यह और भी विडंबनापूर्ण है क्योंकि पश्चिमी गुट यूक्रेन में रूस के खिलाफ़ एक प्रॉक्सी वॉर लड़ रहा है। दरअसल ट्रंप भारत की गर्दन दबोचकर यूक्रेन रूस युद्ध रोकना चाहते हैं तो यह नामुमकिन है। वो एक भी ऐसा काम नहीं कर रहे जिससे भारत को भरोसा हो कि वो हमारे दुश्मन नहीं दोस्त हैं।

# भारत ने नहीं झुकाया सिर, दिया करारा जवाब

**डोनाल्ड ट्रंप की भारत के प्रति बढ़ती चिढ़ और अमेरिका की दोहरी नीति ने वैश्विक मंच पर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत को बार-बार टैरिफ और जुर्माने की धमकियां दे रहे हैं, खासकर रूस से तेल और हथियारों के व्यापार को लेकर। लेकिन भारत ने न केवल इन धमकियों को नजरअंदाज किया, बल्कि अमेरिका और यूरोपीय संघ की दोहरी नीतियों को उजागर कर जवाबी रुख अपनाया है। भारत का स्पष्ट कहना है कि जब अमेरिका और यूरोप स्वयं रूस से भारी मात्रा में सामान आयात कर रहे हैं, तो भारत पर रूस के साथ व्यापार को लेकर उंगली उठाना अनुचित और अतार्किक है। यह स्थिति वैश्विक भूराजनीति में दोहरे मानदंडों को उजागर करती है, जहां अमेरिका भारत को दबाव में लाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन खुद अपनी जरूरतों के लिए रूस से व्यापार जारी रखे हुए है।**

अजय कुमार



ट्रंप की बयानबाजी में एक साफ विरोधाभास नजर आता है। एक तरफ वह भारत को 'महान मित्र' और 'महान देश' कहते हैं, दूसरी तरफ 25त्न रेसिप्रोकल टैरिफ और रूस से व्यापार के लिए जुर्माने की धमकी देते हैं। उनकी हताशा का कारण यह है कि भारत उनके दबाव में झुकने को तैयार नहीं है। ट्रंप को लगता है कि जिस भारत को कभी अमेरिका सड़ा हुआ गेहूं भेजता था, वह आज उनकी धमकियों का जवाब देना भी जरूरी नहीं समझता। उनकी चिढ़ का अंदाजा उनके बयानों से लगाया जा सकता है। कभी वह भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृतप्राय' कहते हैं, तो कभी पाकिस्तान के साथ तेल सौदों की बात कर भारत को अपमानित करने की कोशिश करते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि पाकिस्तान के पास तेल है ही नहीं, और ट्रंप का यह बयान उनकी हताशा का प्रतीक है। वह भारत को डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भारत की रणनीतिक और आर्थिक ताकत के सामने उनकी एक नहीं चल रही।

भारत ने ट्रंप की धमकियों का जवाब न केवल कूटनीतिक रूप से दिया, बल्कि तथ्यों के साथ अमेरिका को आइना भी दिखाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ कहा कि भारत पर रूस से तेल आयात को लेकर की जा रही आलोचना बेबुनियाद है। भारत ने बताया कि अमेरिका स्वयं रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, खाद, और रसायन जैसे सामान आयात करता है, जो उसकी परमाणु, इलेक्ट्रॉनिक वाहन, और कृषि उद्योगों के लिए जरूरी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से मई 2025 तक अमेरिका ने रूस से 2.1 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो पिछले साल की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। इसमें पैलेडियम (37 प्रतिशत), यूरेनियम (28 प्रतिशत), और उर्वरक (21 प्रतिशत) का आयात प्रमुख है। यह आंकड़े साफ बताते हैं कि अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बावजूद रूस के साथ व्यापार जारी रखा है। 2021 में अमेरिका ने रूस से 17 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया था, और 2024 में भी उसने उर्वरक (1.1 बिलियन डॉलर), पैलेडियम (878 मिलियन डॉलर), और यूरेनियम (624 मिलियन डॉलर) जैसे सामानों का आयात किया।

यूरोपीय संघ भी इस मामले में पीछे नहीं है। वह भारत को रूस से तेल आयात न करने की सलाह देता है, लेकिन स्वयं रूस से ईंधन, लोहा, स्टील, रसायन, और उर्वरक जैसे सामान आयात करता है। 2024 में यूरोपीय संघ ने रूस से 35.9 अरब यूरो का आयात किया, जिसमें 22.3 अरब यूरो का ईंधन प्रमुख था। यह राशि भारतीय रुपये में 3617 करोड़ से अधिक है। भारत का तर्क है कि जब अमेरिका और यूरोप अपनी जरूरतों के लिए रूस से व्यापार कर रहे हैं, तो भारत पर दबाव डालना दोहरा मापदंड है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रूस से 35-40 प्रतिशत तेल आयात करता है, जो आर्थिक रूप से फायदेमंद है।

भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक ताकत ट्रंप की चिढ़ का प्रमुख कारण है। भारत ने न केवल रूस के साथ व्यापार जारी रखा, बल्कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (क्चञ्ज) पर जोर दिया, जो दोनों देशों के हितों को संतुलित करे। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत जवाबी टैरिफ के बजाय बातचीत से समाधान चाहता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी स्पष्ट किया कि भारत ट्रंप के दबाव के बावजूद अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (स्नढ्ढश्वह्र) के डीजी अजय सहाय के अनुसार, 25 प्रतिशत टैरिफ से भारत की जीडीपी पर 0.2-0.5 प्रतिशत का असर हो सकता है, लेकिन 6 प्रतिशत से अधिक की विकास दर इसे संभाल सकती है। भारत वैकल्पिक बाजारों जैसे यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, और चीन की ओर भी रुख कर रहा है। चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने भारत से आयात बढ़ाने और व्यापार घाटा कम करने की बात कही, जो भारत के लिए एक बड़ा अवसर है।

ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' और 'मेक इन अमेरिका' नीतियां भारत के बिना पूरी तरह सफल नहीं हो सकतीं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार और विनिर्माण केंद्र है। अमेरिकी कंपनियां जैसे एपल, टेस्ला, और बोइंग भारत में निवेश और उत्पादन बढ़ा रही हैं। ट्रंप के प्रस्तावित 25 प्रतिशत टैरिफ से भारत में बने उत्पाद महंगे होंगे, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा। साथ ही, मेक इन अमेरिका की लागत बढ़ने से अमेरिकी उत्पाद वैश्विक बाजार में चीन से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। अमेरिका को यह भी डर है कि भारत यूरोप, चीन, और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे वैकल्पिक बाजारों की ओर रुख कर सकता है, जिससे उसका वैश्विक व्यापार में प्रभाव कम हो सकता है।

अमेरिकी विशेषज्ञ भी भारत के साथ टैरिफ युद्ध को गलत मानते हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक तनाव वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और आर्थिक स्थिरता को नुकसान पहुंचा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने भारत के साथ संतुलित और पारस्परिक लाभकारी व्यापार वार्ताओं की वकालत की। राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ लिसा कर्टिस ने चेतावनी दी कि भारत पर उच्च टैरिफ लगाना अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति को कमजोर करेगा और चीन को क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने का मौका देगा। अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स भी मानता है कि उच्च टैरिफ से अमेरिकी कंपनियां और उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

ट्रंप की धमकियों के बीच रैपिडान एनर्जी ग्रुप के चेयरमैन बॉब मैकनेली का बयान चर्चा में है। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत पर रूस से तेल आयात के लिए 25 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगा सकते हैं। लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत से रूसी तेल खरीदने की गुहार लगाई थी ताकि वैश्विक तेल की कीमतें नियंत्रित रहें। पूर्व अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी का एक वायरल वीडियो भी यही बात दोहराता है। गार्सेटी ने कहा कि भारत ने रूसी तेल इसलिए खरीदा क्योंकि अमेरिका चाहता था कि वह एक निश्चित मूल्य सीमा पर तेल खरीदे, जिससे वैश्विक बाजार में स्थिरता बनी रहे।

भारत ने इस दोहरे रवैये को उजागर करते हुए साफ कर दिया है कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों और रणनीतिक हितों से समझौता नहीं करेगा। भारत क्वाड का प्रमुख स्तंभ है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की रणनीति को मजबूती देता है। भारत-अमेरिका द्बष्टश्वञ्ज पहल के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, और रक्षा प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ रहा है। भारत की तकनीकी क्षमता और मानव संसाधन अमेरिका के लिए अपरिहार्य हैं। भारत ने अमेरिका के लिए कृषि और डेयरी बाजार पूरी तरह खोलने से भी इनकार किया है, क्योंकि यह 70 करोड़ किसानों के हितों से जुड़ा है।

ट्रंप की बयानबाजी और धमकियां उनकी हताशा का प्रतीक हैं। वह भारत को नाराज नहीं करना चाहते, लेकिन साथ ही अपनी सामंती मानसिकता के कारण झुकना भी नहीं चाहते। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह दबाव में नहीं आएगा और अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा। आज की तारीख में भारत अमेरिका के लिए पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। ट्रंप की नीतियां और बयानबाजी अमेरिका के लिए ही नुकसानदेह साबित हो सकती हैं। भारत ने न केवल अपनी आर्थिक और रणनीतिक ताकत का परिचय दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर दोहरे मानदंडों को बेनकाब कर एक नया संदेश भी दिया है।

अध्यात्म

# स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े



दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहाः भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना?

दूसरे ने कहाः नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना।

पहला यात्री बोलाः महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले।

दूसरे यात्री बोलाः कैसे?

पहला यात्रीः कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं!

दूसरा यात्रीः मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है।

पहला यात्री बोलाः तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं?

दूसरा यात्रीः मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहाँ से!

ईश्वर नित नई खुशियाँ हमारी झोली मे डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा।

अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताये आप की प्रतीक्षा में है।

# ध्वस्त हुआ एक और झूठा नैरेटिव...

**मालेगाँव विस्फोट मामले में भी ऐसा ही प्रयास किया गया। इसका एक कारण कांग्रेस की वह मानसिकता है, जिसके तहत कांग्रेस को नेतृत्व देने वाले राजनेता केवल यही सोचते हैं कि हम तो सरकार चलाने के लिए ही बने हैं। आज भी कांग्रेस के नेता इसी भावना के साथ विचार रखते हैं। भारत में स्वार्थी राजनीति का खेल यूँ तो बहुत पुराना है, लेकिन ऐसी राजनीति जनमानस को केवल भ्रमित करने का काम ही करती है। यह भी सत्य है कि इसका प्रभाव लम्बे समय तक नहीं रहता। राजनीति सच की होना चाहिए, न कि झूंठ की। लेकिन आज विसंगति यह है कि राजनीतिक दल केवल अपने लिए ही राजनीति करते हैं, देश के लिए नहीं।**

सुरेश हिंदुस्तानी

आज राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करने तक सीमित हो गया है। ऐसी ही राजनीति के माध्यम से हिन्दू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने का खेल खेला गया। अब इस षड्यंत्र की परतें भी उधड़ने लगी हैं। जिसके फलस्वरूप फेक नैरेटिव का पर्दाफास हो गया। भारत क्या है और उसकी विरासत क्या है? इसके मूल में जो प्रमाण मिलते वे उसका एक दर्शन है। यह दर्शन मात्र कुछ वर्षों का कार्य नहीं, बल्कि एक लम्बी साधना के बाद निकला है।

जो भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणीय पाथेय है। लेकिन लम्बे समय से इस आदर्श विरासत को मिटाने का कुचक्र भी चल रहा है। हम यह भली भांति जानते हैं कि जब जब भारतीय समाज विघटित हुआ है, तब भारत को कमजोर करने के सुनियोजित प्रयास भी किए। देश विघातक शक्तियों ने भारत के समाज में फूट डालकर अपने मंसूबों को सफल किया। ऐसे प्रयास आज भी हो रहे हैं। मूल समस्या पर किसी प्रकार का कोई चिंतन नहीं हो रहा है, और न ही उस दिशा में कोई प्रयास ही हो रहा है।

अभी अभी न्यायालय ने मालेगाँव विस्फोट मामले में एक ऐतिहासिक निर्णय दिया है। जिसमें हिन्दू आतंकवाद के नैरेटिव को ध्वस्त किया गया। इस नैरेटिव की भूमिका पूरी तरह से आधारहीन ही थी। न्यायालय के निर्णय से यह ज्ञात हुआ कि इसमें जिनको आरोपी बनाया गया, उनके विरोध में पर्याप्त प्रमाण नहीं थे, ज़ब प्रमाण ही नहीं थे, तब इस मामले में गिरफ्तार करने की जल्दबाजी किसके संकेत पर की गई। यह बहुत बड़ा षड्यंत्र ही था, जिसकी कलई धीरे धीरे खुलने लगी हैं। एक पूर्व अधिकारी का बयान इसकी पुष्टि करने के लिए पर्याप्त माना जा सकता है। हिन्दू समाज को बदनाम करने का यह षड्यंत्र केवल एक वर्ग को खुश करने प्रयास मात्र ही था। राजनीतिक दलों को हमेशा अपने स्वार्थ के लिए ही राजनीति नहीं करना चाहिए। राजनीति मात्र देश को शक्तिशाली और समाज को संगठित करने के लिए होना चाहिए। यहां एक सवाल खड़ा करना मुझे बहुत आवश्यक लग रहा है। क्या देश के लिए काम करने की जिम्मेदारी केवल सरकार की ही होती है? विपक्ष और समाज की भी होती है। अगर सभी एक भाव से समाज को एक करने का कार्य करें तो भारत का सूर्य केवल भारत को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को आलोकित करेगा, यह तय है।

मालेगाँव विस्फोट मामले में षड्यंत्र की बुनियाद किसने की, इस सवाल का उत्तर पहले से वातावरण में तैर रहा था। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने हिन्दू आतंकवाद की झूठी कहानी की पटकथा तैयार की। अब सवाल यह उठता है कि रामराज्य की संकल्पना को ज़मीन पर उतारने का सपना देखने वाले महात्मा गांधी के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस के सामने ऐसी क्या मजबूरी थी कि उसने हिन्दू आतंकवाद का प्रपंच रचा। इसका पहला कारण तो यही समझ में आता है कि यह सब एक विशेष वर्ग को खुश करने का प्रयास मात्र ही था। कांग्रेस की ऐसी राजनीति करने वाले एक प्रकार से कांग्रेस को ही कमजोर करने का काम कर रहे हैं। हमें यह भी याद होगा कि एक बार कांग्रेस की सरकार के समय भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारने का प्रयास किया गया। उस समय हिन्दू समाज की जाग्रति के समक्ष कांग्रेस को झुकना पड़ा और सरकारी स्तर पर किए गए प्रयास पर पूरी तरह से पानी फिर गया।



मालेगाँव विस्फोट मामले में भी ऐसा ही प्रयास किया गया। इसका एक कारण कांग्रेस की वह मानसिकता है, जिसके तहत कांग्रेस को नेतृत्व देने वाले राजनेता केवल यही सोचते हैं कि हम तो सरकार चलाने के लिए ही बने हैं। आज भी कांग्रेस के नेता इसी भावना के साथ विचार रखते हैं। उन्हें यह लगता ही नहीं है कि देश में अब कांग्रेस की सरकार नहीं है और देश में राजनीतिक परिवर्तन हो चुका है। कांग्रेस को यह आत्म मंथन करना चाहिए कि देश की जनता क्या चाहती है। क्योंकि जनता ने ही कांग्रेस को सता से बेदखल किया है। भारत का लोकतंत्र यही कहता है कि देश में जनता का शासन है। जनता का शासन मतलब किसी दल की सरकार नहीं, वह जनता की सरकार है, लेकिन हमारे राजनीतिक दल इसको राजनीतिक दल की सरकार मानकर व्यवहार करते हैं। कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि जब जनता की सरकार है, तब सरकार का विरोध करने का अर्थ जनता का ही विरोध है। आज जनता इतनी समझदार हो चुकी है कि उसे पल पल की जानकारी है, इसलिए कुछ समय के भ्रमित किया जा सकता है, लेकिन भ्रम से जब परदा उठता है तो इसके पीछे एक षड्यंत्र का खेल दिखाई देता है। मालेगांव मामले में कुछ बयानों को आधार बनाया जाए तो यही कहा जा सकता है कि इसमें और भी प्रभावी व्यक्तियों को फसाने की तैयारी भी हो रही थी, इसकी भूमिका भी बन चुकी थी, लेकिन कांग्रेस का यह सपना इसलिए पूरा नहीं हो सका, क्योंकि जिनको आरोपी बनाया गया उन्होंने प्रताड़ना सहने के बाद भी उनके मन मुताबिक बयान नहीं दिए। यहां एक और बात का उल्लेख करना बहुत आवश्यक हो जाता है कि कांग्रेस के नेता असली आतंकवाद पर बोलने से हमेशा किनारा करते हैं। इतना ही नहीं कभी कभी तो कांग्रेस के नेता आतंकियों के समर्थन में सम्मान पूर्वक बात करते हैं। इनको केवल सनातन से चिढ़ है। आज जब सनातन अपने उभार पर है, तब इनकी चिंता और ज्यादा बढ़ रही है।

भारत में राजनीति की दशा और दिशा क्या होना चाहिए, यह तय करने का समय आ गया है। कांग्रेस को इस सत्य को स्वीकार करना चाहिए। दूसरी बात यह है कि भारत को भारत के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है। जहाँ समाज में भेद नहीं होना चाहिए। क्योंकि भारत में जितने भी धर्म और संप्रदाय के व्यक्ति रहते हैं, वे सभी पहले भारतीय हैं, जाति धर्म बाद की बातें हैं। इसलिए राजनीति समाज को एक सूत्र में बाँधने की होना चाहिए, विभाजन की नहीं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलने से प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों से आपको सहायता मिल सकती है।

**वृषभ**
विदेश से जुड़े लोगों के साथ आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। गले में खराश जैसी समस्या हो सकती है। परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन**
अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। वैवाहिक सम्बन्धों में मधुरता आयेगी। पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक कार्यों में आप सहयोग देंगे।

**कर्क**
बड़े निर्णय लेते समय आपको व्यवहारिक रहना होगा। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। अधिक मसालेदार भोजन करने से बचें।

**सिंह**
समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पुराने मित्रों के साथ मिलने का अवसर मिलेगा। बदनदर्द की शिकायत हो सकती है। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**कन्या**
कारोबार में नयी डील कर सकते हैं। सन्तान के स्वास्थ्य की कुछ चिन्ता हो सकती है। आपको भरपूर नींद लेनी चाहिये। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है।

**तुला**
यात्रा सामान्य रूप से काफी अच्छी रहेगी। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त हो सकती है। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को शानदार लाभ होगा।

**वृश्चिक**
आपको अपनी वर्तमान परियोजनाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। परिवार की जिम्मेदारियों को नजरअन्दाज न करें।

**धनु**
धार्मिक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। विद्यार्थियों को कम मेहनत से ही सफलता मिल जायेगी। पुराने मामलों में आपको बेहतरीन सफलता मिलेगी। जूनियर्स के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।

**मकर**
भूमि-सम्पत्ति से जुड़े व्यवसाय में उत्तम लाभ प्राप्त होगा। नवविवाहित लोग आज किसी उत्सव समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।

**कुंभ**
विवाह से जुड़े मामलों का समाधान प्राप्त होगा। शरीर में ऊर्जा की कमी रहेगी। सन्तान की शिक्षा में प्रगति होगी। विश्वासपात्र लोगों की सलाह आपको बहुत काम आयेगी।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में पूँजी निवेश से आपको लाभ प्राप्त होगा। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का प्रयास करें। पर्याप्त मात्रा में जल पियें।

# बाढ़ का पानी घरों में घुसा

## पानी में डूब गई सड़क, लोग परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र के दियारा इलाके में बाढ़ का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। ज्ञात हो कि बीते एक सप्ताह में दियारा क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी में जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का रौद्र रूप हो गया। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अंतिम सीमा पर बसे भवानंदपुर पंचायत के शिवनगर गांव के लोगों की मुसीबतें बाढ़ के कारण बढ़ती ही जा रही है। बढ़ते गंगा के जलस्तर के कारण गांव के चारों तरफ बढ़ का पानी फैल चुका है। लोगों को घर से निकलने पर बाढ़ के पानी से होकर अपनी दिनचर्या की जरूरत को पूरा करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ताजपुर पंचायत के शादीपुर दियारा से बलिया बाजार जाने वाली मुख्य सड़क के तीखा मोड़ के समीप अत्यधिक पानी बढ़ गया है। जिससे लोग जान जोखिम में डालकर आने जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बीते वर्ष भी तीखा मोड़ के समीप दो लोगों की डूबने से मौत हो गई थी। ज्ञात हो बीते वर्ष तीखा मोड़ के समीप से ही स्थानीय प्रशासन के द्वारा बांस का बैरिकेडिंग कराया गया था ताकि लोग हादसा के शिकार होने से बच सके, लेकिन इस बार प्रशासन के द्वारा इस गांव के लोगों का आवागमन के लिए नाव के व्यवस्था नहीं की गई है और न ही कोई बैरिकेडिंग किया गया। जबकि नाव का परिचालन होने पर भी इसे सफर करना खतरे से खाली नहीं है। बाढ़ के कारण पशुपालक किसानों को समस्रू उत्पन्न हो गई है। कई पशुपालक किसान तो अपने पशुओं के साथ पलायन कर चुके हैं जबकि जो गांव में शरण लिए हुए हैं। किसी तरह आधे पेट खिलाकर पशुओं को रखने को मजबूर हैं। किसी व्यक्ति के बीमार होने पर अस्पताल पहुंचने में इस गांव के लोगों को 14 किलोमीटर की दूरी बाढ़ के पानी में तय करन मजबूर होना पड़ रहा है। शुद्ध पेयजल के नाम पर लोगों के घरों में चापाकल ही एकमात्र सहारा है। बाढ़ के पानी के कारण लोगो को पकुआ जैसे बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। वही लोग पानी में आने जाने से सर्दी बुखार के भी शिकार हो रहे हैं। दियारा क्षेत्र के कई विद्यालयों मे पानी प्रवेश करने से पठन पाठन काम बंद हो गया है। लोगो के घरों में भी पानी प्रवेश कर चुका है। बाढ़ कि विभिषिका झेल रहे दियारा क्षेत्र के लोगों के लिए गांव के भीतर को मेडिकल कि सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिससे लोगों में काफी मायुशी देखी जा रही है।

## हत्याकांड में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पहसारा ईंट चिमनी हत्याकांड में दो अप्राथमिकी अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें वीरपुर थाने के सरौंजा निवासी अरुण पासवान के पुत्र नीरज कुमार तथा वीरपुर थाने के लखनपुर नवटोलिया निवासी उग्न देव पासवान के पुत्र कन्हैया पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्व जीत कुमार ने बताया कि ये दोनों अभियुक्त पहसारा ईंट चिमनी भट्ठा के मजदूर हत्याकांड 05/2025 के अभियुक्त हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 7 जनवरी की देर रात पहसारा स्थित ए वन चिमनी पर झारखंड, गुमला निवासी मजदूर लक्ष्मण उरांव की हत्या बदमाशों ने कर दी थी। सभी नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## नेपाल सिंह हाई स्कूल तरैया में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तरैया (सारण)।** नेपाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरैया, सारण में शुक्रवार को इको क्लब के तहत पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जनाब नेहाल अहमद ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार भारती, विनोद महतो, रेंसी सोनभद्र, अंकिता शुक्ला तथा अन्य शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही। इको क्लब के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में कुल 100 पौधे लगाए गए। इसमें विद्यालय के छात्र अतुल, विशाल, प्रियांशु एवं छात्राएँ आरुषि, गीता, मुस्कान, रागिनी, प्रिया तथा सादी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिवार द्वारा किया गया यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। शिक्षकों ने इस मौके पर विद्यार्थियों को पौधों के महत्व के बारे में जागरूक किया और इन्हें नियमित रूप से संरक्षित करने की शपथ भी दिलाई।

## तेघड़ा विधानसभा में 23222 मतदाताओं का नाम हो गया विलुप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**तेघड़ा।** प्रत्येक बूथों पर पंचायत अध्यक्ष, बीएलए - 1 एवं बीएलए - 2 एकसाथ जाकर छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ें। उक्त बातें तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के तेघरा स्थित राज होटल के सभागार में गुरुवार को जिला संगठन प्रभारी शिवनंदन सिंह ने कही। गुरुवार को जदयू परिवार द्वारा आयोजित बीएलए -1 एवं बीएलए- 2 के संयुक्त बैठक हुई। श्री सिंह ने कहा की तेघड़ा विधानसभा में 313307 मतदाता में 23222 मतदाता का नाम किस कारण से छूटा प्रत्येक बूथों पर पंचायत अध्यक्ष, बीएलए -1 एवं बीएलए -2 सहित सभी सक्रिय कार्यकर्ता संबंधित बूथ जाकर नाम जोड़ें। उन्होंने कहा कि अगर गलत नाम जुड़ गया है तो उसे हटाना है। 18 वर्ष हुए आयु वर्ग के नए मतदाताओं का नाम फार्म - 6 के माध्यम से जोड़ना है। वहीं बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष तेघड़ा चन्दन कुमार ने की तथा संचालन नीरज पटेल ने किया। वहीं बैठक को जिलाध्यक्ष मीडिया सेल मोनू कुमार पटेल, बीस सूत्री अध्यक्ष बरौनी शंभू कुमार सिंह, विधानसभा प्रभारी अरुण सहनी, वरिष्ट जदयू नेता रामनरेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जिला प्रवक्ता अरुण कुमार महतों, नगर अध्यक्ष शतीश कुमार, पंकज कुमार, महिला नेत्री प्रेमलता देवी, योगाचार्य गुराकेश साह, अविनाश कुमार, सुनील कुमार एवं प्रखण्ड अध्यक्ष मीडिया सेल तेघड़ा छोटू शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान सभी आगत अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। वहीं जदयू जिलाध्यक्ष रूदल राय ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड ने संकल्प लिया है कि एक भी सही वोटर छूटेगा नहीं तथा एक भी गलत वोटर का नाम रहेगा नहीं। आगे उन्होंने कहा कि तेघड़ा विधानसभा में पूर्व से 295 बूथ था जो अब बढ़कर 339 हो गया है। जदयू एक पहली पार्टी है जो पूर्व के सभी 295 बूथों पर बीएलए -1 एवं बीएलए -2 बना दिया है और शेष 44 बूथों पर एक सप्ताह के भीतर बीएलए -1 एवं बीएलए -2 बना देगा। वहीं प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द निषाद ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश की संवैधानिक संस्था है। जो निष्पक्ष रूप से पुनरीक्षण कार्य कर रही है। न्यायालय ने जिसपर संज्ञान लेते हुए विपक्षी सहित सभी राजनीतिक दलों को एक माह का समय देते हुए वैसे 15 मतदाता का नाम जो मृत हो और वह सूची में है जिसे सौंपे। अबतक विपक्षियों ने एक भी नाम की सूची न्यायालय को नहीं सौंपा है। वहीं जदयू प्रदेश सचिव रीना चौधरी ने कहा कि कल तक बच्ची का जन्म लेना परिवार और समाज के लिए अभिशाप था। आज भी परिवार में बच्ची का जन्म लेना अभिशाप नहीं वरदान साबित हो रहा है। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष बरौनी मीडिया सेल धर्मवीर कुमार, सरपंच पिपरा देवस राम प्रकाश महतों, उप सरपंच अजय कुमार, अशोक कुमार सिंह, सौरव कुमार रूस्तम आजाद सहित सभी पंचायत अध्यक्ष, बीएलए-1 एवं बीएलए-2 उपस्थित रहे।

## चेन स्नेचिंग गिरोह को पुलिस ने पकड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** सिंघौल थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई दो अलग-अलग छिनतई की घटनाओं में शामिल आधा दर्जन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से छिना हुआ सोना, दो मोटरसाइकिल, मास्टर चाभी, इलेक्ट्रनिक तराजू और आभूषण गलाने की मशीन बरामद की है। इस कार्रवाई को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-1) आनंद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में सिंघौल थानाध्यक्ष चंद्रकांत कुमार सिंह एवं पुलिस टीम ने अंजाम दिया। पहली घटना 22 जुलाई को उस समय हुई जब रश्मि कुमारी विद्यालय से छुट्टी के बाद ई-रिक्शा से सिंघौल लौट रही थीं। संध्या में उलाव के रास्ते वेयरहाउस से आगे बढ़ने पर दो मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने जो बोल बम का वस्त्र पहने थे। गले से चेन छीन ली और फरार हो गए। दूसरी घटना 6 अगस्त को हुई। जब लक्ष्मी कुमारी अपनी बच्ची को इंजेक्शन दिला कर सदर अस्पताल से लौट रही थीं। एनएच-31 पर हरपुर ढ़ाला और अंग्रेजी ढ़ाला के बीच, दो अपराधियों ने उनके गले से दो सोने की चकती झपट ली। तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर बीते रात्रि छापेमारी के क्रम में पुलिस ने डुमरी निवासी अजीत कुमार और बजरंगी महतो को उनके घर से गिरफ्तार किया। इनके पास से घटना में प्रयुक्त बोल बम का कपड़ा, एक काली रंग की चोरी की ग्लैमर मोटरसाइकिल तथा मास्टर चाभी बरामद की गई। पूछताछ में इन दोनों ने स्वीकार किया कि वे नियमित रूप से छिनतई की घटनाओं को अंजाम देते थे और छीना हुआ सामान गांव के ही सोनार चंदन कुमार को बेचते थे। चंदन कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया और उसकी दुकान से एक सोने की चेन एवं दो सोने की चकती बरामद की। इसके बाद पुलिस टीम ने कमरूद्दीनपुर में छापेमारी की, जहाँ तीन और अपराधियों अनुराग कुमार (19), अमित कुमार (22) और परमजीत कुमार (22) को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से भी एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में इन तीनों ने भी लगातार छिनतई में संलिप्त रहने की बात स्वीकारी।

## किसानों से बागवानी करने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** इंडसाइड बैंक सीएसआर फ्लैगशिप कार्यक्रम के तहत प्रदान संस्था के बैनर तले मनरेगा तथा किसानों की संयुक्त बैठक विमर्श कक्ष नावकोठी में गुरुवार को हुई। इसकी अध्यक्षता गौतम गोस्वामी ने की। उन्होंने कहा कि परंपरागत खेती से किसानों को मनमाफिक मुनाफा नहीं मिल पाता है। कम लागत पर अधिक मुनाफा हेतु सघन बागवानी खेती से ही संभव है। मनरेगा द्वारा संचालित गतिविधियों को प्रभावी बनाने हेतु मनरेगा कर्मी तथा किसानों के बीच संवाद किया गया। बागबानी के महत्व, खर्च, आय, स्थल चयन, उच्च क्वालिटी के पौधे का चयन लगाने की विधि पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदान के शिव चंद्र कुमार ने किसानों से बागबानी खेती करने की अपील की। इससे कम लागत पर अधिक आय अर्जित किया जा सकता है। काष्ठीय पौधे को तीन फीट की दूरी पर लगाने की अपील की। पौधे के बीच उपयुक्त दूरी रहने से उन्हें मिट्टी से भोजन मिल जाता है। भोजन अनावश्यक रूप से बर्बाद नहीं होता है। अफसाना रोजी ने किसानों को मत्स्य पालन हेतु निजी जमीन पर तालाब निर्माण हेतु अपील की। मत्स्य पालन के तौर तरीके को बताया। इस पर मिलने वाले अनुदान, प्राप्त करने के लिए आवेदन करने के तौर तरीके को विस्तार से बताया।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर डीएम व एसपी ने किया स्थल निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी स्वर्ण प्रभात गुरुवार को स्थानीय महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व प्रखंड कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने डिस्पैच सेंटर बनाने को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। पहले विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह एवं उपस्थित अधिकारी से वहां मौजूद सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान डीएम श्री जोरवाल ने अधिकारियों से हर बिन्दु पर विस्तृत रूप से चर्चा की। विद्यालय परिसर से निकलने के बाद डीएम एवं एसपी का काफिला प्रखंड कार्यालय पहुंचा। जहां सभी अधिकारियों के साथ उन्होंने कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया तथा चुनाव तैयारियों को लेकर अधिकारियों से ईवीएम का रखरखाव, ईवीएम का वितरण व वाहन पार्किंग के लिए बनाए जाने वाले स्थल की जानकारी बीडीओ रामनाथ कुमार से प्राप्त किए। वही डीएम श्री जोरवाल ने एसडीओ सिकरहना साकेत कुमार को ढाका विधानसभा का स्ट्रांग रूम ढाका में व चिरैया विधानसभा का स्ट्रांग रूम चिरैया में बनाने की सलाह दी। मौके पर डीसीएलआर सिकरहना श्रीमती सुनिधि, अवर निर्वाचन पदाधिकारी विवेक यादव, सीओ अराधना कुमारी, राजस्व अधिकारी श्रीनिवास प्रसाद, प्रधान सहायक दीपक कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र रक्षा का आह्वान करता है रक्षाबंधन का त्योहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** स्नान-दान सहित श्रावणी पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन का पुनीत पर्व 09 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। इस वर्ष 08 अगस्त शुक्रवार को दिन में 01:40 बजे से पूर्णिमा तिथि लग रही है जो 09 अगस्त शनिवार को दिन में 01:23 बजे तक रहेगी। चूंकि शनिवार को सूर्योदय पूर्णिमा तिथि में हो रहा है, अतः उदया तिथि को मानते हुए सम्पूर्ण दिन रक्षाबंधन का त्योहार अपनी अपनी परंपरा के अनुसार मनाना उचित होगा। आज ही वेद के विभिन्न शाखाओं के अनुयायी एक साथ मिलकर सबसे पवित्र श्रावणी उपाकर्म विधिवत सम्पन्न करेंगे। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी।



उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन का त्योहार केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक हीं नहीं है अपितु यह चार वर्णों की अद्वितीय शक्तियों से युक्त व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र रक्षा का आह्वान भी करता है। यह पर्व आत्मबोध एवं आत्मज्ञान का दिन है।

प्राचार्य पाण्डेय ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार प्राचीन काल में एक बार बारह वर्षों तक देवासुर संग्राम होता रहा, जिसमें देवताओं का पराभव हुआ और असुरों ने स्वर्ग पर अधिपत्य कर लिया। पराजित एवं चिन्तित इन्द्र देवगुरु बृहस्पति के पास गए और कहने लगे कि इस समय न तो मैं यहाँ सुरक्षित हूँ और न ही यहाँ से कहीं निकल ही सकता हूँ। ऐसी दशा में मेरा युद्ध करना ही अनिवार्य है, जबकि अब तक के युद्ध में हमारा पराभव ही हुआ है। इस वार्तालाप को इन्द्राणी भी सुन रही थीं। उन्होंने कहा कि कल श्रावण शुक्ल पूर्णिमा है, मैं विधान पूर्वक रक्षासूत्र तैयार करुँगी, उसे आप स्वस्तिवाचन पूर्वक ब्राम्हणों से बँधवा लीजिएगा। इससे आप अवश्य विजयी होंगे। दूसरे दिन इन्द्र ने रक्षाविधान और स्वस्तिवाचन पूर्वक रक्षाबंधन करवाया जिसके प्रभाव से उनकी विजय हुयी। तब से यह पर्व मनाया जाने लगा।

एक बार भगवान कृष्ण के हाथ में चोट लग जाने से रक्तस्राव होने पर द्रोपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर उनके हाथ में बाँधा था। श्रीकृष्ण ने उसे रक्षासूत्र मानते हुए कौरवों की सभा में द्रोपदी की लाज बचायी थी। मेवाड़ की रानी कर्णावती ने भी मुगल शासक हुमायूँ को गुजरात एवं मालवा के शासक के चित्तौड़ पर आक्रमण के विरुद्ध सहायता देने के लिए राखी भेजी थी।

आज के दिन बहन भाई को रक्षासूत्र बाँधती है और भाई बहन की रक्षा का वचन देता है। इस दिन गुरु अपने शिष्यों को,ब्राह्मण अपने यजमानों को एवं प्रजा अपने राजा को रक्षासूत्र बाँधते हैं। इस दिन पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से वृक्षों में भी रक्षासूत्र बाँधने का विधान है। इसके पीछे धारणा है कि वे उनकी रक्षा करें।

## बैठक में की गई विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** पीएचसी नावकोठी में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने की। उन्होंने जननी बाल सुरक्षा कार्यक्रम की समीक्षा की। इसमें वृद्धि लाने के तकनीक को बताया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की शतप्रतिशत भागीदारी एवं जांच कराने पर बल दिया। बीसीएम उषा कुमारी ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य एम आशा एप के उपयोग के बारे में दक्ष बनाना है। आशा कार्यकर्ताओं को अपना कार्य इसी एप के माध्यम से संपादित करना है। यह एप उन्हें अपने कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित से संबंधित डाटा को आसानी से दर्ज करने और उसका विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत दो बच्चों के बीच अंतराल रखने को अस्थायी साधन माला, छाया, अंतरा, कंडोम आदि का इंट्री इसी एप पर ही करना होगा। इनकी आवश्यकता की पूर्ति करने में आसानी होगी। बीएमसी गोपाल शर्मा ने सर्वे तथा ड्यू लिस्ट को अद्यतन करने पर बल दिया। संपूर्ण टीकाकरण हेतु शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने में मददगार साबित होगा। परिवार कल्याण पखबारा में इच्छुक लाभुकों को मोटिवेट कर शिविर में भेजने पर बल दिया। एम आशा एप पर किये गए कार्य को अपलोड करने के तरीके को बताया। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, आशा फेसिलिटेटर सगीता कुमारी, आशा कार्यकर्ता रेणु कुमारी, रीणा कुमारी, वंदना कुमारी थे।

## एक नजर

### नगर थाना का डीआईजी ने किया निरीक्षण

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक आशीष भारती ने बुधवार को नगर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण करने पहुंचे डीआईजी श्री भारती को थाना में सर्वप्रथम गार्ड ऑफ ओनर दिया गया। इसके बाद श्री भारती ने थाना भवन का निरीक्षण किया। साथ ही कांडो के निष्पादन पर समीक्षा की गई। फाइलों को गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में लंबित कांडों में त्वरित गति से अनुसंधान पूर्ण कर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वांछित, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी करने की बात कही गई। थाना के वारंट, इश्तहार, कुर्की का ससमय तामिला करने की भी बात कही गई। शहर में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने पर चर्चा की गई। दिवा एवं रात्रि में प्रभावी गश्ती एवं वाहन चेकिंग करने की हिदायत दी गई। अपराधियों का संपत्ति संपहरण करने, सभी संचिकाओं को अद्यतन कराते हुए बेहतर तरीके से संधारण करने का श्री भारती ने निर्देश दिया। इस अवसर पर एसपी मनीष, डीएसपी सदर अजय कुमार पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। इधर थाना निरीक्षण के उपरांत मटिहानी थाना कांड संख्या 79-25 का घटना स्थल पर पहुंचकर जांच किया गया। साथ ही उचित दिशा निर्देश भी दिया।

### विनोबा एप संचालन को लेकर कार्यशाला

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यपक एवं शिक्षकों को गुरुवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय बीरपुर में विनोबा एप से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता वीरपुर प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी स्नेह लता वर्मा और संचालन मध्य विद्यालय जगदर के प्रधानाध्यापक सुकुमार सहनी ने की। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी स्नेह लता वर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रखंड के सभी विद्यालय प्रधान स्वयं अथवा अपने विद्यालय से एक कंप्यूटर में रूचि रखने वाले शिक्षक को कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किए गए थे। जिनको बेगुसराय से आए प्रोजेक्ट मैनेजर ने विनोबा एप में शिक्षकों के रजिस्ट्रेशन से लेकर विद्यालय के बच्चों के द्वारा किए गए गतिविधियों को अपलोड करने तक का हर एक स्टेप वाइज करके बताया और इसको करने में आने वाली समस्याओं को हल करने के लिए हर प्रश्न का जवाब दी साथ ही सभी शिक्षकों को एक वट्सएप समूह में शामिल किया गया जिसमें समय समय पर होने वाले बदलाव को लेकर अपडेट की जानकारी मिलती रहेगी। बैठक में उच्च माध्यमिक विद्यालय के पर्रा के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार झा, उच्च विद्यालय वीरपुर के नीरज कुमार, शिक्षक बलबीर कुमार, संतोष चौरसिया, बुद्धन कुमार चौरसिया, प्रभाकर कुमार,समेत कई अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### अब्दुल कलाम स्मृति दिवस मना

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति डक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की दसवीं स्मृति दिवस शहीद सुखदेव सिंह सभागार सर्वोदय नगर में मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक नेता अमरेंद्र कुमार सिंह ने की। अध्यक्षता संबोधन में अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म तमिलनाडु के एक मछुआरा परिवार में हुआ था। और पूर्व राष्ट्रपति डक्टर एपीजे अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे महान पुरूष को मेरा शत-शत नमन। जेपी सेनानी के जिला सचिव सुनीता देवी ने कहा कि एपीजे अब्दुल कलाम भारत के 11 में निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाले थे। वह भारत के पूर्व राष्ट्रपति जाने-माने वैज्ञानिक और अभियंता के रूप में विख्यात थे। इस अवसर पर राजेंद्र महतो जिला अध्यक्ष जेपी सेनानी ने उनके विचारों पर चलने की बात कही और उनके स्मृति दिवस को नमन करते हुए अपने विचार को व्यक्त किया।

### सड़क हादसे में शिक्षिका की मौत

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रिफाइनरी थाना क्षेत्र के तिलरथ एनएच-31 पर बुधवार को सड़क हादसे में महिला शिक्षिका की मौत हो गई। मामा के गृह प्रवेश में जा रही महिला शिक्षिका की सड़क हादसे में मौत हो गयी। पल भर की खुशियां मातम में तब्दिल हो गयी। मृतका की पहचान गढ़पुरा थाना क्षेत्र के कुम्हारसौ वार्ड संख्या-13 निवासी मेघनाथ राय की 43 वर्षीय पत्नी अंशुमाला के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार अंशुमाला अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर बरौनी के ठोकरी चौक स्थित मामा के गृह प्रवेश समारोह में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान तिलरथ के समीप फोरलेन सड़क पर बने गड्ढे के कारण बाइक असंतुलित हो गई और वह पीछे से गिर पड़ीं। उन्हें गंभीर हालत में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।अंशुमाला कुम्हारसौ स्थित मध्य विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थीं। जबकि उनके पति मेघनाथ राय छौड़ाही प्रखंड में पंचायत रोजगार सेवक हैं। मूल रूप से मृतका का मायका परिहारा गांव में है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आदित्य मोटर व्हील प्राइवेट लिमिटेड चन्द्रहिया टाटा मोटर्स एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी मोतिहारी के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार भारती एवं टाटा मोटर्स चन्द्रहिया के निर्देशक सुजीत जायसवाल और हरेंद्र जायसवाल की उपस्थिति में टाटा मोटर्स के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस समिति अध्यक्ष अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पूर्वी चंपारण मोतिहारी ने कहा हर एक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए इस स्वास्थ्य को कई मायने में लाभ होता है। आज के रक्तदान शिविर की शुरुआत अमित जायसवाल ने रक्तदान कर किया तथा अपने संस्था के सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करना मानवता की सेवा है आप लोग को इसमें बढ़ चढ़ कर छोड़कर हिस्सा लेना चाहिए आज के इस रक्तदान शिविर में टाटा मोटर्स के कर्मी वीरेंद्र यादव प्रिया कुमारी कोमल कुमारी सुरभि कुमारी सलोनी कुमारी रोहण राज रविंद्र कुमार रवि कुमार संतोष कुमार विपिन श्रीवास्तव मोहम्मद आशिक ने रक्तदान किया ।इस अवसर पर रेट आज के इस रक्तदान शिविर के अवसर पर रेड क्रॉस के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अशोक कुमार समाजसेवी कौशल किशोर सिंह रत्नेश कुमार सिंह रूपक वर्मा अमोद कुमार कुमार अमृत विनोद श्रीवास्तव अरुण कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### एचआईवी के प्रति जागरूकता के लिए रेड रन

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के डॉक्टर श्रीकृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय में 7 अगस्त 2025 को महाविद्यालय स्तर पर रेड रन 2025 का आयोजन किया गया । यह आयोजन छात्रों में एचआईवी एवं एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. नलिन विलोचन की अध्यक्षता में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अर्पणा ने करवाया। एचआईवी एवं एड्स से बचाव एवं नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और बिहार राज्य इट्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने बड़े जोश खरोश के साथ दौड़ में भाग लिया। इस दौर में प्रथम 10 स्थानों में आने वाली लड़कियों में नीतू कुमारी, मुस्कान कुमारी, निशात परवीन, मनीता कुमारी, अनिशा कुमारी, शालू कुमारी, साजदा खातून, साक्षी कुमारी, परिणीता, वंदना, अनुप्रिया एवं सिल्की कुमारी रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों के विवाद को लेकर महिला से मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी ढाला गांव में एक महिला के साथ मारपीट की घटना घटी है। घटना विते 6 अगस्त की है। मामले में पकड़ी ढाला निवासी मूरत देवी ने शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमे गाव में ही राजेश महतो, नरेश महतो समेत चार लोगों को नामजद किया है। आरोप है कि बच्चों के झगड़ा को लेकर सभी लोग 6 अगस्त की रात्रि करीब 10 बजे एकजुट होकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर जख्मी कर दिए। थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### बिजली विभाग ने लगाया जागरूकता शिविर

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिजली विभाग द्वारा गुरुवार को लौरिया नपं के बंगाली चौक सहित नगर पंचायत के विभिन्न जगहों पर बिजली विभाग के कमीर्यो द्वारा जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 125 यूनिट फ्री बिजली बिल योजना का लाभ लेने की जानकारी दी गई। इस दौरान कनीय विधुत अभियंता संजय कुमार,मानव बल पंकज कुमार, प्रमोद लाल, उपेन्द्र राम,बीपीन पाण्डेय आदि मौजूद रहें। मौके पर लोगों को 125 यूनिट बिजली फ्री देने के बारे में बताते हुए मुख्यमंत्री के संदेश पत्र का भी वितरण किया गया। वहीं जेई संजय कुमार ने बताया कि 125 यूनिट बिजली मुफ्त योजना के तहत उपभोक्ताओं को हर महीने निःशुल्क दी जायेगी। यह व्यवस्था जुलाई माह से लागू की गई है। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त को प्रखंड क्षेत्र के धोबनी पंचायत के धोबनी गांव के सरकारी विद्यालय,बगही बसवरिया पंचायत के बगही विद्यालय में, कटैया पंचायत के कटैया विद्यालय में, नगर पंचायत के साहू जैन विद्यालय में कैम्प लगाकर वीडियो के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं को जानकारी दी जाएगी। इस कैम्प में प्रखंड से लेकर नगर पंचायत क्षेत्र के सभी बिजली उपभोक्ताओ को लाभ दी जाएगी।

### प्राणप्रतिष्ठा को लेकर निकली शोभा यात्रा

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बृहस्पतिवार के दिन बसवरिया पराउ टोला पंचायत के बसवरिया गांव के वार्ड संख्या तेरह में स्थित दूर्गा मंदिर परिसर में बजरंग बली तथा भोलेशंकर के शिवलिंग मूर्ति स्थापना तथा प्राणप्रतिष्ठा को लेकर जलबोझि यात्रा निकली। जिसमे आचार्य झुन्नू दीक्षित अपने सहायक मनीष मिश्रा, अरुण तिवारी, धीरज तिवारी के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर सिकरहना नदी से जलबोझी यात्रा निकाली गई। जिसमें एक सौ इक्कावन कुँआरी कन्याओं ने माथे पर कलश लेकर सिकरहना नदी से जल लेकर बसवरिया गांव के वार्ड संख्या तेरह स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण पहुंची। जलबोझि यात्रा गाजे बाजे के साथ निकली। रास्ते में लोगों ने जगह जगह कन्याओं को शर्बत व जूस पिलाते नजर आए। मुखिया इंजीनियर शैलेश कुमार ने बताया कि भगवान भोले शंकर की शिवलिंग व बजरंगबली की मूर्ति बनारस से मंगवाया गया है। यह सब पूरे गांव के सहयोग से संभव हो पाया है। साथ ही उन्होंने बताया की मूर्ति के प्राणप्रतिष्ठा के मुख्य यजमान चन्द्रिका महतो तथा सुरेश शर्मा हैं। जबकि पूजा तथा मूर्ति स्थापना में मुख्य रुप से प्रदीप यादव, विजय प्रसाद, धर्मेंद्र महतो, पप्पू शर्मा, मुन्ना कुमार, राजन पासवान, राजेश्वर यादव, हरिंद्र प्रसाद, सहित नव युवक संघ के सैकड़ों युवक शामिल रहे।



### गंडक नदी के जलस्तर व रिंग बांध निर्माण का निरीक्षण

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर भूमि सुधार उप समाहर्ता धनंजय त्रिपाठी ने बुधवार को सारण तटबंध के तटीय इलाकों और निमार्णाधीन रिंग बांध का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर की समीक्षा की गई और निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच की गई। अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस मौके पर सीओ पंकज कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी बद्री विशाल मिश्रा सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।



### नेत्र जांच शिविर का आयोजन, निःशुल्क चश्मा वितरित

**लहलादपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में बुनियाद संजीवनी सेवा संस्थान द्वारा एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लाभार्थियों की आँखों की जांच की गई और जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। संस्थान के नेत्र चिकित्सक निशिकांत प्रकाश ने बताया कि जरूरतमंदों को कान की मशीन और विकलांगों के लिए ट्राईसाइकिल हेतु आवेदन पत्र भी लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन योग्य मामलों को सदर अस्पताल, छपरा रेफर किया जा रहा है। शिविर में प्रखंड क्षेत्र के लगभग 100 लाभार्थियों ने भाग लिया, जिनकी सूची विकास मित्रों द्वारा तैयार की गई थी।

### सेंदुआर में युवक की हत्याः घटनास्थल पर पहुंचे एसपी

**लहलादपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता बाजार थाना क्षेत्र के सेंदुआर गांव के समीप नहर के बांध पर मंगलवार की शाम गला रेतकर एक युवक की हत्या कर दी गई। बुधवार को सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। एसपी ने थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार को निष्पक्षता और तत्परता के साथ घटना की जांच कर अपराधियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### 'अपनी पुलिस को जानें' कार्यक्रम के तहत मिर्जापुर विद्यालय में चलाया गया जागरूकता अभियान

**लहलादपुर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय पुलिस अधीक्षक सारण के निर्देश पर 'अपनी पुलिस को जानें' कार्यक्रम के तहत 5 अगस्त को जनता बाजार थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिजार्पुर में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिसकर्मियों ने छात्र-




छात्राओं को महिला हेल्पडेस्क (डायल 112) और "आवाज दो" कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नारी सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा चलाई जा रही पहलों से अवगत कराया। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें उत्तीर्ण प्रतिभागियों को थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर थानाध्यक्ष मनी कुमार, एएसआई गंगादयाल ओझा, विद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने किया 13.14 करोड़ रुपए की लागत से बने 50 बेड के अत्याधुनिक अनुमंडलीय अस्पताल का उद्घाटन



**के. के. सिंह सेंगर/नबिटा ब्यूरो**

**छपरा (सारण)।** जिले के मढ़ौरा अनुमंडल को अब अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त नया अनुमंडलीय अस्पताल मिल गया है। बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय ने लगभग 13.14 करोड़ रुपये की लागत से बने इस 50 शैय्या वाले अस्पताल का विधिवत उद्घाटन किया। यह निर्माण कार्य बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमएसआईसीएल) द्वारा कराया गया है। इस अवसर पर मंत्री ने जिले को कुल 16.14 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य परियोजनाओं की सौगात दी, जिसमें मढ़ौरा अस्पताल के साथ चार प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्रों का भी उद्घाटन शामिल है। इनमें मिजार्पुर, मुरारपुर, नौतन और धरमपुर शामिल हैं, जिनके प्रत्येक केंद्र पर ₹75 लाख की लागत से निर्माण कार्य हुआ है।

**अस्पताल की सुविधाएंः**

मढ़ौरा अनुमंडलीय अस्पताल को आधुनिक मानकों के अनुरूप डिजाइन किया गया है। भूतल परः ओपीडी, डॉक्टर कक्ष, आपातकालीन कक्ष, एक्स-रे कक्ष और माइनर ऑपरेशन थियेटर की सुविधा दी गई है। प्रथम तल परः प्रसव कक्ष, नवजात शिशु गहन देखभाल इकाई (एसएनसीयू), पूर्व एवं पश्चात देखभाल इकाई, मेजर ओटी, आईसीयू तथा छह शैय्याओं वाला वार्ड उपलब्ध है। अन्य प्रमुख सुविधाएंः मेडिकल गैस पाइपलाइन, अग्निशमन प्रणाली, लिफ्ट, शुद्ध पेयजल, फर्नीचर तथा दिव्यांगजनों सहित पुरुष/महिला के लिए पृथक शौचालय की समुचित व्यवस्था की गई है।

**बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हो रहाः मंगल पांडेय**

**स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार की प्रतिबद्धताः मंगल पांडेय**

उद्घाटन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। पहले जहां एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचना मुश्किल होता था, अब प्रत्येक अनुमंडल में अत्याधुनिक अस्पताल तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा सुलभ कराना है। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन से लेकर आईसीयू तक की सुविधाएं अब आमजन तक पहुँच रही हैं। हमारा लक्ष्य है कि किसी भी मरीज को इलाज के अभाव में कठिनाई न हो। आने वाले वर्षों में बिहार स्वास्थ्य क्षेत्र में मॉडल राज्य बनकर उभरेगा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, डीएमओ डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डीपीएम अरविंद कुमार, डीपीसी रमेशचंद्र कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## साइबर अपराधियों ने जुलाई में बनाया 124 लोगों को शिकार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साइबर अपराधियों से बचने के लिए सरकार लगातार जागरूकता अभियान चला रही। ठगी से बचने के लिए लोगों को सचेत किया जा रहा है। बावजूद इसके साइबर अपराधी नए-नए तरीके से लोगों को ठग रहे है। लोगों को झांसे में लेकर आसानी से अपने जाल में फंसा उनके खून पसीने की कमाई पल भर में उनके खाते से निकालकर उन्हें कंगाल कर देते है। साइबर अपराधी अलग-अलग तरीके से लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। साइबर अपराध पर लगाम के उद्देश्य से नौ जून 2023 को बेतिया में साइबर थाना खोला गया। साइबर थाना खुलने के बाद इस तरह के अपराध के जांच में तेजी आई है। लेकिन साइबर अपराध पर नियंत्रण नहीं लग सका। विगत जुलाई माह में साइबर अपराधियों ने जिले में 124 लोगों को ठगी का शिकार बनाया। ठगी के शिकार बने लोगों ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इनमें से आठ मामले साइबर थाना में दर्ज किया गया। साइबर थाने की डीएसपी गौतम शरण ओमी ने बताया कि जुलाई माह में 26,52,107 रुपये होल्ड कराया गया है। जुलाई में 28 हजार रुपये पीड़ितों के खाता में वापस कराया गया।

## यूरिया के लिए किसानों ने किया एनएच को जाम

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** युरीया नहीं मिलने से नाराज किसानो ने एन एच 727 को नंथनगढ चौक के पास एक धंटे तक जाम कर दिया। सुचना पर पहुंची 112 की पुलिस ने थाना पुलिस के सहयोग से जाम को खत्म कराया और इसकी सूचना वरिय अधिकारीयों को दी। बतादे कि लौरिया चीनी मिल मे इफको के युरीया आने की सुचना पर किसान दो बजे रात से ही आकर लाईन मे लग गए थे। किसान दो बजे रात से लेकर दस बजे दिन तक चीनी मिल स्थित किसान भवन के पास स्थित चीनी मिल के काउण्टर पर लाईन मे लगे रहे। दस बजे दिन तक काउण्टर नहीं खुलने पर किसान एन एच 727लौरिया बगहा रोड पर आ गए और सडक जाम कर दिया। घटना की सुचना पर एस डी एम नरकटियागंज सुर्य प्रकाश गुप्ता जिला कृषि पदाधिकारी सरफराज व अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार भी पहुचे और अपने देख रेख मे युरिया बंटवाना शुरू किया। लोग भूखे प्यासे लाईन मे लगकर युरीया खरीदकर अपने को धन्य महशुस कर रहे हैं। मौके पर कृषि समन्वयक अशोक पाण्डेय, बिरेन्द्र गुप्ता, जगरनाथ सिंह, पप्पू परवाना, प्रकाश यादव, मिश्री यादव, धर्मेंद्र कुमार, जयकुमार सिंह, राजेन्द्र सिंह, रम्भु यादव, हरेन्द्र यादव, ठगीया देवी सहित हजारों किसान उपस्थित रहे।



## भाकपा माले ने किया समाहरणालय पर प्रर्दशन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाकपा माले और सरेया मन बचाओ-मछुआरा अधिकार बचाओ संघर्ष समिति ने मछुआरों के परंपरागत मछली पकड़ने के अधिकार बहाल करने, नाव-जाल जब्ती रोकने और मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया। शहीद पार्क से जुलूस निकालकर मुख्य मार्ग से होते हुए प्रदर्शन हुआ। भाकपा माले के जिला कमिटी सदस्य सुनील कुमार राव ने कहा कि मछुआरा समुदाय का जल-जंगल-जमीन पर सदियों पुराना अधिकार है, लेकिन नीतीश-मोदी सरकार ने बैरिया प्रखंड के सरेया मन को पक्षी विहार बनाने के नाम पर मछुआरों के अधिकार छीन लिए। माले नेता नवीन कुमार ने बताया कि 100 से अधिक नाव-जाल जब्त किए गए, दो मछुआरों नंदलाल और महेंद्र चौधरी को जेल भेजा गया। समिति अध्यक्ष बाली चौधरी ने कहा कि सरकार मछुआरों को नोटिस भेजकर परेशान कर रही है। मत्स्य जीवी सहयोग समिति के असीम चौधरी ने इसे अंग्रेजों से भी बदतर स्थिति बताया। माले नेता सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा नेताओं से गुहार के बावजूद कोई समाधान नहीं मिला। प्रदर्शन के अंत में जिला अधिकारी को मांगों से संबंधित स्मार-पत्र सौंपा गया।




## मांझी में निर्माणरत अटल घाट के हॉल की सीढ़ियों के लिए निर्मित दीवारों में आई दरारें

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केन्द्र सरकार के नमामि गंगे परियोजना के तहत मांझी के प्रसिद्ध राम घाट पर लगभग साढ़े दस करोड़ की निर्माणरत अटल घाट के हॉल की सीढ़ियों के लिए निर्मित दीवारों में जगह जगह दरारें निकल आईलागत से निर्माणरत अटल घाट के हॉल की सीढ़ियों के लिए निर्मित दीवारों में जगह जगह दरारें निकल आई हैं जिससे निर्माण योजना पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। रामघाट पर स्नान करने पहुँचे प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सरयु नदी में आई बाढ़ ने मानक के विपरीत हो रहे निर्माण कार्य की कलई खोल दी है। लोगों ने बताया कि धीरे धीरे सीढ़ियां भी नीचे की तरफ धंस रही हैं। लोगों का कहना है कि समय रहते यदि इसमें जरूरी सुधार नही किया गया तो राम घाट पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के सरयु स्नान का सपना पूरा नही हो पायेगा। उधर दरारों को आम लोगों की आंखों से ओझल करने के लिए कारीगरों द्वारा दीवाल की दरारों में सीमेंट आदि डालकर उसे ढंकने का भी असफल प्रयास किया गया है बावजूद इसके दीवारों में आई दरारें रोज रोज बढ़ती ही जा रही हैं। दीवार में दरार दिखने के बाद लोग ठेकेदार पर मानक के विपरीत काम करने का आरोप लगा रहे हैं। बताते चलें कि महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल के विशेष प्रयास से बहुप्रतीक्षित अटल घाट का निर्माण कराया जा रहा है। फिलहाल सरयु नदी में आई बाढ़ की वजह से अटल घाट का अधिकांश भाग पानी में डूब गया है जिसकी वजह से निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है।



## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की हुई समीक्षा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में आज उप विकास आयुक्त सुमित कुमार की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि समारोह गरिमामय, सुरक्षित और भव्य तरीके से सम्पन्न हो सके। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएं।बैठक में उन्होंने परेड रिहर्सल, समारोह स्थल की साफ-सफाई, नगर की सफाई व्यवस्था, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई, पेयजल, चिकित्सा, अग्निशमन तथा सोशल मीडिया पर फेसबुक लाइव प्रसारण को लेकर दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने निर्देश दिया कि परेड की रिहर्सल नियमित हो, समारोह स्थल की साफ-सफाई के साथ नगर क्षेत्र व महापुरुषों की प्रतिमाओं की भी सफाई कर सजावट सुनिश्चित की जाए। साथ ही पेयजल, चिकित्सा, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने समारोह का फेसबुक लाइव प्रसारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक लोग घर बैठे समारोह से जुड़ सकें।

## पढ़ाने के बजाय मोबाइल बजा छात्रों को शिक्षक सुनाते हैं गाना

**विरोध में स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं का घंटो हंगामा, मौके पर पहुंची पुलिस**

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्मी नारायण उच्चतर विद्यालय $2 मे गुरुवार को शिक्षकों के व्यवहार से अजीज आकर छात्रों ने घंटा हंगामा किया।मौके पर पुलिस पहुंचकर हंगामा को शांत कराया।आक्रोशित छात्र निशा कुमारी, प्रीति कुमारी, रेशमा परवीन, प्रियंका कुमारी, मनीषा कुमारी, प्रिंस कुमार, चितरंजन कुमार आदि ने बताया कि हमारे विद्यालय में शिक्षक पढ़ाने के बजाय गाना बजाते हैं। हेडफोन लगाकर विद्यालय परिसर में टहलते रहते हैं। जब पढ़ाई की बात हम सभी छात्र करते हैं तो डांट फटकार भगा दिया जाता है।छात्रों ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक रंजन मिश्रा और हिमांशु पढ़ाई के समय में स्पीकर बजा गाना सुनते हैं। वही शिक्षक आशुतोष मिश्रा हेडफोन लगाकर क्लास में पहुंचते हैं। शिक्षिका लवली सिंह बच्चों को डरवाती धमकाती है। 10वीं और 11वीं के छात्रों ने बताया कि आठवां माह वितने को है और मात्र एक चौप्टर की पढ़ाई हुई है।ऐसे में हम सभी का भविष्य अंधकारमय होते जा रहा है। छात्रों ने इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी व इनरवा पुलिस को दूरभाष पर दी।सूचना मिलते ही मौके पर विद्यालय में पुलिस पहुंचकर छात्रों के हंगामा को शांत कराया। ।इधर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि विद्यालय में हंगामा की सूचना प्राप्त हुई है। जांचोपरांत वस्तु स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।पढ़ाई में किसी भी तरह की कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी।



## दावा आपत्ति को लेकर सभी बीएलए के साथ बैठक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों पर गुरुवार को बीएलओ एवं बीएलए के साथ संयुक्त बैठक की गई। इस दौरान सभी बीएलए को बताया गया कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत एक अगस्त 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। अगर किसी मतदाता का नाम छूटा या गड़बड़ी है तो वैसे मतदाता दावा आपत्ति कर सकते है। दावा आपत्ति प्राप्त करने का समय 30 अगस्त तक है। वोटर मतदाता सूची के आधार पर दावा एवं आपत्ति विहित प्रपत्र में घोषणा पत्र के साथ बीएलओ को जमा कर सकते हैं। बीएलओ को नाम जोड़ने के लिए घोषणा पत्र के साथ प्रपत्र-06 जमा करना होगा। बैठक में मृत, स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि के अंतर्गत वोटरों की सूची भी साझा की गई। साथ हीं ऐसे वोटरों का नाम पढ़ कर सुनाया गया। बैठक में बीएलओ सुपरवाइजर वीरेंद्र कुमार सिंह, अशोक कुमार, लाल बाबू केसरी, राकेश कुमार, देवभद्र पांडेय एवं बीएलओ जावेद आलम, अमरेंद्र ओझा, सुभाष राम, धनंजय कुमार मिश्र, कुमार वतन, सुनील चौबे आदि उपस्थित रहे। इधर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड अंतर्गत 282 बूथ है। सभी बूथों पर बैठक की गई। जिन बूथों पर बैठक नहीं हुई, वहां शुक्रवार को इसका आयोजन किया जाएगा।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव को लेकर हुई बैठक

**हर बूथ पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी उपलब्ध कराने का निर्देश**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिवान।** आगामी आसन्न विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर बिहार के मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में सारण प्रमंडल स्तरीय एक अहम समीक्षा बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई जिसमें चुनावी तैयारियों की गहन समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनोद सिंह गुंजियाल, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव (गृह) श्री अरविन्द कुमार चौधरी, तथा अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) श्री कुंदन कृष्णन भी मौजूद रहे। बैठक में प्रमंडल के सभी जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य निर्वाचन संबंधित अधिकारी वर्चुअल रूप से शामिल हुए।




**हर बूथ पर बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश**

मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि हर मतदान केंद्र पर अ एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी यानी शौचालय, रैंप, पेयजल, शेड, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इन सुविधाओं की भौतिक जांच शीघ्र करा ली जाए, ताकि चुनाव के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता**

पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार ने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती को समय रहते सुनिश्चित करने को कहा।

**सिवान प्रशासन की भागीदारी**

बैठक में सिवान जिला पदाधिकारी, सिवान पुलिस अधीक्षक एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिवान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भाग लिया और जिले की चुनावी तैयारियों की जानकारी दी।

**जनसंपर्क विभाग भी सक्रिय**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री कन्हैया कुमार ने बताया कि सिवान जिला प्रशासन निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कर रहा है और सभी आवश्यक तैयारियाँ समय से पूर्ण की जाएंगी।

**मतदाताओं की सुविधा सर्वोपरि**

बैठक के दौरान मतदाताओं की सुविधा, पारदर्शिता एवं मतदाता जागरूकता अभियानों को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि हर मतदाता को सशक्त और जागरूक बनाना ही लोकतंत्र की मजबूती है। इस बैठक को आगामी विधानसभा चुनावों की दृष्टि से नीतिगत दिशा निर्धारण के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें चुनाव प्रक्रिया को सफल और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने पर जोर दिया गया।

## सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में भारत स्काउट व गाइड के प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, छपरा में भारत स्काउट और गाइड द्वारा आयोजित प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन हुआ। इस शिविर का उद्देश्य स्काउट्स एवं गाइड्स के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना था। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को स्काउटिंग की मूलभूत जानकारी, गांठें बनाना, प्राथमिक उपचार, स्काउट नियम, झंडा गीत, ध्वज संहिता, पायनियरिंग, मैप रीडिंग, ग्रुप गेम्स, देशभक्ति गीत तथा दैनिक अच्छे कार्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन समारोह में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी छपरा सदर कोमल राय और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी छपरा नगर प्रिया भारती विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में भारत स्काउट और गाइड, सारण द्वारा बच्चों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।



**प्रतिभागियों को मिला प्रमाण पत्र व सम्मानः**

समापन समारोह के अवसर पर भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला मुख्य आयुक्त हरेंद्र प्रसाद सिंह तथा कोषाध्यक्ष ज्ञानेंद्र भारद्वाज ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विकास कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। शिविर के सफल संचालन में शिविर प्रधान प्रमोद कुमार सिंह, शारदा शर्मा, शिविर सहायक प्रणव, आशुतोष और कल्पना की अहम भूमिका रही।

# लोक अदालत की सफलता में थानाध्यक्षों की भूमिका अहम : मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद द्वारा बुधवार को मध्यस्थता राष्ट्र के लिए विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने की, जिसमें जिले के सभी थानाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में सचिव तान्या पटेल एवं अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप सिंह भी उपस्थित रहे। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने कहा कि मध्यस्थता एक प्रभावी, निष्पक्ष और खर्चरहित प्रक्रिया है, जिससे दोनों पक्ष शांतिपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से विवाद का समाधान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान 1 जुलाई से शुरू होकर 30 सितंबर तक चलेगा, जिसमें व्यवहार न्यायालय और अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में लंबित मामलों का निस्तारण कराया जाएगा। तान्या पटेल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता, ऋण वसूली, बेदखली, सेवा संबंधी और अन्य सुलहनीय मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह प्रक्रिया माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के आलोक में चलाई जा रही है। बैठक में आगामी 13 सितंबर को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी पर भी चर्चा हुई। थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में वादों को चिन्हित करें और लोक अदालत के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं। संदीप सिंह ने कहा कि थानों को भेजी गई सुलहनीय वादों की सूची पर कार्रवाई कर पक्षकारों को प्रेरित किया जाए। प्राधिकरण ने यह भी निर्देश दिया कि नोटिस की तामिला सुनिश्चित हो और उस पर पक्षकार का नाम एवं संपर्क विवरण अवश्य अंकित किया जाए। यदि पक्षकार अन्य थाना क्षेत्र में रहते हों तो संबंधित थाना से समन्वय स्थापित कर सूचना साझा की जाए। बैठक के अंत में सभी थानाध्यक्षों से जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी लोक अदालत के लिए जागरूकता फैलाने की अपील की गई ताकि समाज में भाईचारा और विवादमुक्त वातावरण बन सके।

# पिकअप वैन से 66 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के एसपी विनीत कुमार के निर्देश और गुप्त सूचना के आधार पर मखदुमपुर थाने की पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। बताया जाता है कि एक पिकअप भान गाड़ी से 66 कार्टून यानी लगभग 560 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। बरामद शराब झारखंड निर्मित है। जो झारखंड राज्य से सील पानी बोतल के नीचे छुपा कर पटना ले जाया जा रहा था। इस मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गया से पटना जा रही एक पिकअप भान की तलाशी लिया। जिससे पुलिस ने 66 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया है। उन्होंने बताया इस मामले में पुलिस ने बंगाल राज्य के वाहन चालक श्यामल कर्मकार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चालक से पुलिस पूछताछ में जुटी है। उन्होंने बताया प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार चालक ने बताया की झारखंड से शराब लेकर पटना जा रहे थे। फिलहाल शराब लदे पिकअप वैन को पुलिस द्वारा जब्त कर थाना लाया गया है। इस मामले में चालक एवं वाहन के मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताते चले कि बुधवार को भी जिले की पुलिस ने उमता धरनई थाना क्षेत्र के बॉर्डर के समीप से काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया था। हाल के कुछ महीनों में बड़े स्तर पर अंग्रेजी शराब की तस्करी का भंडाफोड़ करने में पुलिस सफल रही है। हालाकि देखा जाए तो शराब के तस्करी के लिए नित्य नए नए हथकंडे शराब माफियाओं द्वारा अपनाने की सूचना के बाद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि शराब की तस्करी अभी भी जारी है। शराब की तस्करी में शामिल बड़े गिरोह और सरगना तक पुलिस अभी भी नहीं पहुंची है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** एनवा स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति की पहली बैठक विद्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी द्वारा नामित वरीय उप समाहर्ता शिल्पी आनंद ने की। बैठक की शुरुआत विद्यालय के अंग्रेजी के पीजीटी शिक्षक मनोज कुमार द्वारा समिति के सदस्यों के स्वागत से हुई। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र राम ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2025-26 का संशोधित प्राक्कलन एवं 2026-27 का अनुमानित बजट समिति के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसकी राशि लगभग 4 करोड़ रुपये बताई गई।

प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय के विभिन्न विभागों के लिए कंप्यूटर, फर्नीचर और अन्य आवश्यक उपकरणों की खरीद की गई है। साथ ही ई-क्लासरूम के निर्माण के लिए सामग्री की खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है। उन्होंने विश्वास जताया कि शीघ्र ही विद्यालय की सभी कक्षाओं को ई-क्लासरूम में तब्दील कर दिया जाएगा। खेल गतिविधियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय के छात्र राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि खेल मैदान के समुचित विकास की आवश्यकता है। बैठक में विद्यालय परिसर में पैदल मार्ग और सड़क की मरम्मत को प्राथमिकता देने की बात कही गई, साथ ही अधूरी चारदीवारी को जल्द पूरा करने का निर्णय भी लिया गया। प्राचार्य ने भवन रंग-रोगन और मरम्मत कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि कुछ कार्य पूरे हो चुके हैं तथा शेष कार्यों को आगामी वित्तीय वर्ष से पहले पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में बतौर सदस्य जवाहर नवोदय विद्यालय के भौतिकी विषय के पीजीटी शिक्षक मनोज कुमार, डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य के. के. पांडेय, केपीएस कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. रंजीत कुमार भारतीय, टीजीटी गणित शिक्षक संजय कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि आंचल कुमारी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व है रक्षाबंधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** रक्षा बंधन का पवित्र त्यौहार जो भाई बहन के रिश्तों के मजबूत कड़ी के रूप में देखी जाती है। इस त्यौहार का इंतजार बहनें पूरे वर्ष बड़ी शिद्दत से करती हैं। देखा जाए तो परंपरा के साथ- साथ रक्षाबंधन शब्द का एक गहरा अर्थ भी है। यह त्यौहार सिर्फ़ कलाई पर धागा बांधने से कहीं आगे तक जाता है। रक्षाबंधन का त्यौहार पारंपरिक रूप से भाई-बहनों से जुड़ा हुआ है, लेकिन इसका महत्व इस रिश्ते से भी कहीं आगे तक फैला हुआ है। यह प्रेम, एकता और एक-दूसरे की रक्षा करने के महत्व का प्रतीक है। राखी करुणा, सम्मान और परिवार के सदस्यों व करीबी दोस्तों के बीच के शाश्वत बंधन के शाश्वत मूल्यों की याद दिलाती है।

**कैसे शुरू हुआ था रक्षा बंधन का त्यौहार**

राखी का त्यौहार और परंपरा काफी पुरानी है। राखी का त्यौहार कब और कैसे मनाया गया तथा सबसे पहले राखी का त्यौहार कब मनाया गया इसका कोई प्रामाणिक तथ्य हमारे पास नहीं है लेकिन माना जाता है कि द्वापर युग में द्रौपदी ने भगवान श्रीकृष्ण को सबसे पहले राखी बांधी थी। और जब समय आया तो उसी राखी की लाज द्रौपदी के चीर हरण के समय माधव ने रखी। महाभारत के अनुसार, पांडवों की पत्नी द्रौपदी ने रक्तस्राव रोकने के लिए अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर भगवान कृष्ण की उंगली पर बाँध दिया था। बदले में, कृष्ण ने द्रौपदी की रक्षा करने का वचन दिया और उनके सबसे कठिन क्षणों में उनके साथ खड़े रहे। दूसरी एक और लोकप्रिय कथा के अनुसार राक्षस राजा बलि ने जब भगवान विष्णु से अपने राज्य में रहने का अनुरोध किया, तो देवी लक्ष्मी ने बलि की कलाई पर एक धागा बाँधा और भगवान विष्णु की मुक्ति का वरदान माँगा। उनकी भक्ति और प्रेम से प्रभावित होकर, बलि ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ली और भगवान विष्णु को मुक्त कर दिया था। आधुनिक समाज में रक्षा बंधन का त्यौहार की शुरुआत तब से मानी जाती है जब गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह ने मेवाड़ पर आक्रमण किया, तो मेवाड़ की रानी कर्णावती ने हुमायूँ को राखी भेजी, ताकि वह उनकी रक्षा कर सकें, ऐसा इतिहास में दर्ज है। रानी कर्णावती ने हुमायूँ को राखी भेजकर उनसे भाई जैसा रिश्ता स्थापित किया और मदद की गुहार लगाई। रक्षाबंधन का मुख्य आकर्षण बहन द्वारा भाई की कलाई पर राखी बांधना है जो एक पवित्र धागा का रूप होता है। यह त्यौहार बहन के प्रेम, भाई की सलामती की प्रार्थना और भाई द्वारा अपनी बहन की रक्षा करने के वचन का प्रतीक माना जाता है। राखी बांधने के बाद, बहनें आरती करती हैं। यह एक ऐसा रस्म है जिसमें बहनें अपने भाई की समृद्धि, स्वास्थ्य और सुरक्षा की कुशलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती है।भाई अपनी बहनों को अपने प्यार का इज़हार करने के लिए उपहार देते हैं, जबकि बहनें भी उपहारों के ज़रिए अपना स्नेह व्यक्त करती हैं। यह एक खूबसूरत आदान-प्रदान है जो भाई-बहन के रिश्ते को और मज़बूत बनाता है।

# अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को कुचला, घटनास्थल पर मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** पटना डोभी राष्ट्रीय मार्ग संख्या-22 के बलजोरी बिगहा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने एक बुजुर्ग को कुचल दिया। जिससे बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं समाचार प्रेषण तक बुजुर्ग की पहचान नहीं हो सकी है। इस बाबत उमता धरनई थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की बलजोरी बिगहा के समीप एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया है। जिसका शव सड़क पर पड़ा पाया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करने में जुट गई है। वहीं शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों का कहना है कि बुजुर्ग मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जो दिन भर इधर-उधर घूमा करता था। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम करा कर पहचान करने में जुटी हुई है।

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड के राजकीय कृत देववंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर माध्यमिक स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक निरंजय कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो समूह में विभक्त थी। बालक एवं बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के लिए हिंदी या अंग्रेजी माध्यम निर्धारित करते हुए अधिकतम समय पांच मिनट निर्धारित किया गया था। प्रतियोगिता में वर्ग नवम एवं दसवीं के छात्र-छात्रा शामिल थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने बताया कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं प्रतिभा दिखाने के लिए विद्यालय में भाषण, क्विज, निबंध एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन माह में दो बार किया जाता है। वरीय पदाधिकारी के निदेशानुसार निर्णायक मंडल में शिवम कुमार, संजय कुमार मेहता, रश्मि मिश्रा एवं अजीत कुमार गौतम को सदस्य मनोनीत किया गया था। इसके अतिरिक्त परिणाम समिति के सदस्य के रूप में संतोष कुमार, विक्रम कुमार, सुशील कुमार, रविरंजन कुमार को मनोनीत किया गया था। इस अवसर पर डॉक्टर राकेश कुमार, कमल किशोर एवं आलोक कुमार आदि भी उपस्थित थे। बालक वर्ग में खेतपुरा के राहुल कुमार को प्रथम, दुधार के रौशन कुमार को द्वितीय तथा दुधार के प्रकाश कुमार वर्मा को तृतीय घोषित किया गया। ठीक इसी प्रकार बालिका वर्ग में बिशुनपुर के आरोही कुमारी को प्रथम, सुंदरगंज के सोनाली कुमारी को द्वितीय तथा अमौना के पल्लवी कुमारी को तृतीय घोषित किया गया।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सरमेरा प्रखंड के कोतरा गांव में आगामी 16 अगस्त से तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर गुरुवार को कोतरा गांव में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवयुवक दल, श्रीकृष्ण पूजा समिति के सदस्यों के साथ-साथ पड़ोसी गांव जहांगीर पर के लोगों ने भी भाग लिया। ज्ञात हो कि कोतरा गांव में बीते पांच वर्षों से श्रीकृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। इस बार भी भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। समारोह के तीसरे दिन यानी 18 अगस्त को मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय मेला भी लगाया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों के जुटने की उम्मीद है। बैठक में प्रमुख रूप से आशीष रंजन, बिजेंद्र यादव, सरवन राम, योगेंद्र धुनुक, मकेश्वर पासवान, कमलेश यादव, शैलेश पासवान, मंटू चौधरी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।


**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं. 83, 87, 88, 94-98-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 26.08.25; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1; निविदा सं.: 83-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/मालदा के क्षेत्राधिकार में सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/जमालपुर-I अनुभाग में बीसीएम द्वारा 0.6 टीकेएम ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग एवं 14 अदद स्विच के नवीनीकरण तथा वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/जमालपुर-II अनुभाग में बीसीएम द्वारा 16 अदद टी-आउट तथा 33 टीकेएम तथा मैनुअल तरीके से 1.378 टीकेएम की डीप स्क्रीनिंग, टीएफआर 5.088 टीकेएम एवं 38 अदद स्विच के नवीनीकरण कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,68,42,730.54; **क्रमांक 2; निविदा सं.: 87-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन साहिबगंज स्टेशन में धहोहर ढांचे के संबंध में साहिबगंज में बंगला सं. 2ए, 2बी, 88 तथा रेलवे इंस्टीच्यूट में सुधार एवं नवीनीकरण कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,97,71,842.38; **क्रमांक 3; निविदा सं.: 88-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नामः** मालदा मंडल, पूर्व रेलवे के तहत विभिन्न पुलों में गलवनाइज्ड एचबीम स्टील स्लीपर की संरचना/निर्माण, आपूर्ति एवं स्थापित करने के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 6,68,06,296.40; **क्रमांक 4; निविदा सं.: 94-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन विभिन्न एलसी गेटों में गेट लॉज, शौचालय, जल आपूर्ति एवं सड़क सतह के सुधार कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 53,79,364.15; **क्रमांक 5; निविदा सं.: 95-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा के क्षेत्राधिकार के अधीन भागलपुर-मन्दार हिल अनुभाग में किमी. 28.225 पर पुल सं. 74 (7x2.9 मी) में अतिरिक्त ए-स्लैब के प्रावधान के सिविल कार्यों के साथ अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,82,28,687.68; **क्रमांक 6; निविदा सं.: 96-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नामः** आईआरटीएमएम 2019 के पैरा 809(5) तथा परिशिष्ट 8.11 के अनुसार न्यूनतम आवश्यक सुविधा के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के क्षेत्राधिकार के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/जमालपुर-I के अधीन कल्याणपुर रोड, अकबरनगर एवं सुल्तानगंज स्टेशनों में ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान के साथ आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,76,24,634.21; **क्रमांक 7; निविदा सं.: 97-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के क्षेत्राधिकार के अधीन सहायक अभियंता/एल/जमालपुर के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे-II/जमालपुर अनुभाग में जमालपुर-किऊल (छोड़कर) दोहरी लाइन (किमी. 356/315-402/545 अप एवं डाउन/एल) में विभिन्न प्रकार के ट्रैक क्रियाकलाप यानी रेल-स्लीपर-स्विच-एसईजे का सामयिक नवीनीकरण, ट्रैक की टेम्पिंग, डीप स्क्रीनिंग, फीटिंगों का सामयिक नवीनीकरण, ट्रैक मशीन इत्यादि में सहायता प्रदान करने के साथ अन्य आनुषंगिक कार्य एवं निकासी प्रणाली की सफाई के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,08,77,184.16; **क्रमांक 8; निविदा सं.: 98-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नामः** कार्य का नामः वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के क्षेत्राधिकार के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन शिवनारायणपुर स्टेशन की भागलपुर छोर पर स्टैब्लिंग लाइन को मेन लाइन से जोड़ने के लिए 750 मीटर तक विस्तार के संबंध में सिविल कार्यों, पुल कार्यों एवं पी. वे कार्यों एवं सिग्नलिंग सुविधा के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,98,36,385.38; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** प्रत्येक निविदाओं के लिए 26.08.2025 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः www.ireps.gov.in/** डीआरएम कार्यालय/एमएलडीटी।

(MLD-134/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# परंपरागत राखी की जगह डिजिटल हो गई राखी की डोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन भी इंटरनेट की मदद से भारत की सीमाओं से बाहर निकलकर विश्वभर में भाई-बहनों के दिल में अपनी जगह बना रहा है। अब भाई की कलाई पर बांधी जाने वाली राखी यानी रेशम की डोर डिजिटल हो गई है।पिछले कुछ सालों से रक्षाबंधन के त्योहार पर इंटरनेट से रक्षाबंधन के कार्डस और ई-राखी भेजने का प्रचलन काफी बढ़ता जा रहा है। विदेशों में बसे भाई को बहनें बड़ी आसानी से चंद मिनटों में एक राखी कार्ड और सुंदर ई-राखी भेजकर अपना कर्तव्य पूरा कर रही हैं। आसन की जगह कुर्सी पर कम्प्यूटर के सामने बैठकर भाई अपनी बहन द्वारा भेजी गई ई-राखी को देखकर खुश हो जाता है। बस 5 मिनट में मन जा रही है डिजिटल राखी का त्यौहार। माना जाता है कि राखी पर ई-कार्ड और ई-ग्रीटिंग भेजने की शुरुआत सन 1995 के बाद हुई। प्रारंभ में ई-राखी हमारे देश के ज्यादातर भाई-बहनों की पहुंच से बाहर थी। जैसे-जैसे इंटरनेट की घुसपैठ हमारे दैनिक जीवन में बढ़ती गई, वैसे-वैसे इस माध्यम में भी हमारे त्योहारों, रस्मों और हमारी परंपराओं का प्रतिबिंब दिखाई देने लगा। वहीं देखा जाए तो इंटरनेट पर भारतीय त्योहारों के ग्?लोबल हो जाने का सबसे बड़ा फायदा उन लोगों को मिला, जो अपने देश से मीलों दूर पराए देश में अपना संसार बसाकर बैठे हैं। ऐसे समय में विदेशों में बसे होने के कारण त्योहारों पर जब मन अपने शहर, अपने परिवार और अपने मोहल्ले की चहल-पहल देखने को ललचाता है, तो ऐसे में एकमात्र सहारा इंटरनेट का ही होता है जिसकी वजह से घर से दूर रहने का दर्द थोड़ा कम हो जाता है।

जिन बहनों को पराए देश की गलियों में राखी की सजी-धजी दुकानें देखने को नहीं मिलती, उनके लिए इंटरनेट पर ई-राखी का पूरा बाजार सजा हुआ है। राखी ही क्यों, यहां अक्षत-कुमकुम से लेकर सजी-सजाई पूजा की थाली भी उपलब्ध है। ऐसा नहीं है कि यह सबकुछ सिर्फ ई-मेल के जरिए प्रतीकात्मक रूप से बहनें अपने भाइयों तक पहुंचाती हैं। इंटरनेट पर आपके लिए पूजा की थाली से लेकर नारियल और मिठाई खरीदने और उसे भाई के घर पहुंचाने की सुविधा भी उपलब्ध है। इंटरनेट पर ई-राखी को देखकर विदेशी भी इस त्योहार में रुचि लेने लगे हैं। भाई-बहन के बीच होने वाली छोटी-छोटी तकरार, प्यार भरी नोक-झोंक, एक-दूसरे के प्रति समर्पण दुनिया के हर कोने में देखा जा सकता है। सचमुच भाई-बहन की रक्षा की यह बंधने वाली डोर अब डिजिटल हो गई।

# दो मतदान केन्द्रों से कटा 188 लोगों का नाम

**मदनपुर/नबिटा संवाददाता।** मदनपुर प्रखंड के सलैया पंचायत के सलैया राजकीय मध्य विद्यालय में दो मतदान केन्द्रों पर मतदाता पुनरीक्षण कार्य में कुल 188 मतदाताओं का नाम कांटे गए हैं। जबकि छह लोगों का नाम जोड़ने के लिए आवेदन समर्पित किया गया है। कैंप उपस्थित बीएलओ बुथ नंबर 302 भाग पूर्वी के ठाकुर अमरेश प्रसाद एवं बुथ नंबर 303 पश्चिमी भाग के बीएलओ दीपक कुमार ने बताया कि बुथ नंबर 302 पर पुराने मतदाता सूची में 725 मतदाता थे, जबकि बुथ नंबर 303 में 753 मतदाता थे। पुनरीक्षण कार्य के बाद अब दोनों बुथ से 188 मतदाताओं का नाम चिह्नित कर विलोपित किया गया है। बुथ 303 में मृत 21, स्थानांतरित 45, अनुपस्थित 20, दोहरी प्रविष्ठियां 09 मतदाता हैं। वहीं बुथ 302 में मृत 27, स्थानांतरित 52 और दोहरी प्रविष्ठियां 14 है। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्य के बाद अब बुथ नंबर 303 में नये वोटर लिस्ट में 658 मतदाता रह गए हैं, जबकि बुथ नंबर 302 में 632 मतदाता रह गए हैं। बीएलओ ठाकुर अमरेश प्रसाद ने बताया कि मतदान केन्द्र पर ने वोटर लिस्ट और पुराने वोटर लिस्ट से मतदाताओं का मिलान कर लिया गया है। अनुपस्थित मतदाताओं से फोन कर संपर्क कर जानकारी दी गई।


**पूर्व रेलवे**

एनआईटी सं.: 114_2025-26, दिनांक 31.07.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा [सीनि.डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के लिए] नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडल के तहत बैण्डेल कारशेड-1 अदद (50000 गैलन), मानकर - 1 अदद (10000 गैलन), बर्द्धमान कॉलोनी - 2 अदद (क्षमता- 50000 गैलन), कमारकुण्डु (हेल्थ यूनिट) - 1 अदद (8000 गैलन), आजिमगंज (वेस्ट कॉलोनी) - 1 अदद (52000 गैलन) तथा पाकुड़ (फिल्टर कॉलोनी) - 1 अदद (22000 गैलन), (कुल = 7 अदद आरसीसी टैंक) में ओवरहेड आरसीसी टैंकों का पुनरुद्धार एवं मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागत**: रु. 1,27,29,098.50; **बयाना राशिः** रु. 2,13,700; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** नौ (09) महीने। **निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख** को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 25.08.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान**: ई.निविदा के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के जरिए स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-232/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# मेला क्षेत्र से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** राजगीर कुंड परिसर स्थित मेला क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास से गुरूवार को राजगीर थाना पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक का उम्र लगभग 68 वर्ष है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक व्यक्ति बुधवार की रात्रि मंदिर के पास जाकर बैठा और गुरुवार की सुबह वह मृत पाया गया। उन्होंने संभावना व्यक्त करते हुए कहा कि हो सकता है कि उसका निधन हृदयाघात से हुआ हो। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का सही सही कारण पता चल सकेगा। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए 48 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा। इस बीच अगर उसका पहचान नहीं होता है तो इसका अन्तिम संस्कार कर दिया जाएगा।

# सुरेंद्र यादव और सूरज कुमार ने थामा हाथ का साथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** कांग्रेस पार्टी ने कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में अपना जनाधार मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए गुरुवार को ज़िला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव एवं सामाजिक कार्यकर्ता सूरज कुमार को पार्टी की सदस्यता दिलाई। दोनों ही जनप्रतिनिधि क्षेत्र में समाजसेवा, जन सरोकार और विकास कार्यों के लिए लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए कहा कि मैं सुरेंद्र यादव और सूरज कुमार का कांग्रेस परिवार में हार्दिक स्वागत करता हूँ। आप दोनों का ज़मीनी अनुभव, ऊर्जा और सामाजिक प्रतिबद्धता पार्टी को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगी।'' उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी जी के नेतृत्व में न्याय, समानता और विकास के मूल मंत्र पर आगे बढ़ रही है और हर क्षेत्र में इमानदार, सक्रिय एवं जनसंवेदनशील नेतृत्व को आगे लाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस अब जमीनी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की नीति पर चल रही है, ताकि संगठनात्मक मजबूती के साथ आमजन के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाया जा सके। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सुरेंद्र यादव और सूरज कुमार ने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं और जनसेवा के अपने संकल्प को अब कांग्रेस के मंच से और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी इस अवसर पर दोनों नवशामिल नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और इसे क्षेत्रीय राजनीति में बदलाव की शुरुआत बताया।

# बेर्रा बराज के एफलेक्स बांध का जल्द होगा निर्माण

## किसानों को मिलेगी पटवन की सुविधा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बेर्रा बराज एवं सिंचाई परियोजना का लाभ किसानों तक पहुंचाने हेतु विशेष बैठक जल संसाधन विभाग बिहार के निर्देश पर कार्यपालक अभियंता सिंचाई प्रमंडल के साथ हूई। बैठक में बेरा बराज से संबंधित कई मुद्दा को बेरा बराज निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक सह पूर्व मुखिया मो. नसीमउद्दीन मल्लिक, पैक्स अध्यक्ष विजय शर्मा, समाजसेवी कारू सिंह, सगुनी सहित बड़ी तादाद में स्थानीय जनप्रतिनिधि, किसान शामिल रहे। मो. नसीमउद्दीन मल्लिक ने बताया कि बेरा बराज के अधूरे कार्य को पूरा कराने के लिए लंबे संघर्ष के बाद भी अब तक कार्य पूर्ण नहीं किए जाने से बेरा बराज का लाभ पंचायत के किसानों के साथ साथ मसौढी प्रखंड के भी पंचायतों को पूर्ण लाभ नहीं मिल रहा है, क्योंकि बराज का निर्माण कार्य पूरा होने के उपरांत एफ्लेक्स बांध का निर्माण अधूरा रहने के कारण बराज का गेट बंद करने पर पानी स्टॉक होने पर बांध से पानी का बहाव कई जगहो पे शुरू हो जाता है, तथा पिपला स्कूल के पास सड़क पर भी तीन फीट पानी जमा हो जाने से आवागवन प्रभावित होने लगता है। ऐसे मे अनाधिकृत रूप से गेट को खोलकर पानी का बहाव करा दिया जाता है, जिससे किसानों को पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। बेरा बराज के संयोजक, मोहम्मद नसीम उद्दीन मल्लिक ने बताया कि मेरे परिवाद पर मेरी उपस्थिति में विभागीय प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल के निर्देश के आलोक में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग बिहार शरीफ, नालंदा जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में विभाग की पूरी टीम, जहानाबाद दिनांक 28,02,2025 को स्थल निरीक्षण कर बेरा एवं पिपला के लिए दो अलग अलग प्राक्कलन, एक बेरा गांव स्थित पइन का टएए निर्माण के साथ साथ RCC स्लैब जिसपर फोर व्हीलर गाड़ी का आवागवन हो सके उसके लिए लगभग 12 बारह करोड़ की राशि एवं पिपला गांव के एफ्लेक्स बांध जो उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपला के पास पांकड तल तक का निर्माण हेतु 65 पैसठ लाख रुपया का प्राक्कलन विभाग को भेजा जा चुका है।बहुत जल्द इसमें सभी कार्यों को पूरा करा कर लाभ पहुंचाने की बात कही गई। मुख्य अभियंता, जितेंद्र कुमार, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियान, अरुण कुमार पासवान, सहायक अभियंता,सुश्री रश्मि कुमारी, कनीय अभियंता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रेवां मुसहरी में घर में घुसकर विधवा महिला के साथ गाली गलौज मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। ऐसे में पीड़िता सविता देवी पति स्वर्गीय बालेश्वर मांझी ने गांव के चार लोगों पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए गए लिखित आवेदन में सविता देवी ने लिखा है कि बीते बुधवार की रात घर में घुसकर हमारे बगल के महावीर मांझी, धनंजय मांझी, रेखा देवी और उसकी पुतोहू घर में घुस आए और अचानक लाठी डंडे ईट से मारने लगे उसे दौरान हमारी बेटी हमें बचाने आई तो उससे भी लोहे के पंजे से मार कर जख्मी कर दिया। इसके अलावा हमारे बक्से में रखे हुए 2300 भी छीन लिए और मारपीट का लहूलुहान करते हुए धनंजय मांझी ने कहा कि अगर थाने में केस करोगे तो जीने नहीं देंगे, पूरे मामले में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## महंत को अवैध कब्जाधारियों ने पिस्तौल दिखाकर दी जान मारने की धमकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** बाढ़ के जलगोविंद मठ के महंत गणेन्दर दास को अवैध कब्जाधारियों ने विरोध करने पर सरेआम पिस्तौल लहरा कर जान मारने की धमकी दी है। वहीं ट्रैक्टर चालक के साथ मारपीट भी की गई। इस संबंध में थाने में महंत के द्वारा शिकायत की गई है लेकिन पुलिस ने देर शाम तक केस दर्ज नहीं किया है। वही महंत दहशत में हैं। इस संबंध में जल गोविंद मठ के महंत गणेन्द्र दास ने बताया कि दबंग अतिक्रमणकारियों के द्वारा मठ की जमीन पर कब्जा कर लिया गया है।जब कब्जे को हटाने के लिए कहा गया तो अतिक्रमणकारियों ने उसे अपनी जमीन बताकर महंत को धमकी दी। साथ ही खेत की जोताई पर रोक लगा दी। बुधवार की सुबह महंत जब खेत में ट्रैक्टर से जुताई करने के लिए गये तो आरोपियों ने ड्राइवर बलवंत साव को रोक दिया ड्राइवर के साथ मारपीट की गई। मामले की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल की। महंत का कहना है कि आरोपी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त हैं और उनका आपराधिक इतिहास रहा है। इसके कारण उन्हें खतरा महसूस हो रहा है।

## एक नजर

### सीडीपीओ अर्चना कुमारी को दी गई विदाई

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी प्रखंड के सीडीपीओ अर्चना कुमारी का गुरुवार को कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, अर्चना कुमारी का नालंदा के इस्लामपुर में तबादला हो गया है। वही मसौढी के नए सीडीपीओ के रूप में अनिता कुमारी ने पदभार ग्रहण किया है। अनीता कुमारी इससे पहले भोजपुर में सीडीपीओ के रूप में कार्यरत थी, ऐसे में सीडीपीओ कार्यालय में आगमन सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया जहां पर भीगी पलकों से सभी कर्मचारियों ने निवर्तमान सीडीपीओ अर्चना कुमारी की विदाई की। अर्चना कुमारी ने विदाई के बेला मे संबोधित करते हुए कहा की जहां भी रहेंगे मसौढ़ी को सदैव याद करते रहेंगे, सभी महिला सुपरवाइजर, कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के साथ बेहतर रूप से आंगनवाड़ी संचालन में सहयोग रहा। सरकार के तमाम लोक कल्याणकारी योजनाओं को सफल संचालन किया गया, उसके साथ ही कहा कि हम उम्मीद करेंगे की नई सीडीपीओ अनिता कुमारी भी सबों के साथ सामंजस्य बिठाकर आंगनबाड़ी केंद्र संचालन करेगें। वही नव पदस्थापित सीडीपीओ अनिता कुमारी ने सभी कर्मचारी को संबोधन करते हुए कहा की सरकार की चल रही सभी योजनाएं और आंगनबाड़ी केंद्र पर लाभ हर लाभुकों तक पहुंचे ,जिसको लेकर हम अथक प्रयास करेंगे। मौके पर महिला पर्यवेक्षिक में कुमारी नीलू सिन्हा, संजुक्ता प्रसाद, अर्चना कुमारी, कुमारी रुबी, राधा कुमारी, मोनिका भारती, सुगंधा कुमारी, प्रखंड समन्वयक इंद्रजीत कुमार, डाटा ऑपरेटर सोनू कुमार के साथ कई सेविका सहायिका शामिल रही।

### दरधा नदी में डूबा युवक

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर गांव से पूर्व दरधा नदी में बीते बुधवार शाम को शौच करने गए एक व्यक्ति का पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया है। इसकी मौत हो गई है हालांकि उसके शव की तलाश की जा रही है, शव की बरामद की नहीं हुई हैं। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि दरधा नदी में डूबे हुए व्यक्ति का नाम विगन दास पिता स्वर्गीय जनक दास है जो दरधा नदी में बीते बुधवार की शाम को शौच करने गया था, उसी में गहरे पानी में पैर फिसलने से डूब गया है घटना की जानकारी मिलते ही कई लोग शव की तलाश में जुटे हैं शव की बरामदगी नहीं हुई है।

### पुलिस ने नष्ट की शराब

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के दौरान गुरुवार को लहसुना पुलिस ने थानाध्यक्ष खुशबू खातून के निर्देशन में बदरोई गांव में मोरहर नदी के किनारे पर शराब बनाने के धंधा को भंडाफोड़ करते हुए सघन छापेमारी की, जहां तकरीबन जमीन के अंदर गाड़े हुए कई ड्रम को खोद कर निकाल कर उसे नष्ट किया गया है और कुल मिलाकर तकरीबन 2000 से अधिक है जावा महुआ को नष्ट करते हुए कई भठ्ठीयां तोड़ी। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि बदरोई गांव से लगातार ऐसी सूचना मिल रही थी कि मोरहर नदी के किनारे पर धड़ल्ले से शराब बनाई जा रही है और जमीन में कई जगहों पर ड्रम में जावा महुआ को सडाया जा रहा था, सूचना का सत्यापन करते हुए गुरुवार को छापेमारी की गई है जहां पर हजारों लीटर जावा महुआ को नष्ट करते हुए कार्रवाई की गई है और पता लगाया जा रहा है कि इस शराब बनाने के धंधे में कौन-कौन लिप्त हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट में दो जख्मी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में नाली का पानी गिराने को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट और हिंसक झड़प हुई है, इस पूरे मामले में दोनों पक्षों की ओर से दो लोग गंभीर रूप में जख्मी हुए हैं, वहीं दोनों पक्षों की ओर से पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मौके पर घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में योगेंद्र सिंह, विकास कुमार, सुग्रीव कुमार और शांति देवी है, पुलिस मामले की पूरी तरह से छानबीन कर रही है। दरअसल बताया जाता है की नाली का पानी गिराने को लेकर दोनों में विवाद हुआ था उस दौरान लाठी डंडे और लोहे की खंती से दोनों तरफ से जमकर मारपीट हो गई थी। और उसी दरमियान दो लोगों को सिर पर लोहे की खांसी लगने से गंभीर रूप में जख्मी हो गया है फिलहाल दोनों तरफ से हत्या का प्रयास मामले में थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### सामुदायिक रेडियो स्टेशन को मिला पुरस्कार

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के कृषि विज्ञान केंद्र अगवानपुर के सामुदायिक रेडियो स्टेशन को उत्कृष्ट कार्य के लिए वरीय वैज्ञानिक तथा केंद्र प्रधान डॉ रीता सिंह एवं कार्यक्रम सहायक अखिलेश कुमार को पुरस्कृत किया गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय एवं कम्युनिटी रेडियो एसोसिएशन के संयुक्त प्रावधान में वेव्स कम्युनिटी रेडियो कंटेंट चैलेंज अवार्ड 2025 का स्वर्ण पदक मिला है ।सम्मान मिलने से कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों को किसानों ने बधाई दी है।

## राजद ने 'तेजस्वी भवः बिहार रथ' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के अगिआंव बाजार पर बुधवार को आरा नगर निगम के पूर्व मेयर सह राजद नेता सुनील कुमार यादव ने 'तेजस्वी भवः बिहार रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले अगिआंव बाजार पहुंचने पर समर्थकों ने सुनील कुमार यादव को फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया और लालू यादव और तेजस्वी जिंदाबाद के साथ ही सुनील यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। उसके बाद पूर्व मेयर के नेतृत्व में सैकड़ों राजद समर्थकों संग अगिआंव बाजार पर एक रैली निकाली गई। उसके बाद एक सभा का आयोजन हुआ। विभिन्न वक्ताओं ने पूर्व मेयर के कार्यकाल और उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। शीर्ष नेतृत्व से सुनील कुमार यादव को जगदीशपुर विधानसभा से प्रत्याशी घोषित करने की मांग की। वहीं पूर्व मेयर ने कहा कि सेवक बनकर जनता की सेवा करना ही मेरा उद्देश्य है। मैं लोगों की सेवा करने के नियत से राजनीति में हूं। आगे बताया कि 'तेजस्वी भवः बिहार' प्रचार रथ के माध्यम से तेजस्वी यादव के 17 महीनों के कार्यकाल में लाखों युवाओं को दिए गए नौकरी के साथ ही किये गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी पूरे जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित लोगों को दी जाएगी। आगे राजद नेता ने बताया कि तेजस्वी यादव के सरकार बनने पर बिहार के लोगों के हित में दर्जनों योजनाओं को लागू किया जाएगा। जिसमें डोमिसाइल नीति लागू करना, 65% आरक्षण, युवा आयोग का गठन, माई बहिन मान योजना के तहत महिलाओं को हर माह 2500 रुपये देने, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 200 यूनिट फ्री बिजली, भ्रष्टाचार व पेपर लीक पर पूर्णतः रोक लगाने, बिहार में नए निवेश व उद्योग धंधों की स्थापना, पलायन पर लगाम, युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का निःशुल्क फार्म भरवाने सहित अन्य योजनाओं को लागू किया जाएगा। पूर्व मेयर ने मौजूद लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने का भी आग्रह किया। मौक़े पर श्रीराम मुखिया बारन्नाव, प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव, चंदेश्वर सिंह, ओम प्रकाश सिंह पूर्व मुखिया, वर्तमान मुखिया संतोष बैठा, अगिआंव पंचायत पंचायत समिति रामायण यादव, अगिआंव मुखिया केदार सिंह, राजद नेता दारा यादव, राजद नेता हरेन्द्र सिंह, समेत सैकड़ों राजद नेता, कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

## पुनपुन में जदयू की पंचायतवार बूथस्तरीय बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पुनपुन के नवनिर्मित प्रखंड सभागार में गुरुवार को जदयू के पंचायतवार, बूथ स्तरीय सदस्यों के साथ बैठक आहूत की गई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल सहनी और संचालन पटना जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। बैठक में पुनपुन प्रखंड जदयू पार्टी के सभी तेरह पंचायत के पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष व सदस्य, प्रखंड के जदयू के कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि कोई योग्य मतदाता छूटे नहीं और कोई अयोग्य या फर्जी मतदाता सूची में शामिल न हो, इस संकल्प के साथ गहन पुनरीक्षण अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा, सजगता और सक्रियता के साथ इस अभियान में भाग लें। फिलहाल दोहरी जिम्मेदारी है 2025 में 225 और फिर से नीतीश के लक्ष्य को साकार करना। प्रत्येक बूथ पर 10-10 सक्रिय जदयू कार्यकर्ताओं की नियुक्ति का सुझाव दिया, जो डोर-टू-डोर संपर्क कर पात्र लोगों के लिए फॉर्म भरवाने से लेकर नाम जुड़वाने तक मदद करें। बाहर काम या पढ़ाई कर रहे युवाओं को भी इस अभियान से जोड़ने पर बल दिया. कोई छूटे नहीं, कोई झूठे न जुड़े। जिलाध्यक्ष जदयू अशोक सिंह ने कहा कि इस अभियान की सफलता का मूल मंत्र है कोई छूटे नहीं, कोई झूठे न जुड़े. उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे हर बूथ पर निष्पक्षता और सतर्कता के साथ कार्य करें, ताकि मतदाता सूची अधिकतम सही और अद्यतन हो सके। प्रखंड अध्यक्ष अनिल साहनी, ओम सिंह, अरुण कुमार, सुधीर कुमार, लक्ष्मण सिंह , बराह पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार फुलवारी विधानसभा प्रभारी प्रियरंजन पटेल, आदी शामिल रहे।

## सड़क हादसे में दो जख्मी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बेलछी प्रखंड के तमोलिया पुल के पास गुरुवार की दोपहर नालंदा जिला के एक व्यक्ति के दाह संस्कार के लिए बाढ़ के उमानाथ स्थित सती स्थान मंजिल जा रहे दो युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों में 20 वर्षीय राहुल कुमार चीता बीघा नालंदा का रहने वाला है। वही 32 वर्षीय चंचल कुमार सकसोहरा पश्चिम का बताया जाता है। दोनों व्यक्ति अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार होकर बेलछी थाना क्षेत्र से होते हुए बाढ़ जा रहा था तभी पुल के पास विपरीत दिशा से आ रहे ई रिक्शा ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया राहुल की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। क्योंकि उसके नाक की हड्डी टूट जाने के चलते सांस लेने में परेशानी हो रही थी।

## घर, स्कूल और अस्पताल में घुसा बाढ़ का पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** गंगा नदी का जलस्तर में लगातार वृद्धि होने के बाद दियारा के सात पंचायतों में टापू बना गया है। पिछले चार दिनों से गंगा नदी के जलस्तर में करीब चार फुट लगातार वृद्धि हुई है जबकि गंगा नदी खतरे के निशान से चार फुट ऊपर बह रही है। गंगा नदी के पानी नाला से रिसाव हो कर शहरी व सेना इलाके में घुसने शुरू हो गया है. जिसको देखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा बालू भरे बोरा से नाला को बंद किया जा रहा है। सेना के बीआरसी क्षेत्र, वैशाली इन्कलेव, कोणार्क इंकलेव, सिंगलन कोर व पोस्ट मैदान में नाला से रिसाव हो कर पानी घुसने शुरू हो गया है। शहरी क्षेत्र के पेठिया बाजार में शिव मंदिर के पास भी नाला से रिसाव हो कर पानी घुसने शुरू हो गया है और कागजी मुहल्ले में भी गंगा नदी का पानी नाला से रिसाव हो कर घुसने लगा है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि शहरी व सेना क्षेत्र के सभी स्लुईस गेट व फाटक को बालू भरा बोरा से बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि देवानानाला को बंद कर दिया गया है। बाढ़ नियंत्रण केंद्र के अनुसार दानापुर में गंगा खतरे के निशान से करीब चार फुट से ऊपर बह रही है। गुरूवार को शाम में देवनानाला पर गंगा का जलस्तर 170.90 फुट रिकॉर्ड किया गया जिससे दियारे के निचले इलाकों के बाढ प्रभावित लोगों उंचे स्थान पर पूरे परिवार के साथ शरण लिये हुए है। बाढ के पानी से दियारा के कासीमचक पंचायत के विशुनपुर अस्पताल भी पानी में डूबा हुआ है। दियारा के अधिकांश सरकारी स्कूल पानी में डूबा हुआ है। अकिलपुर थाना परिसर में एक से डेढ फुट पानी घुस गया है। दियारे के निचले इलाकों में घरों व झोपडियों में तीन-चार फुट पानी घुसा हुआ है. खेतों में 4-5 फुट बाढ का पानी बह रहा है. जिससे खेतों में लगे फसल डूब गये है. जिससे पशुओं का चारा का समस्या उत्पन्न हो गया है. बाढ से दियारा के कासीमचक, हेतनपुर, मानस, पुरानी पानापुर, पतलापुर, गंगहरा व अकिलपुर पंचायत के दर्जनों गांवों प्रभावित है। दियारे के बाढ पीडितों के बीच भोजन व पशुओं का चारा का समस्या बना हुआ है। अभी तक प्रशासन द्वारा राहत सामग्री का वितरण कार्य शुरू नही किया गया है. जिससे बाढ पीडितों के बीच भारी असंतोष व्याप्त है। पिछले तीन दिनों से बिजली नही रहने के कारण अंधेरे में जीवन जीने को विवश है।

## महिलाओं को पसंद आ रही जयपुरी और राजस्थानी डिजाइन की राखियां

### मसौढी में गुलजार हुआ राखी का बाजार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर मसौढ़ी में राखी का बाजार गुलजार हो गया है। ऐसे में मसौढी के मेंन रोड, स्टेशन रोड में राखियों की भरमार लगी है। इस बार बाजार में राखियों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जिसमें साधारण धागों से लेकर डिजाइनर और ब्रांडेड राखियां शामिल हैं। सामान्य राखियों की कीमत 10 रुपये से शुरू होकर 150 रुपये तक है, जो हर वर्ग के बजट में फिट बैठती हैं. बच्चों के लिए खास तौर पर तैयार की गयी कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां भी खूब पसंद की जा रही हैं, जिनकी कीमत 30 से 150 रुपये के बीच है. वहीं, अगर आप अपने भाई के लिए कुछ खास देख रहे हैं, तो स्टोन वर्क, कुंदन, मोती जड़ी और चांदी के रक्षासूत्र भी उपलब्ध हैं. इनकी कीमत 200 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक है. बहनों की पहली पसंद कुंदन और सिल्वर की राखियां हैं। ये राखियां न केवल भाइयों को स्टाइलिश लुक देती हैं, बल्कि इस त्योहार को और भी खास बना देती हैं। वहीं इस बार राखी बाजार में बच्चों के लिए खास राखियों की भरमार है. बाजार में कार्टून करेक्टर, सुपरहीरो, स्पाइडरमैन, डोरेमोन, मोटू-पतलू, पिकाचू और टॉम-जैरी वाली राखियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं. इसके अलावा म्यूजिकल और लाइट वाली राखियां भी खूब बिक रही हैं. छोटे बच्चों के लिए रंग-बिरंगी राखियों में सॉफ्ट टॉय और बेल्ट वाली राखियां भी बाजार में नयी वैरायटी के रूप में उपलब्ध हैं. राखी विक्रेता अभिषेक कुमार ने बताया कि बच्चों की राखियां 10 रुपये से शुरू होकर 150 रुपये तक में मिल रही हैं।

## राखी एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** रक्षाबंधन को लेकर मसौढी के 10 + 2 नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय में स्कूली छात्राओ के बीच राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक खूबसूरत राखियों को बनाकर अपनी बहुआयामी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रक्षा बंधन के पहले उनके बीच राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्राओं ने बड़े उत्साह से प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर शिक्षकों ने बच्चों को शिक्षकों ने रक्षा बंधन के पारंपरिक महत्व को समझाया तथा उन्हें परंपरा व पर्व की महत्ता से भी अवगत कराया। शिक्षकों ने बच्चों को राखी के नैतिक महत्व को समझाया और भाई-बहन के अटूट व पवित्र आत्मीय संबंध को विस्तार से विवेचित किया। प्रतियोगिता में कक्षा नौ से 12वीं तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।।चयनित छात्राओं में रिचा कुमारी सोनम कुमारी, स्नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी, रिया कुमारी, स्वीटी कुमारी, पूजा कुमारी, राखी कुमारी, अंजली कुमारी प्रमुख रहीं। स्कूल प्रभारी मोनिका गुप्ता ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।शिक्षिकाओं ने कहा कि यह त्यौहार किसी एक धर्म विशेष का नहीं बल्कि सभी धर्म में इसको उल्लास पूर्ण तरीके से मनाया जाता है। इस मौके पर मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें श्रुति, शोभा गुप्ता, अनामिका गुप्ता, अर्चना गुप्ता, सपना कुमारी, संजना कुमारी, रिंकी कुमारी, आदी शिक्षिका भी शामिल भी और अपने हाथों में तरह-तरह के डिजाइन के आकर्षण मेहंदी लगाई।

## भारी बारिश और नदी के बढ़ते जलस्तर ने डुबोई सैकड़ों बीघा धान की फसल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** ग्वार गांव के किसान इन दोनों रात दिन एक करते हुए अपने फसल को बचाने की जुगाड़ में जुटे हुए हैं। भारी बारिश के कारण बाढ़ क्षेत्र के कई गांवों में सैकड़ों बीघा में बोई गई धान की फसलें पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं। खेतों में खड़ी फसलें डूबने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। फसल को बचाने के लिए गांव में बैठक बुलाकर गांव के सभी मोटर बोरिंग को एक जगह इकट्ठा किया और 25 मोटर एक साथ लगाकर किसान दिन-रात भूखे-प्यासे मोटर पंप लगाकर खेतों से पानी निकालकर नदियों में बहाने का प्रयास कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि वे हर संभव कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई सहायता नहीं मिल रही है। स्थानीय विधायक की ओर से कोई सहयोग और ना ही फसल बर्बादी का जायजा लिया जा रहा है। जिसको लेकर किसानों में नाराज़गी देखी जा रही है। गांव के ही सुनील राम, चंदन महतो, संतोष राम, अनिल राम, कामेश्वर सिंह, ललन सिंह, राजेंद्र शर्मा, जयराम शर्मा और गुंजन सिंह किसानों ने बताया कि बारिश के पहले से ही जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई थी, और अब जब संकट आ खड़ा हुआ है। कृषि विभाग के अधिकारी पूरी तरह निष्क्रिय हैं। किसान प्रशासनिक लापरवाही से बेहद आहत हैं और मांग कर रहे हैं किसानों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क किनारे सेंड से भरा हुआ बोरा सड़क किनारे लगा दिया जाता तो फसल कुछ बच सकती थी। अब तो पानी सड़क को भी पार करने लगी है अभी तक इलाके का जायजा किसी भी पदाधिकारी ने नहीं लिया जिसको लेकर किसान ने नाराज हैं। चुकी मोटर चलाने के दौरान बिजली आंख मिचौनी का खेल खेल रही है जिसके चलते बार-बार मोटर में पानी डालना पड़ता है। धीरे-धीरे किसानों का गुस्सा फूट रहा है मामले पर जब कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सरकार की दिशा निर्देश के मुताबिक ही आगे की प्रक्रिया की जाएगी। किसान सलाहकार से लगातार स्थिति पर नजर बनाए जाने की हिदायत दे दी गई है।

## बाढ़ ग्रस्त इलाके में पूर्व मंत्री ने किया सर्वेक्षण

**फुलवारीशरीफ (नबिटा संवाददाता)।** पटना सदर और फतुहा प्रखंड के कई गांवों में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति का गुरुवार को पूर्व मंत्री सह फतुहा विधायक ने स्थलीय निरीक्षण किया. गुरुवार को उन्होंने पूनाडीह, सुकुलपुर, बथ्थाचक, खासपुर, सोनावा, महादलित टोला सोनावा, बराटपुर, हीरानंदपुर, मिर्ज़ापुर पंडित टोला, माधोपुर, फतेहपुर, संपतचक के कमरजी और फतुहा प्रखंड के अलावलपुर समेत दर्जनों बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। बाढ़ग्रस्त गांवों में निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर हर संभव राहत और बचाव कार्य जारी है।

# घर गिरवी रखकर एवरेस्ट पर चढ़ा, 'अनदेखी' से शीर्ष खेल पुरस्कार से चूका पर्वतारोही

**इंदौर(एजेंसी)।** वर्ष 2017 में महज 20 साल की उम्र में दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले मध्यप्रदेश के पर्वतारोही मधुसूदन पाटीदार ने आरोप लगाया कि अफसरों की अनदेखी से वह राज्य के सबसे बड़े खेल अलंकरण 'विक्रम पुरस्कार' से चूक गए। पाटीदार की याचिका पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली राज्य की अन्य पर्वतारोही भावना डेहरिया को साहसिक खेलों की श्रेणी में वर्ष 2023 का विक्रम पुरस्कार प्रदान किए जाने पर मंगलवार (पांच अगस्त) को अंतरिम रोक लगा दी थी।

उच्च न्यायालय ने यह स्थगन आदेश सूबे की राजधानी भोपाल में राज्य सरकार के शिखर खेल अलंकरण समारोह के आयोजन के चंद घंटे पहले जारी किया था। इस आयोजन के दौरान ही मंगलवार शाम डेहरिया को साहसिक खेलों की श्रेणी में विक्रम पुरस्कार प्रदान किया जाना था, लेकिन अदालत के आदेश के मद्देनजर इस श्रेणी में पुरस्कार वितरण नहीं किया गया। पाटीदार (29) ने इंदौर में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि वह महज 20 साल की



उम्र में 21 मई 2017 को माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचे थे और इस बेहद मुश्किल पर्वतारोहण अभियान के खर्च के इंतजाम के लिए उन्हें अपना घर गिरवी रखकर कर्ज लेना पड़ा था जिसकी किस्तें वह अब भी चुका रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'प्रदेश में साहसिक खेलों की श्रेणी में पहला विक्रम पुरस्कार 2021 के लिए दिया गया था। वर्ष 2022 के लिए किसी भी खिलाड़ी को इस श्रेणी में यह पुरस्कार नहीं दिया गया। 2023 के 'विक्रम पुरस्कार' (साहसिक खेल श्रेणी) के लिए डेहरिया का नाम घोषित कर दिया गया, जबकि वह मेरे दो साल बाद 2019 में माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंची थीं। पाटीदार ने आरोप लगाया कि सरकारी अफसरों ने पर्वतारोहण के क्षेत्र में उनकी वरिष्ठता की अनदेखी की जिसके कारण वह अब तक 'विक्रम पुरस्कार' से वंचित हैं।

उधर, डेहरिया (33) ने कहा कि तमाम पैमानों पर खरे उतरने के बाद ही उनका नाम 'विक्रम पुरस्कार' के लिए घोषित किया गया था और सूबे का सबसे बड़ा खेल अलंकरण ऐन मौके पर हाथ से फिसल जाने के कारण वह बेहद दुख और मानसिक पीड़ा से गुजर रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैं रिहर्सल के बाद राज्य सरकार के शिखर खेल अलंकरण समारोह में 'विक्रम पुरस्कार' लेने पहुंच गई थी, लेकिन ऐन मौके पर खेल विभाग के अधिकारियों ने मुझे उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बारे में जानकारी दी।

आप समझ ही सकते हैं कि बिना 'विक्रम पुरस्कार' लिए घर लौटने पर मेरी और मेरे परिवार के लोगों की स्थिति क्या रही होगी? डेहरिया ने कहा कि उन्हें अदालत से न्याय मिलने का पूरा भरोसा है। 'विक्रम पुरस्कार' पर दावे को लेकर पाटीदार की याचिका पर उच्च न्यायालय में 17 सितंबर को अगली सुनवाई होनी है। प्रदेश सरकार के एक अधिकारी ने राजपत्र में प्रकाशित 'मध्यप्रदेश पुरस्कार नियम 2021 के हवाले से बताया कि साहसिक खेलों की श्रेणी में वे खिलाड़ी शासकीय पुरस्कार के आवेदन के पात्र होते हैं जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में साहसिक खेल गतिविधियों में निरंतर भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विशेष उपलब्धि अर्जित की हों।

अधिकारी के मुताबिक इन नियमों में यह भी कहा गया है कि साहसिक खेल श्रेणी में पुरस्कार की अनुशंसा 'उपलब्धि और वरिष्ठता' के आधार पर की जाएगी। 'विक्रम पुरस्कार', राज्य का सबसे बड़ा खेल अलंकरण है जिसे वर्ष 1972 से प्रदान किया जा रहा है। अलग-अलग खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 वरिष्ठ खिलाड़ियों को 'विक्रम पुरस्कार' से नवाजा जाता है। 'विक्रम पुरस्कार' से सम्मानित किए जाने वाले हर खिलाड़ी को 2 लाख रुपए और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है। 'विक्रम पुरस्कार' से सम्मानित खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करके शासकीय सेवा में नियुक्ति भी दी जाती है।

## ब्रैंडन टेलर 42 महीने बैन के बाद टेस्ट खेलने उतरे

### आईसीसी से स्पॉट फिक्सिंग की जानकारी छिपाई थी; जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी



**हरारे (एजेंसी)।** आईसीसी का बैन पूरा होने के बाद जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रेंडन टेलर ने इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर ली है। वे शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेलने उतरे। टेलर को 30 जुलाई को टीम में शामिल किया गया था। 39 साल के टेलर पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने एंटी करप्शन और एंटी डोपिंग नियम तोड़ने के लिए साढ़े तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया था। टेलर को जनवरी 2022 में एक भारतीय व्यवसायी ने 2019 में स्पॉट फिक्सिंग के लिए संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने इसकी सूचना एंटी करप्शन यूनिट को नहीं दी।टेलर को उस समय कोकीन के सेवन से जुड़ी डोप जांच में विफल होने के कारण भी एक महीने के लिए निलंबित किया गया था। उन पर 2019 में 15,000 अमेरिकी डॉलर लेने की बात स्वीकार करने के आरोप थे।प्रतिबंध लगने से पहले टेलर लाल गेंद के क्रिकेट में शानदार फॉर्म में थे। उन्होंने अपनी पिछली तीन टेस्ट पारियों में क्रमशः 92, 81 और 49 रन बनाए थे।ब्रैंडन टेलर जिम्बाब्वे की ओर से ओपन करने उतरे।बुलवायो में चल रहे इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की ओर से 3 खिलाड़ियों ने टेस्ट डेब्यू किया है, इनमें जैकब डफी, मैट फिशर और जैक फैल्कस शामिल हैं। डफी 289, फिशर 290 और फैल्कस को 291 नंबर की टेस्ट कैप मिली।टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। फिलहाल, टीम 2 मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है। न्यूजीलैंड ने पहला मुकाबला 9 विकेट से जीता था।

## रोहित ने जायसवाल को मुंबई में ही बने रहने की सलाह दी, अध्यक्ष नाइक का बड़ा खुलासा



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने यशस्वी जायसवाल को घरेलू क्रिकेट के लिए गोवा जाने के बजाय मुंबई के साथ बने रहने के लिए मनाने में अहम भूमिका निभाई। यह खुलासा तब हुआ जब यशस्वी जायसवाल ने इस साल की शुरुआत में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से एनओसी (एनओसी) लिया, जिसके बाद उन्होंने मुंबई टीम छोड़कर गोवा जाने का फैसला किया।हालांकि जायसवाल ने आश्चर्यजनक रूप से यू-टर्न लेते हुए घरेलू प्रतियोगिता के लिए मुंबई टीम के साथ बने रहने का फैसला किया है। 23 वर्षीय इस खिलाड़ी के मन बदलने का कारण किसी को पता नही था, लेकिन अब मुंबई मिरर की एक रिपोर्ट ने इस मामले पर स्पष्टता प्रदान किया है। रिपोर्ट के अनुसार जायसवाल को मुंबई के साथ बने रहने के लिए मनाने वाले कोई और नही बल्कि रोहित ही है और इस बात का खुलासा एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने किया।नाइक के कहा, रोहित ने यशस्वी से अपने करियर के इस पड़ाव पर मुंबई में ही बने रहने को कहा। रोहित ने यशस्वी को समझाया कि मुंबई जैसी टीम के लिए खेलना बहुत गर्व और प्रतिष्ठा की बात है, जिसने रिकॉर्ड 42 बार रणजी ट्रॉफी जीती है।उन्होंने आगे कहा, मुंबई में ही उसने मैदान पर क्रिकेट खेलना शुरू किया और फिर मुंबई की सभी आयु वर्ग की टीमो के लिए चुना गया। रोहित ने यशस्वी से यह भी कहा कि उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि मुंबई क्रिकेट की वजह से ही उसे अपनी प्रतिभा दिखाने और भारत के लिए खेलने का मंच मिला, और इसके लिए उसे इस शहर का आभारी होना चाहिए।

# इंडिया दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम का किया ऐलान

### कोंस्टास-मैकस्वीनी को जगह मिली, हैरिस-बैनक्रॉफ्ट बाहर, 16 सितंबर से सीरीज

**सिडनी (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इंडिया टूर के लिए ऑस्ट्रेलिया ए का ऐलान कर दिया है। टीम में पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टेस्ट डेब्यू कर चुके सैम कोंस्टास, नाथन मैकस्वीनी, ओलिवर पीक और कैंपबेल केलावे को शामिल किया है। श्रीलंका दौरे में टीम का हिस्सा रहे जेक वेदराल्ड, जेसन सांघा और कर्टिस पैटरसन को मौका नहीं मिला। इतना ही नहीं, टेस्ट अनुभव रखने वाले ओपनर्स मार्कस हैरिस, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मैट रेनशॉ को बाहर रखा गया है।

ऑस्ट्रेलिया की युवा टीम सितंबर महीने में भारत का दौरा करेगी। 16 सितंबर से शुरू हो रहे दौरे में दो 4 दिनी मैच खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलियन सिलेक्टर्स अपने युवा खिलाड़ियों भारत में खेलने का अनुभव दिलाना चाहते थे, ताकि 2027 में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में इसका फायदा मिल सके।

19 साल के ओपनर सैम कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने फिफ्टी लगाई। इसी मैच में कोहली ने उन्हें धक्का मारा था और बहस भी की थी।नाथन मैकस्वीनी ने ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्हें खराब प्रदर्शन के कारण ड्रॉप कर दिया गया था।

### एशेज के लिए टीम का चयन शेफील्ड शील्ड के आधार पर

चयनकर्ताओं का कहना है कि भारत में यह सीरीज आगामी एशेज चयन को प्रभावित नहीं



करेगी। एशेज के लिए टीम का चयन अक्टूबर में शुरू होने वाले शेफील्ड शील्ड के शुरुआती तीन राउंड के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा- उपमहाद्वीप में खेलना चुनौतीपूर्ण होता है। हम चाहते हैं कि खिलाड़ी बार-बार इन परिस्थितियों में खेलकर अपनी तकनीक और रणनीति विकसित करें।

### टॉड मर्फी और कूपर कॉनॉली भी टीम में शामिल

टेस्ट स्पिनर टॉड मर्फी, जिन्होंने 2023 में भारत के खिलाफ डेब्यू पर 7 विकेट लिए थे, को भी टीम में शामिल किया गया है। उनके साथ ऑफस्पिनर कोरी रोचिचिओली को भी मौका मिला है। लेफ्ट आर्म ऑलराउंडर कूपर कॉनॉली, जिन्होंने श्रीलंका में टेस्ट डेब्यू किया था, भी इस दौरे में रहेंगे।वहीं, तेज गेंदबाज लांस मॉरिस, जेवियर बार्टलेट और फर्गस ओ-नील भी टीम में हैं। जोश फिलिप एकमात्र विकेटकीपर हैं।

### 4 दिवसीय सीरीज के बाद वनडे भी खेलेंगे

चार दिवसीय मैचों के बाद कुछ खिलाड़ी कानपुर में तीन वनडे मैच भी खेलेंगे। कूपर कॉनॉली, मर्फी, हार्डी, एडवर्ड्स और स्कॉट वनडे टीम में भी रहेंगे, जबकि बाकी खिलाड़ी भारत से लौटकर शील्ड सीजन में खेलेंगे।

वनडे टीम में जेक फ्रेजर-मैकगर्क, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर, विल सदरलैंड, टैनवीर संगा, और लॉकी शॉ जैसे युवा चेहरे शामिल हैं। फ्रेजर-मैकगर्क को पहली बार लिस्ट ए में विकेटकीपिंग का मौका मिल सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया ए चार दिवसीय टीम

जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, जैक एडवर्ड्स, एरॉन हार्डी, कैंपबेल केलावे, सैम कोन्स्टास, नाथन मैकस्वीनी, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, फर्गस ओ-नील, ओलिवर पीक, जोश फिलिप, कोरी रोक्कीचोली, लियाम स्कॉट।

### ऑस्ट्रेलिया ए वनडे टीम

कूपर कोनोली, हैरी डिक्सन, जैक एडवर्ड्स, सैम इलियट, जैक फ्रेजर-मैकगर्क, एरॉन हार्डी, मैकेंजी हार्वे, टॉड मर्फी, तनवीर सांघा, लियाम स्कॉट, लैची शॉ, टॉम स्ट्रेकर, विल सदरलैंड, कैलम विडलर।



## हिसार की इंटरनेशनल रेसलर पूजा की बिजनेसमैन से सगाई, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट को हरा चुकीं

**हिसार (एजेंसी)।** हरियाणा की इंटरनेशनल रेसलर पूजा ढांडा ने बिजनेसमैन अभिषेक बूरा से सगाई कर ली है। गुरुवार को हिसार में तोशाम रोड पर स्थित ताज पैलेस में दोनों ने एक-दूसरे को रिंग पहनाई। इससे पहले पूजा और अभिषेक ने फोटोशूट भी कराया। 13 नवंबर को इसी पैलेस में इनकी शादी होगी।

पूजा अरेंज मैरिज कर रही हैं। उनके पिता अजमेर ढांडा ने रिश्ता तय किया है। इससे पहले 23 फरवरी को रोके की रस्म हुई थी। पूजा फिलहाल हिसार के सुंदर नगर में रह रही हैं और हिसार में बतौर सीनियर कुश्ती ट्रेनर अपनी सेवाएं दे रही हैं।

पिता अजमेर ढांडा पशुपालन विभाग से ड्राइवर रिटायर्ड हुए थे। हिसार के महावीर स्टेडियम से पूजा ने कुश्ती की शुरुआत की थी। आज वह इस स्टेडियम में बच्चों को कुश्ती की ट्रेनिंग देती हैं। पूजा की मां कमलेश ढांडा गृहिणी हैं।पूजा ढांडा ने यूथ ओलिंपिक में भारत के लिए रजत पदक भी जीता था। इसके अलावा कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीत चुकी हैं। उन्होंने दंगल फिल्म का ऑफर ठुकराया था।

जूडो से की शुरुआत बाद में कुश्ती में आई- हिसार जिले के गांव बुडाना की रहने वाली पूजा शुरुआती दिनों में अपने पिता अजमेर ढांडा के साथ दौड़ने जाया करतीं थीं। वहीं से खेल को लेकर इनमें रुचि बढ़ती गई। आगे चलकर इन्होंने खेल को ही अपना करियर बनाया। पूजा ढांडा ने जूडो से अपने खेल जीवन की शुरुआत की। जूडो में पूजा ने नेशनल लेवल पर कई मेडल अपने नाम किए। साथ ही इंटरनेशनल लेवल पर भी 3 मेडल हासिल किए हैं।

## वेस्टइंडीज ने वनडे सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। इस बार तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को आराम दिया गया है, जबकि ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड की वनडे टीम में वापसी हुई है। अल्जारी जोसेफ को इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में भी आराम दिया गया था। टीम मैनेजमेंट उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें लगातार ब्रेक दे रहा है। वहीं, रोमारियो शेफर्ड ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में वनडे मैच खेला था। इस साल इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में वह टीम का हिस्सा नहीं थे। वेस्टइंडीज फिलहाल वनडे रैंकिंग में 10वें स्थान पर है और उनकी नजर 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए डायरेक्ट क्वालिफिकेशन हासिल करने पर है। टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा,पाकिस्तान एक अलग तरह की चुनौती है। उनके खिलाफ खेलने से हमें अहम रैंकिंग अंक मिल सकते हैं जो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए जरूरी हैं।अल्जारी जोसेफ की जगह 23 वर्षीय लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज जेडियाह ब्लेड्स को मौका मिला है। ब्लेड्स ने अभी तक सिर्फ 1 वनडे और 4 टी-20 मैच खेले हैं और वे नई गेंद से स्विंग कराने में सक्षम हैं।हाल ही में वेस्टइंडीज को पाकिस्तान से टी-20 सीरीज 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन वनडे में उनका घरेलू प्रदर्शन मजबूत रहा है। उन्होंने घर में पिछली तीन वनडे सीरीज जीती हैं।सीरीज की सभी तीन मैच त्रिनिदाद के ब्रायन लारा क्रिकेट अकैडमी में 8, 10 और 12 अगस्त को खेले जाएंगे।

## दो-स्तरीय वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के खिलाफ ईसीबी

### कहा- इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और भारत से अलग नहीं किया जा सकता

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप को दो-स्तरीय मॉडल में बदलने की योजना का विरोध किया है।

ईसीबी का मानना है कि अगर इंग्लैंड का प्रदर्शन कुछ समय के लिए खराब होता है और टीम दूसरी श्रेणी (डिवीजन-2) में चली जाती है, तो इससे ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसी बड़ी टीमों के साथ उनके मुकाबले नहीं हो पाएंगे., जो उनके सबसे अहम और मुनाफे वाले मुकाबले होते हैं।

दरअसल, ईसीबी ने हाल ही में एक वर्किंग ग्रुप बनाया है, जिसका नेतृत्व न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी रोजर ट्वोज़ कर रहे हैं। यह समूह 2027 से शुरू होने वाले अगले डब्ल्यूटीसी साइकिल से पहले इस टूर्नामेंट को बेहतर बनाने के उपायों पर काम कर रहा है। दो-स्तरीय प्रणाली (जहां शीर्ष और निचले स्तर की टीमें अलग-अलग डिवीजन में खेलेंगी) इस बार चर्चा का बड़ा विषय रहा है।



ईसीबी अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा, अगर इंग्लैंड एक खराब दौर से गुजरता है और डिवीजन-2 में चला जाता है, तो क्या हम ऑस्ट्रेलिया और भारत से नहीं खेल पाएंगे? यह स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने माना कि डब्ल्यूटीसी ने टेस्ट क्रिकेट को एक नई पहचान दी है, लेकिन इसमें और सुधार की जरूरत है। उनके अनुसार, समय पर बदलाव और बेहतर शेड्यूलिंग से डब्ल्यूटीसी को और बेहतर बनाया जा सकता है । इसके लिए जरूरी नहीं कि टेस्ट क्रिकेट को दो भागों में बांटा जाए।

थॉम्पसन ने इस ओर भी इशारा किया कि 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट शामिल होने जा रहा है, जिससे जुलाई में शेड्यूल को लेकर बड़ी चुनौतियां सामने आ सकती हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने भी इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बड़ी टीमों की जिम्मेदारी है कि वे छोटे देशों को टेस्ट क्रिकेट में मजबूत बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा,अगर दो-स्तरीय मॉडल से छोटे देशों को बेहतर संसाधन और अवसर मिलते हैं, तो मैं इसके लिए तैयार हूं। लेकिन अगर इससे नुकसान होता है, तो मैं इसका समर्थन नहीं करूंगा।आईसीसी की योजना है कि बड़े और छोटे क्रिकेट बोर्ड मिलकर यह तय करें कि आगे से जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी का चक्र शुरू हो तो उसमें 2 टियर सिस्टम लागू हो।

# ओलिंपिक मेडलिस्ट बॉक्सर लवलीना बोलीं- बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव किया

### जूम पर मुझसे कहा– सिर नीचे करो, जैसा हम कहते हैं वैसा करो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलिंपिक गेम्स में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली मुक्केबाज लवलीना बोरगोहन ने इंडियन बॉक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक रिटायर्ड कर्नल अरुण मलिक पर मिसबिहेव के आरोप लगाए हैं। टीओआई के अनुसार, लवलीना ने अपमानजनक और लैंगिक भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

27 साल की मुक्केबाज ने 2 पेज की लिखित शिकायत की है। इसमें लिखा- कर्नल मलिक ने 8 जुलाई को टॉप्स की जूम मीटिंग में मेरे साथ अपमानजनक और तिरस्कार भरा व्यवहार किया।



इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है। आईओए ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है, जिसमें टॉप्स के सीईओ नछत्तर सिंह जोहल, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और एक महिला वकील शामिल हैं।

लवलीन ने 2 पेज का शिकायत पत्र खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, साई डीजी टॉप्स, आईओए और बॉक्सिंग फेडेरेशन को भेजी। उन्होंने शिकायत में लिखा-

मीटिंग के बाद मुझे बहुत ठेस पहुंची, मैं दुखी और निराश हो गई। मैं सोचने लगी कि हम महिला खिलाड़ी क्या वाकई सम्मान के लायक समझे जाते हैं?

उन्होंने लिखा-मैं सिर्फ एक एथलीट के रूप में नहीं, बल्कि एक महिला के रूप में यह पत्र लिख रही हूं। जो सालों से देश की उम्मीदें बॉक्सिंग रिंग में लेकर चलती रही है।

लवलीना ने आगे लिखा- 8 जुलाई को बीएफआई और टॉप्स की मीटिंग में कर्नल मलिक ने मुझसे चिल्लाते हुए कहा- चुप रहो, सिर नीचे रखो और जो कहा जा रहा है वो करो। उनका यह व्यवहार न केवल अपमानजनक था बल्कि महिलाओं के प्रति भेदभाव और ताकत दिखाने जैसा था।

लवलीना को 2020 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे ये पुरस्कार पाने वाली असम की छठवीं प्लेयर हैं।

विवाद बढ़ने के बाद कर्नल अरुण मलिक ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा- मुझे बदनाम किया जा रहा है। अरुण ने बताया कि मीटिंग में लवलीना ने 2 डिमांड की थी।

हंगरी में वर्ल्ड चैंपियनशिप की ट्रेनिंग वह हंगरी में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जाकर ट्रेनिंग करना चाहती थी। उस समय वर्ल्ड चैंपियनशिप की टीम का ऐलान नहीं हुआ था। इस पर मैंने कहा था- टीम घोषित होने के बाद इस पर आगे की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। इसमें दिक्कत यह है कि आयोजन कमेटी (ब्रिटेन बॉक्सिंग एसोसिएशन) ने वीजा के लिए 20 वर्किंग दिन चाहिए। वहां के वीजा के लिए पासपोर्ट जमा करना होगा। अगर हंगरी के लिए करते हैं, तो फिर ब्रिटेन के वीजा के लिए दिक्कत आ जा सकती है।

हंगरी में पर्सनल कोच ले जाना चाहती थी लवलीना ने हंगरी में पर्सनल कोच और फीजियो को ले जाने की बात कही थी। जूम कॉल में उनकी पर्सनल कोच भी जुड़ी थी। हमने उनको बताया कि सरकार और बीएफआई के नियमानुसार बॉक्सिंग में पर्सनल कोच अलाउ नहीं है।

# कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा दे रही सरकार : डॉ प्रेम

## औरंगाबाद में करीब 25 करोड़ की लागत से आधुनिक राइस मिल स्थापित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार उद्योग नीति के तहत अनेक रियायत एवं प्रोत्साहन योजनाएं चला रही है। कृषि आधारित उद्योगों को विशेष रूप से प्राथमिकता दी जा रही है ताकि गांव-गांव में रोज़गार के अवसर सृजित हों और किसान आत्मनिर्भर बनें। डॉ. कुमार ने गुरुवार को शहर के जसोइया स्थित बियाडा में सीता एग्रो फूड प्रोडक्ट नामक आधुनिक राइस मिल के उद्घाटन के दौरान कहा कि दो एकड़ भूमि पर स्थापित यह अत्याधुनिक राइस मिल 8 टन प्रतिघंटा की उत्पादन क्षमता के साथ करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की गई है। यह इकाई न केवल औरंगाबाद जिले के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी बल्कि पैक्स एवं स्थानीय व्यापार मंडल के लिए भी सहायक होगी। किसानों को अब अपनी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त होगा और उन्हें बाहर के बाजारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। डॉ. कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार द्वारा उद्योग एवं कृषि के समन्वित विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सहकारिता विभाग द्वारा पैक्स का आधुनिकीकरण कर उन्हें बहुउद्देशीय सेवा केंद्रों में बदला जा रहा है जिससे किसान, उपभोक्ता एवं व्यापारी तीनों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पैक्स अब केवल अनाज भंडारण या वितरण का केंद्र न रहकर प्रसंस्करण, विपणन, मूल्य संवर्धन और निर्यात जैसे कार्यों में भी भागीदार बन रहे हैं। ऐसे में सीता एग्रो फूड प्रोडक्ट्स जैसे उद्योग, पैक्स के साथ साझेदारी कर स्थानीय स्तर पर कृषि आधारित उद्योग को प्रोत्साहन दे रहे हैं। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सीता एग्रो फूड प्रोडक्टस के प्रोपराइटर एवं पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि यह राइस मिल आने वाले समय में औरंगाबाद के साथ-साथ बिहार की कृषि प्रगति में एक मील का पत्थर साबित होगी। आगतों का स्वागत संस्थान के निदेशक अनिल कुमार चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर प्रो. सीता कुमारी, संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां मगध विद्याभूषण मिश्रा, जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पुरूषोतम सिंह, नीकेश कुमार, अनिल कुमार, सत्येंद्र कुमार, रणजीत चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद रहे।

# अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक घायल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अंबा-कुटुंबा के सीमावर्ती हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कौआखोह टोल टैक्स के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान पूर्णाडीह गांव निवासी सत्येंद्र मेहता के पुत्र हरिओम कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि हरिओम अपने घर से बाइक पर सवार होकर बैंक में पैसा निकालने गया था। बैंक से पैसा निकाल कर वह अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान उस जगह पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज पहुंचाया जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# योग्य मतदाता मताधिकार से नहीं रहें वंचित : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा देव प्रखंड के ढिबरा में भ्रमण कर प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावा एवं आपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया के संबंध में जन संवाद स्थापित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया गया कि जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र (हाउस टू हाउस सर्वे फॉर्म) पूर्ण नहीं किया गया है, उन्हें अनावश्यक रूप से चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 सितंबर, 2025 तक दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने हेतु विशेष अवधि निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, अपात्र नाम विलोपित करने, प्रविष्टियों में संशोधन अथवा आपत्ति दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। इसके लिए सभी प्रखंडों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में प्रत्येक कार्य दिवस को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां अभ्यर्थी अपने संबंधित बी.एल.ओ. (बूथ स्तरीय अधिकारी) अथवा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर फॉर्म-6 (नाम जोड़ने हेतु), फॉर्म-7 (नाम विलोपन हेतु), तथा फॉर्म-8 (स्थानांतरण व प्रविष्टियों में सुधार हेतु) के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उपस्थित कर्मियों को यह भी निर्देशित किया गया कि हर मतदाता तक जानकारी का प्रभावी संप्रेषण सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी योग्य मतदाता इस अभियान के लाभ से वंचित न रह जाए।

# पिता की मौत के दो माह बाद पुत्र ने तोड़ा दम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** दो माह पहले पिता की मौत के बाद सड़क दुर्घटना में जख्मी होने के बाद इलाजरत 45 वर्षीय पुत्र ने जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कालेज में जिन्दगी की जंग हार गया। मृतक की पहचान कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के संडा गांव के समीप स्व. राम लगन वर्मा के पुत्र वीरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-139 पर संडा स्थित मध्य विद्यालय के समीप बुधवार को मॉर्निंग वॉक के समय ऑटो की टक्कर से बीरेंद्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे और आज अस्पताल में उनकी मौत हो गई। बीरेंद्र संडा में किराना दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। दो माह पहले पिता की मौत हो गई थी। वहीं आज आकस्मिक निधन से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, तो गांव में शोक व्याप्त है। घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने बताया कि बीरेंद्र बुधवार की अहले सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। वापस लौट के दौरान नेशनल हाईवे-139 पर मध्य विद्यालय संडा के समीप हरिहरगंज की तरफ से आ रही ऑटो ने उन्हें टक्कर मार फरार हो गया। ऑटो की टक्कर से वे मौके पर अचेत होकर गिर पड़े जिसमें उनके माथे व शरीर पर गंभीर चोटें आई। कुटुंबा थानाध्यक्ष मो. इमराम आलम ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक की आज इलाज़ के दौरान मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# कुख्यात नक्सली पुकार भुइयां हथियारों के साथ गिरफ्तार

## पुलिस पर हमले सहित कई बड़ी वारदातों में था वांछित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बिहार एसटीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई में बुधवार की रात कुख्यात नक्सली पुकार भुइयां को मदनपुर थाना क्षेत्र से हथियारों के साथ दबोच लिया गया। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कार्बाइन, एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। बिहार पुलिस मुख्यालय तथा औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल द्वारा जारी आधिकारिक बयान में बताया गया है कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। सूचना थी कि पुकार भुइयाँ मदनपुर इलाके में सक्रिय है और किसी बड़ी नक्सली घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सतर्कता बरतते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर-दबोचा। गिरफ्तार नक्सली की पहचान गया जिले के आमस थाना क्षेत्र स्थित शिव टहल बीघा गांव निवासी के रूप में हुई है। उस पर औरंगाबाद एवं गया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पांच संगीन नक्सली कांड दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इसी वर्ष 5 मई को मदनपुर के जंगली इलाके में पुलिस दल पर जानलेवा हमला करने, जनवरी में निर्माण कार्य में लगी एक कंपनी के कैंप पर हमला कर जेसीबी मशीन जलाने और गिधवा नाले के पास पोकलेन मशीन को आग के हवाले करने जैसे गंभीर मामलों में वह वांछित था। पुकार भुइयां लंबे समय से इलाके में नक्सली वारदातों को अंजाम देता रहा है और विभिन्न निर्माण कंपनियों से लेवी की वसूली करता रहा है। उसकी गिरफ्तारी से पुलिस को उम्मीद है कि इलाके में नक्सली नेटवर्क को कमजोर करने में बड़ी मदद मिलेगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुकार भुइंयां से पूछताछ के दौरान अन्य सहयोगियों और संभावित ठिकानों की भी जानकारी मिल रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाल करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# मौत का कुआं बन चुका है एनएच 139 : डॉ सुरेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कुटुम्बा प्रखंड के संडा निवासी स्वर्गीय राम लगन वर्मा के सुपुत्र वीरेंद्र कुमार मेहता के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मॉर्निंग वाक के दौरान अपने गांव के समीप ही एनएच 139 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आन से इनकी मौत हुई है। पूर्व मंत्री ने कहा कि इस सड़क पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से यह साबित हो गया है कि एनएच 139 एक तरह से मौत का कुआं बन चुका है। हर रोज सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोगों की जान जा रही हैं लेकिन बिहार सरकार और जिला प्रशासन को कोई ठोस पहल करने की जरूरत महसूस नहीं हो रही है। अभी दो महीना पहले ही राम लगन वर्मा का भी असमय निधन हो चुका था, उस पीड़ा से परिवार अभी उबर भी नहीं पाया था और पुनः दुखों का पहाड़ परिवार के उपर टूट पड़ा। पूर्व मंत्री ने कहा कि मेरा इस परिवार से बहुत गहरा रिश्ता रहा है। मेरे हर सुख-दुःख में पूरा परिवार साथ रहा है। यह घटना परिवार और मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवारजनों को इस कठिन घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

# डीएम ने नवनिर्मित पईन व चेक डैम का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** लघु सिंचाई विभाग की महत्त्वाकांक्षी योजना 'हर खेत को सिंचाई का पानी' के अंतर्गत देव प्रखंड के बसरी पईन और चेक डैम का निरीक्षण जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा किया गया। यह योजना 2.86 करोड़ रूपये की लागत से पूर्ण की जा चुकी है। यह योजना क्षेत्र के कृषकों के हित में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इसके माध्यम से ढिबरा, तेतराइन, बसरी, डोमन बिगहा, पचोखर एवं बसर सहित अन्य गांवों के कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है जिससे उनकी कृषि उत्पादकता में अभिवृद्धि सुनिश्चित होगी। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा उनके निराकरण हेतु यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक कृषक तक योजनाओं का लाभ समय पर एवं पारदर्शिता के साथ पहुंचे। इसके उपरांत मध्य विद्यालय, ढिबरा का निरीक्षण किया गया जहां विद्यालय संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता, उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन योजना तथा आधारभूत संरचना की समीक्षा की गई। उन्होंने शिक्षा विभाग को विद्यालय में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के अवसर पर कार्यपालक अभियंता लघु सुक्ष्म प्रमंडल औरंगाबाद, अशोक कुमार, सहायक अभियंता सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# हथकरघा क्षेत्र के पुनरुत्थान को लेकर सहकारिता विभाग प्रतिबद्ध : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के सभी बुनकरों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हथकरघा क्षेत्र को राज्य में आत्मनिर्भरता और आर्थिक विकास का प्रमुख आधार बनाने के लिए सरकार सतत प्रयासरत है। सहकारिता विभाग द्वारा इस क्षेत्र को मज़बूती देने के लिए संरचना, बाज़ार तक पहुंच, प्रशिक्षण और तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यदि बुनकरों की मेहनत और हुनर को सही दिशा, संसाधन और बाज़ार मिले, तो यह क्षेत्र लाखों परिवारों के लिए आजीविका और गरिमामय जीवन का माध्यम बन सकता है। सहकारिता विभाग इस दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। बिहार में लगभग 3.66 लाख बुनकर हैं जो 77 हजार करघों का संचालन करते हैं। राज्य के लगभग हर जिले में हथकरघा गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं, जिनमें भागलपुर, मधुबनी, सिवान, नालंदा और सीतामढ़ी प्रमुख केंद्र हैं। भागलपुरी रेशमी वस्त्र, तसर की साड़ियाँ, मधुबनी की धोती और पारंपरिक चादरें राज्य की पहचान बन चुकी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री एकीकृत बुनकर विकास योजना, बुनकर मुद्रा योजना, विपणन सहायता योजना, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और सतरंगी चादर योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बुनकरों को सीधा लाभ पहुँचाया जा रहा है। सतरंगी चादर योजना के अंतर्गत राज्य के अस्पतालों और विश्रामगृहों में स्थानीय हथकरघा उत्पादों का उपयोग बढ़ाया गया है, जिससे बुनकरों को अब तक 24.87 करोड़ की आमदनी हुई है। राज्य में इस समय 406 प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियां पंजीकृत हैं जबकि 159 समितियां सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। इनके समन्वय और विस्तार के लिए नालंदा, सिवान, मधुबनी और भागलपुर में चार क्षेत्रीय संघ भी कार्यरत हैं। शीर्ष इकाई के रूप में बिहार राज्य हथकरघा बुनकर सहकारी संघ लिमिटेड (बिशकोटेक्स) कार्य कर रही है। डॉ. कुमार ने बताया कि सहकारिता विभाग अब बुनकर समितियों को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात संघ (एनसीईएल) से जोड़कर अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में भी पहुंच दिलाने की योजना पर काम कर रहा है। सरकार द्वारा हथकरघा केंद्र ल्लबिहार हथकरघा हबङ्क की स्थापना के प्रयास भी किए जा रहे हैं, जिससे प्रचार, प्रशिक्षण और निर्यात की सुविधाएँ एक जगह मिल सकें। हाल ही में राज्य सरकार ने 2025 के अनुपूरक बजट में 10 करोड़ की राशि आवंटित की है, जिसका उपयोग बुनकरों के लिए ऋण सुविधा, ब्याज सहायता, कच्चे माल की आपूर्ति और आधुनिक करघों के वितरण में किया जाएगा। सहकारिता मंत्री ने अपील की कि राज्य के बुनकर विभागीय योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें और बिहार को एक बार फिर हथकरघा उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनाएं।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देव-अंबा मुख्य पथ पर अंबा थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित मैजिक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में नवीनगर प्रखंड के दरमी खुर्द गांव निवासी बिरजू विश्वकर्मा के पुत्र गुलशन कुमार उर्फ चुन्नू एवं रामजन्म प्रजापति के पुत्र सूरज कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायलों ने बताया कि दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव से देव सूर्य मंदिर दर्शन करने गए हुए थे। वहां से दोनों वापस अपने घर लौट रहे थे तभी अंबा थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित मैजिक की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें दोनों घायल हो गए। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 के पुलिसकर्मियों को दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और दोनों घायलों को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर दोनों घायलों के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। वहीं देव थाना क्षेत्र के पांती गांव के समीप सड़क पर चलती बाइक के सामने अचानक गाय आ जाने से बाइक सवार घायल हो गया। घायल बाइक सवार की पहचान थाना क्षेत्र के ही बनुआ गांव निवासी विवेक कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल विवेक के परिजनों ने बताया कि विवेक अपने घर से बाइक पर सवार होकर किसी काम से देव प्रखंड कार्यालय गया था। वापस घर लौटने के दौरान गाय को बचाने के क्रम में विवेक का बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# कुशल युवा केंद्र में सावन महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दाउदनगर(औरंगाबाद)।** दर्शन इंस्टिट्यूट कुशल युवा केंद्र दाऊदनगर में भव्य सावन महोत्सव एवं कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिनमें सावन क्वीन प्रतियोगिता, सावन गीत प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। प्रतिभागियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बाँध दिया और सावन की मस्ती में सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। सावन क्वीन में सभी ने अपनी कौशल का परिचय देते हुए रैम्प पर खुद को प्रस्तुत किया जो काफी आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि बीडीओ मो जफर इमाम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों को भी सहेजने का कार्य करते हैं। उन्होंने प्रमाण पत्र प्राप्त कर रहे युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। संस्था के निदेशक रौशन सिंह ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम केवल एक तकनीकी प्रशिक्षण नहीं है बल्कि यह युवाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। जिला कौशल प्रबंधक राकेश कुमार ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम युवाओं को डिजिटल, संचार एवं व्यवहारिक कौशल से सशक्त बनाकर उनके भविष्य को नई दिशा दे रहा है। ऐसे आयोजनों से प्रशिक्षणार्थियों में आत्मविश्वास का संचार होता है और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच भी मिलता है। संस्था के सहयोगी आलोक टण्डन एवं सतीश पाठक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। मंच का संचालन संस्था के उमा कुमार ने किया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित प्रिया कुमारी, जितेंद्र कुमार, धीरज कुमार, कुंदन कुमार, अन्नू कुमारी ने किया। समापन पुरस्कार वितरण एवं आभार ज्ञापन के साथ किया गया।